आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:28 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 जून 2025
वर्ष 3, अंक 298, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर 12

स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान 14

**हर-हर महादेव...**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा कर वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की, गुफा में मौजूद बाबा बर्फानी के 3 जुलाई से लोग दर्शन कर सकेंगे। (**खबर पेज-12**) ● एजेंसी

# ये पड़ोसियों में संघर्ष नहीं, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

- **भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर**
- **बोले-आतंकवाद सिर्फ दो देशों का मुद्दा नहीं, इससे पश्चिम भी परेशान होगा**

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा।

जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।



यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस के साथ विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा कि मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था? वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद के बारे में है, और यही आतंकवाद अंततः आपको (पश्चिमी देशों) परेशान करेगा। जब उनसे पूछा गया कि रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में भारत शामिल क्यों नहीं हुआ, तो जयशंकर ने कहा कि मतभेदों को युद्ध के जरिए नहीं सुलझाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम नहीं मानते कि मतभेदों को युद्ध के जरिए सुलझाया जा सकता है, हम नहीं मानते कि युद्ध के मैदान से कोई समाधान निकलेगा।

### पश्चिमी देश करें विचार

जयशंकर ने कहा कि भारत की सबसे पुरानी शिकायत है कि स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया गया, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजा। और कौन से देश इसका सबसे अधिक समर्थन करते थे? पश्चिमी देश। कहा कि यदि वही देश - जो उस समय टालमटोल कर रहे थे या चुप थे - अब कहते हैं कि आइए अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के बारे में सार्थक चर्चा करें, तो मुझे लगता है कि उनसे अपने अतीत पर विचार करने के लिए कहना उचित है।

# भीषण गर्मी में गहराया बिजली संकट


## स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए ठप हो रही बिजली की आपूर्ति | ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे बिजली अभियंता-कर्मचारी

- **प्रदेश में बिजली की मांग बढ़कर पहुंची 31,218 मेगावाट पर**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप हो रही है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद समय पर बिजली व्यवधान दूर नहीं किए जा रहे हैं। हाल यह है कि ऊर्जा निगमों की उपभोक्ता शिकायत सेवा 1912 भी कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रदेश में आज अधिकतम बिजली मांग 31,218 मेगावाट दर्ज की गई। भीषण गर्मी में राजधानी समेत प्रदेश भर में लोग परेशान रहे।

बुधवार को भीषण गर्मी का कहर जारी रहा। आगरा में सबसे ज्यादा तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगातार बढ़ी रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली आयात की जा रही है। मांग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, पर सिस्टम पर ज्यादा लोड पड़ने के कारण बिजली लाइनों में खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। तकनीकी खराबियों के कारण बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद दोबारा बहाल करने में घंटो लग रहे हैं। रात में राजधानी समेत प्रदेश के खासे इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों को प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने व खराबियों को समय पर दूर करने के निर्देश दिये, साथ ही, 1912 उपभोक्ता सेवा पर शिकायतें प्राथमिकता से दर्ज करने व इसका निस्तारण के निर्देश दिये, इसके बाद भी शिकायतें समय पर निस्तारित नहीं की जा रही हैं। 1912 उपभोक्ता सेवा पर लगातार व्यस्त टोन सुनाई पड़ रही है।



### ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल

राजधानी समेत पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। केबिल फाल्ट समेत अन्य खराबियों के कारण बिजली घंटों के लिए ठप हो रही है। लखनऊ में नादरगंज क्षेत्र में बीते दिन अपरान्ह चार बजे गुल हुई बिजली बुधवार की सुबह सवा सात बजे चालू हो सकी। इसी तरह, बंथरा इलाके में तकनीकी खराबी से 13 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही है। इसी तरह, सरोजनीनगर समेत आस-पास के इलाके बिजली संकट की चपेट में बने रहे। यही हाल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा।

### बरेली में भीषण कटौती

**बरेली।** बरेली में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है। शहर के कई क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे तक कटौती से हाहाकार मचा है। शहर के जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में मंगलवार की रात 10 बजे तारों में आग लगने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार को दिन में 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर में खराबी से मंगलवार को पूरी रात संकट रहा। पवन विहार, कृष्णानगर फेस टू कॉलोनी, ग्रीन पार्क आदि जगह पर भी आधी रात से संकट रहा। काबेरी कॉलोनी में तीन दिन में मुश्किल से 30 घंटे बिजली मिली।

### लू की चपेट में आकर चार की मृत्यु

**लखनऊ।** प्रदेश में 45 .4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा, जबकि 25 जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इस बीच लू की चपेट में आकर बांदा में दो जबकि अलीगढ़ और हाथरस में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वहीं, झांसी में दिन में उमस भरी गर्मी के बाद कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई।

### 20-28 डिग्री के बीच रहेगा एसी का तापमान

**नई दिल्ली।** देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए एयर कंडीशनर (एसी) के डिफॉल्ट तापमान को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) रूपरेखा तैयार कर रहा है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला बीईई ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं, उपकरणों व प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। एक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर चर्चा जारी है, लेकिन तापमान की सटीक निर्धारित सीमा या समय-सीमा पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

# संतों ने दिखाई वो राह, जो कैराना कांधला जैसी घटना नहीं होने देती

## मुजफ्फरनगर में संत समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मुजफ्फरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में एक संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था। यहां योगी ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। पहली बार बाबा साहेब के नाम पर पीएम मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण किया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया। 26 नवंबर 1949 से 2015 तक किसी सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने 26 नवंबर को बाबा साहेब की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का कार्य किया।



श्रीसतगुरु समनदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### श्रद्धालुओं को मुहैया कराएंगे सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने 65वीं पुण्यतिथि पर स्वामी भिक्षुकदास महाराज व समनदास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि अगली बार समनदास आश्रम के सामने सतगुरु रविदास व संत समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग, सुंदरीकरण और सत्संग सभागार की स्थापना करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

# अब आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

- **1 जुलाई से आईआरसीटीसी एप वेबसाइट से बुकिंग में बदलाव**
- **15 जुलाई से आधार-आधारित ओटीपी भी अनिवार्य**

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो।

मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट/इसके एप से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि तत्काल टिकट यात्री आरक्षण प्रणाली/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

### दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

## 15 से बंद हो जाएंगे दुधवा और पीटीआर

**पीलीभीत/लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क 15 जून से सैलानियों के लिए बंद हो जाएंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन को आदेश भी प्राप्त हो गया है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक चला था।

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बंद होने में तीन दिन बचे हैं। अंतिम दिनों में सैलानियों की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के आगे सफारी वाहन भी कम पड़ते नजर आ रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा।

# बीएसएफ जवानों को दी जर्जर ट्रेन, 4 रेल अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अमरनाथ यात्रा सुरक्षा प्रदान करने के लिए ड्यूटी पर जा रहे थे 1200 जवान**

कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।

रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां लोगों ने ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी।

बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी और इसकी खराब और जर्जर स्थिति देखी तो जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

- **फाल्कन-9 रॉकेट में लीकेज के कारण लिया गया निर्णय**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को बताया कि प्रक्षेपण से पहले लॉन्च पैड पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। इस दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि इसरो, एक्सिओम और स्पेसएक्स विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर रिसाव ठीक करने और फिर उसके अतिरिक्त सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

# पार्टी से निकाले गए भाजपा के गोंडा जिलाध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अश्लील वीडियो मामले में की गई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** भाजपा ने गोंडा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बीते दिनों अमर किशोर कश्यप का एक महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसका संज्ञान लेते हुए प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने 25 मई को उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया था।

संतोषजनक उत्तर न मिलने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के निर्देश पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। भाजपा की ओर से अश्लीलता व आपत्तिजनक वीडियो के प्रकरण में 25 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

प्रदेश महामंत्री की तरफ से बुधवार को जारी आदेश में लिखा है कि, आप द्वारा भेजा गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आपको तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। गोंडा के जिलाध्यक्ष का सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ था उसमें वह जिला कार्यालय में महिला कार्यकर्ता के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दे रहे थे।

## साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2.8 करोड़ क्रिप्टोकरेंसी बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को सरकारी अधिकारी और तकनीकी सहायता करने वाले कर्मचारी के रूप में खुद को पेश करके अमेरिका और कनाडा में भोलेभाले लोगों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह के खिलाफ कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को तीन स्थानों पर की गई तलाशी के दौरान आरोपी राहुल अरोड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी और 22 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है।

# परिवार ने सोनम से सारे रिश्ते तोड़े, भाई बोला फांसी मिले

## इंदौर में राजा रघुवंशी के घर पहुंचे गोविंद, कहा-मैं सच के साथ हूं

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा। कहा कि मैं सच के साथ हूं। राजा रघुवंशी के परिवार ने एक बेटा खोया है। मैंने परिवार से माफी मांग ली है।



राजा रघुवंशी की मां को ढांढस बंधाते गोविंद।

### सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंधों को नकारा

बहरहाल, सोनम और मामले के एक अन्य प्रमुख आरोपी राज कुशवाह के प्रेम संबंधों को उन्होंने नकार दिया। गोविंद ने कहा कि राज, सोनम को हमेशा दीदी बोलता था। सोनम ने मेरे घर में मुझे और राज को एक साथ बिठाकर राखी बांधी है। उन्होंने कहा, राज हमारा कर्मचारी मात्र था। वह हमारे दफ्तर में दो-तीन साल से काम कर रहा था। वह दफ्तर का प्रबंधन और ग्राहक संभालता था।

### सोनम व उसके साथियों को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी और उसके चार अन्य साथियों को शिलांग की एक अदालत ने बुधवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।

अमृत विचार www.amritvichar.com

# ज्येष्ठ पूर्णिमा : मां सरयू का दुग्धाभिषेक कर उतारी महाआरती

## सरयू तट पर सजी भव्य झांकी, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अयोध्या कार्यालय



सरयू जयंती पर आरती उतारते साधु-संत।



अंजनी सेवा संस्थान के द्वारा सजाई गई मां सरयू की झांकी।

**अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मां सरयू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां सरयू की पवित्र धारा में स्नान कर उनकी आरती उतारी व राम मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया। देर शाम सरयू तट पर लगभग एक दर्जन स्थान पर भव्य झांकी का भी आयोजन किया गया, जिसमें साधु-संतों और सरयू पुरोहित समाज द्वारा मां सरयू का दुग्धाभिषेक किया व शाम को महाआरती उतारी।

धार्मिक मान्यता है कि मां सरयू का अवतरण इसी दिन हुआ था। माना जाता है कि महाराजा रघु की प्रार्थना पर महर्षि वशिष्ठ ने तपस्या करके ब्रह्मदेव को प्रसन्न कर मां सरयू को पृथ्वी पर अवतरित कराने का वरदान प्राप्त किया था। वहीं शास्त्रों में वर्णित है कि जब ब्रम्हदेव सृष्टि की रचना कर रहे थे तो उससे पहले ही ब्रह्मदेव ने भगवान विष्णु की तपस्या की थी और भगवान विष्णु ने ब्रह्मदेव को दर्शन दिया था। दर्शन के बाद ब्रह्मदेव की तपस्या को देख भगवान विष्णु इतना खुश हो गए थे कि उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े थे। तभी ब्रह्मा जी ने आंसुओं को अपने हाथों से रोक उसे मानसरोवर पर स्थापित किया था। इसीलिए सरयू को नेत्रजा भी कहा जाता है।

सरयू तीर्थ पुरोहित ओमप्रकाश पांडे ने बताया कि वर्ष की सबसे बड़ी पूर्णिमा ज्येष्ठ पूर्णिमा मानी जाती है। आज ही के दिन गुरु वशिष्ठ 11000 वर्ष तक तपस्या के बाद माता सरयू अयोध्या आई थी। जिसमें सभी तीर्थ का वास है। यह साक्षात मोक्षदायनी है जिसका स्नान करने और दर्शन मात्र से ही बहुत से फल प्राप्त होते है। झारखंड से आए रत्नेश ने कहा कि आज के दिन मां सरयू का स्नान कर राम मंदिर में दर्शन पूजन किया है। यह बड़ा ही सुखद सहयोग है कि आज पूर्णिमा का दिन मां सरयू जयंती भी है। घाट पर बहुत ही सुंदर दृश्य है।



सजा राजाराम का दरबार।

### श्रीरामलला और राजाराम को लगा 56 व्यंजनों का भोग



लगा छप्पन भोग

**अयोध्या, अमृत विचार :** ज्येष्ठ पूर्णिमा और सरयू जयंती के मौके पर राम मंदिर में विराजमान प्रभु श्री रामलला और राजाराम के गर्भगृह में भी भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सुबह सरयू के पवित्र जल से भगवान का अभिषेक पूजन किया गया, तो वहीं दोपहर 12 बजे 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया गया। यहां दिन भर दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

### कौशलपुरी वार्ड में कल भ्रमण कर महापौर जानेंगे जनसमस्याएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ कौशलपुरी वार्ड का भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्कों, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस दौरान जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान भी कराएंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 13 जून को महापौर वार्ड में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। जन समस्याओं के निराकरण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्ष को आवश्यक टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। सुबह सात बजे शिवनगर कालोनी स्थित जगत हॉस्पिटल के पास से होने वाले भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें मौजूद रहेंगी।

### जिले की 44 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की होगी भर्ती


**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले की 44 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की भर्ती की जाएगी। इनमें तीन ग्राम पंचायतों के पद पहले से रिक्त थे। 41 पंचायत सहायकों के इस्तीफे से यह खाली हुई है। भर्ती प्रक्रिया 18 से 20 जून के बीच ग्राम पंचायत में मुनादी से शुरू होगी। आवेदन पत्र मांगे जाएंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत से जिला पंचायत कार्यालय तक आवेदन पत्र 21 जून से पांच जुलाई के बीच जमा किए जा सकेंगे। श्रेष्ठता सूची 11 से 18 जुलाई के बीच बनेगी। डीएम की अध्यक्षता में बनी समिति से इसका परीक्षण 19 से 25 जुलाई के बीच होगी। 26 से 30 जुलाई के बीच ग्राम पंचायत से नियुक्ति पत्र जारी कर दिया जाएगा।

# 27 चिकित्सक व कर्मी उतारे मेडिकल कॉलेज में होगी जांच

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गया है। शहर के प्रमुख स्थलों पर एंटीजन टेस्ट के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान की ओर से टीम का गठन कर दिया गया है। अब आठ की जगह 9 टीम बना दी गई है। इसमें एक मोबाइल टीम की संख्या बढ़ाई गई है। टीम में 27 चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी लगाए गए हैं। साथ ही आरटीपीसीआर की जांच के लिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से पत्राचार किया गया है।

जिले में जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। सभी 14 सीएचसी समेत सरकारी अस्पतालों में जांच की सुविधा शुरू करा दी गई है। हालांकि इस दिशा में काम करते हुए महिला अस्पताल ने सबसे पहले जांच शुरू करा दी है। वहीं एंटीजन जांच के लिए किट भी सोमवार देर रात अयोध्या पहुंच गई। टीमों को रामजन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, अयोध्या धाम व कैंट रेलवे स्टेशन, दोनों बस अड्डों के एयरपोर्ट पर टीमें लगाई जाएंगी। दो मोबाइल टीमें भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर पहुंचकर जांच करेंगी। प्रत्येक टीम में एक चिकित्सक, एलटी व एलए को रखा गया है। एसीएमओ व डिप्टी सीएमओ को पर्यवेक्षण के लिए तैनात किया गया है। नोडल अफसर जिला सर्विलास अधिकारी मंजुला आनंद व कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव को सौंपी गई है। सर्दी, बुखार व महाराष्ट्र, केरल और दिल्ली से आने वालों की जांच की जाएगी।



▸▸ **जिले में पहुंची एंटीजन किट, भीड़ में दो मोबाइल टीमें करेंगी जांच**

# अब पति ने भी दम तोड़ा, गांव में पुलिस बल तैनात

अयोध्या कार्यालय

**मारपीट की धाराओं में दर्ज हुआ था केस, अब बढ़ाई जाएगी हत्या की धारा**



शव पहुंचने के बाद आक्रोशित परिवारीजनों को समझाते सीओ पियूष व कोतवाल लालचंद सरोज।

**अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत नुवावा वैदरा रतनपुर तेंदुआ गांव में शनिवार को भूमि विवाद में हुई मारपीट में घायल पत्नी की मौत के बाद पति की भी मौत हो गई। घरवालों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। पुलिस मामले में अब हत्या की धारा बढ़ाने की तैयारी में है।

नुवावा बैदरा गांव में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद चल रहा है। शनिवार शाम गांव निवासी राघव राम यादव (58) व उनकी पत्नी जयकला (55) खेत में धान की नर्सरी लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही जितेंद्र व सुरेश निषाद वहां पहुंचे और गाली-गलौज करना शुरू किया। जब दंपति ने विरोध किया, तो उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सोमवार की सुबह हालत खराब होने पर चिकित्सकों ने जयकला को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर भेजा दिया था। शाम को उनकी मौत हो गई थी। पति राघव राम यादव का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था, मंगलवार की देर शाम उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

बुधवार को शव जब घर पहुंचा तो परिवारीजन व ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा व दोनों शवों का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सीओ बीकापुर पीयूष कुमार, कोतवाल लालचंद सरोज ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें मनाया, जिसके बाद दोनों शवों का भरतकुंड पर अंतिम संस्कार किया गया।

कोतवाल ने बताया कि जितेंद्र और सुरेश पर अब हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। गांव में ऐहितयातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**बीकापुर कोतवाली के नुवावा वैदरा रतनपुर तेंदुआ गांव में हुआ था भूमि विवाद**

### 30 एयर जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

मृतक दंपति के बेटे महेश यादव ने बताया कि गांव के दीपक, जेठू व दीपू से उन्होंने 30 एयर जमीन दो वर्ष 11 माह का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया था। तीनों ने नौवें महीने में ही उक्त जमीन को को दान पत्र कर दिया था। दान पत्र लेने के बाद रामजग द्वारा जमीन को जितेंद्र निषाद को बैनामा कर दिया। महेश ने बताया कि जब उन्हें जानकारी हुई तो इसका मुकदमा दीवानी न्यायालय में दायर किया। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बगैर एग्रीमेंट समाप्त हुए ही बैनामा ले लिया गया है। जितेंद्र व सरेश उक्त जमीन पर जबरन कब्जा करना चाह रहे थे, विरोध करने पर मारपीट की, जिसमें उनके माता-पिता की मौत हो गई। बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पहले भी चौरे बाजार पुलिस चौकी में शिकायत की गई थी।

## सार-संक्षेप

### यातायात पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक यातायात एपी सिंह के निर्देश पर बुधवार को अयोध्या धाम व अयोध्या शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। अयोध्या धाम में रामपथ पर श्रीराम जन्मभूमि पथ के पास सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया, साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शाम को चौक, रिकाबगंज इलाके में पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से अवैध निर्माण व अतिक्रमण को ढहाया। एएसपी यातायात ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष को नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** मया बाजार मंडल के पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह को जिला अध्यक्ष की ओर से नोटिस थमाई गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने मया बाजार मंडल की बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी चंद्र भूषण पांडे के साथ अभद्र और मारपीट पर स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने नोटिस दिए जाने की बात कही है।

### डीजी शक्ति के तहत 59 छात्र-छात्राओं को मिले टैबलेट



अवध विश्वविद्यालय में टैबलेट के साथ विद्यार्थी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना डीजी शक्ति के तहत अध्ययनरत 59 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित किए गए। इसमें जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, बीवॉक टूरिज्म, बीवॉक फैशन डिजाइनिंग के छात्रों को डीजी शक्ति योजना के तहत दिया गया। डीजी शक्ति योजना के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि तकनीकी ज्ञान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। इसी योजना की तरफ से अध्यनरत छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट दिए जा रहे हैं।

### देवांश बने नगर अध्यक्ष, राघवेंद्र को मंत्री का दायित्व



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या पश्चिम जिले की कैंट नगर इकाई का सत्र 2025-26 का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी डॉ. प्रियेश ने नगर अध्यक्ष देवांश सिंह व मंत्री राघवेंद्र तिवारी के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ अविवि आईटी कैंपस के असिस्टेंट डॉ प्रियेश पांडेय, इतिहास संकलन के प्रदेश सचिव राजीव पाठक, महानगर मंत्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह व विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय ने किया। नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष व मंत्री ने विद्यार्थियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर उनके हित के लिए काम करने की बात कही। मुख्य वक्ता राजीव पाठक ने कहा की अभाविप के 75 वर्ष से यात्रा अनवरत चलती आ रही है। इकाई में नगर उपाध्यक्ष के रूप में शिक्षक कार्यकर्ताओं की घोषणा हुई, जिसमें दीपक उपाध्याय, डॉ. बद्री विशाल सिंह, सुप्रिया सिंह सह मंत्री सचिन कसौधन, ऋषभ राय, संचिता प्रजापति, वात्सल्य अग्रवाल, सोशल मीडिया संयोजक शिवांश सिंह व अंशिका प्रजापति, मीडिया संयोजक का दायित्व आदित्य सिंह को सौंपा गया।

### भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की तहसील में आयोजित मासिक पंचायत में सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार रुदौली विजय कुमार गुप्ता को सौंपा। तहसील अध्यक्ष रवि शंकर पांडेय ने बताया कि रुदौली तहसील में विगत कई महीनों से मासिक पंचायत ने दिए गए ज्ञापन में एक भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। भाकियू कार्यकर्ताओं की जनोपयोगी माग पर सरकारी अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। बताया कि वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडे, जिला सचिव भोला सिंह टाइगर के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

### तीसरे दिन 80 आपत्तियों पर हुई सुनवाई



आपत्तियों का निस्तारण करते मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार।

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम सीमा अंतर्गत कौशलपुरी जोन ऑफिस में गृह स्वामियों की आपत्तियों के निस्तारण के तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सिंगल विंडो में 80 आपत्तियों पर सुनवाई हुई। इसमें से 49 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि 46 लोगों ने अपना कर भी जमा करा दिया। उन्होंने बताया कि 10 मामलों में पुन: जांच के लिए लगाया गया है। एक का दस्तावेज अपूर्ण था। गुरुवार को शिवनगर वार्ड 9 के लोगों की आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा कौशलपुरी वार्ड के बचे हुए लोगों की आपत्तियों की भी सुनवाई की जाएगी। समय 11 से दो बजे तक ही रहेगा। कर अधीक्षक जय प्रकाश, टीसी प्रदीप वर्मा व आरआई अनिल यादव मौजूद रहे।

### विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए चल रहा ट्री कटिंग का कार्य

**तारुन, अयोध्या।** विद्युत विभाग ने आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए पेड़ और झाड़ झंखाड़ की साफ सफाई का अभियान छेड़ दिया है। विद्युत उपकेंद्र तारुन व केलालाल खान से संबंधित 33 हजार वोल्ट की वर्षों पुरानी बाबुरिंहा कौंधा स्थित बिजली घर से बनी लाइन पर झाड़ झंखाड़ तारों पर लपटे हुए थे। जिसके कारण आए दिन सप्लाई गुल हो जाती थी। बुधवार तारुन उपकेंद्र के सभी सात फीडर बेलगरा, बेनीगद्दोपुर, धौरहरा कुटी, टिकरी, रामपुरभगन, घूरी टीकर और केलालाल खां उपकेंद्र के हैदरगंज, तारुन, नंसा, खपराडीह, भीटी आदि फीडर पर सफाई अभियान शुरू हुआ। एसडीओ संदीप यादव का कहना है कि ट्री कटिंग का काम लगातार तीन-चार दिन जारी रहेगा।

# रघुभूमि से तपोभूमि की यात्रा श्रीराम के जयघोष के साथ रवाना

अयोध्या कार्यालय



तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मौजूद संत महंत व लोकदायित्व संस्थान के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** प्रभु श्रीराम की नगरी से रघुभूमि से तपोभूमि की तीन दिवसीय यात्रा जय श्रीराम के उद्घोष के साथ बक्सर के लिए रवाना हुई।

लोकदायित्व के तत्वावधान में बुधवार को मां सरयू के अवतरण दिवस पर यात्रा के संयोजक एवं प्रमुख पवन कुमार के नेतृत्व में तुलसी छावनी के महंत जनार्दन दास महाराज, स्वामी दिलीप दास महाराज, अध्यक्ष रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट व अवध विश्वविद्यालय के डॉ विजयेन्दु चतुर्वेदी ने लता चौक से ध्वज दिखाकर बक्सर के लिए 276 किलोमीटर की यात्रा को रवाना किया। इससे पहले प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण के स्वरूप का तिलक कर लोक दायित्व के पदाधिकारियों द्वारा मां सरयू के जल का आचमन किया एवं लोक मंगल की कामना की। इस यात्रा में समाज के लगभग सभी वर्गों के लोग शामिल रहे।

▸▸ **मां सरयू के जल आचमन के साथ लोक मंगल की कामना की**

लोक दायित्व के प्रमुख एवं यात्रा के संयोजक पवन कुमार ने बताया कि 13 स्थानों पर रामजी के रुकने, विश्राम करने, रात्रि शयन आदि के प्रमाण शास्त्रों में मिलते हैं। उन स्थलों में प्रथम दिवस पर अयोध्या, अम्बेडकनगर, आजमगढ, दूसरे दिन कारो धाम जिनमें आजमगढ, मऊ, बलिया तथा तीसरे दिन बक्सर पहुंच कर विश्राम लेगी। इस यात्रा में एक रथ सहित लगभग दो दर्जन गाड़ियां साथ चल रही है। स्थानीय लोगों द्वारा जगह जगह यात्रा में पुष्प वर्षा के साथ रामजी की आरती की जा रही है। यात्रा में संकीर्तन मंडली प्रभु श्रीराम के आगमन स्थलों पर हरिकीर्तन करती हुई चल रही है। दीनानाथ सिंह, अलंकार कौशिक, सीता राम प्रजापति, अरविंद सिंह, राणा सिंह, अविनाश शाही, अभिषेक पाण्डेय, गौरव रघुवंशी, अवधेष प्रताप, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अभ्यास आज, 200 से अधिक लोग लेंगे भाग

**अयोध्या, अमृत विचार:** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में राजभवन द्वारा निर्देशित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाने के लिए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास 12 जून प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक कौटिल्य प्रशासनिक भवन परिसर के सामने आयोजित किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों के साथ जन सामान्य लोग भी प्रतिभाग करेंगे। शारीरिक शिक्षा खेल एवं योग संस्थान के निदेशक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया ऊर्जा एवं एकाग्रता के विकास के लिए सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जाएगा। इसी के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल का भी पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

# जिले के तीन अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र के तीन अपराधियों की ए श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए हैं। इन सभी को दुराचारी घोषित किया गया है। अब इन तीनों के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जाएगी, साथ ही उनकी गतिविधियों को थाने के हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर पर अंकित किया जाएगा।

हिस्ट्रीशीट खुलने वाले अपराधियों में थाना कुमारगंज का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सूरज चौहान (36) निवासी कड़बड़ का पुरवा अकमा शामिल है। इसके खिलाफ लूट, डकैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में थाना कुमारगंज, थाना कैंट व कोतवाली नगर में एक-एक व थाना खंडासा में एक, कुल मिलाकर 10 मुकदमे दर्ज हैं। इसके खिलाफ थाना कैंट पुलिस ने वर्ष 2022 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। दूसरा हिस्ट्रीशीटर थाना पटरंगा के नगरा गांव का निवासी बाबर (31) है। इसके खिलाफ गोवध व पशु क्रूरता समेत अन्य गंभीर धाराओं में अयोध्या, देवरिया, गोंडा, कुशीनगर में सात मुकदमे दर्ज हैं। इसके खिलाफ बाराबंकी जिले की देवा थाना पुलिस ने वर्ष 2023 में गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की थी।

तीसरा हिस्टीशीटर थाना तारुन क्षेत्र के रामपुरभगन निवासी जुबेर खान (32) है। इसके खिलाफ थाना तारुन में सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 में इसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।

▸▸ **अपराधियों में थाना कुमारगंज का सूरज चौहान, थाना पटरंगा का बाबर व थाना तारुन का जुबेर खान शामिल**

**लिफाफा गैंग की एक और वारदात आई सामने**

# लखनऊ जा रहे व्यक्ति को कार में बैठा कर लूटे 6 हजार

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** अभी हाल ही में पकड़े गए दिल्ली समेत पश्चिमी यूपी में आतंक के पर्याय बने लिफाफा गिरोह की एक वारदात सामने आई है। पीड़ित सत्यबोध गौतम निवासी जिला हरदोई अयोध्या के मसौधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर काउंसलर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने अखबार में गिरफ्तार आरोपियों की फोटो देखकर उन्हें पहचाना, जिसके बाद थाना पूराकलंदर में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़ित की तहरीर के अनुसार वह 24 मई को घर जाने के लिए नाका बाईपास पर सवारी के इंतजार में खड़ा था। इस दौरान वहां लखनऊ के नंबर की एक कार आई और लखनऊ तक ले जाने की बात कही। इस पर वह कार में बैठ गए। आगे जाकर वह कार को रायबरेली रोड पर मोड़ दिया, जब पूछा तो बताया कि आगे पूर्वांचल एक्सप्रेस होकर लखनऊ चलेंगे। गाड़ी में वायरलेस सेट भी रख हुआ था। बताया कि यह पुलिस की गाड़ी है। कुछ दूर जाने पर कहा कि आगे चेकिंग हो रही है, वहां मेरी व आपकी भी चेकिंग हो सकती है। इसके बाद उन्होंने एक लिफाफा दिया व कहा कि आपके पास जो नकदी हो उसे इसमें रख दीजिए। इस पर मैंने छह हजार रुपये उसमें रख दिए। कुछ दूर बाद उसे लिफाफा वापस कर दिया। आगे जाकर उन्होंने कुरावां मोड़ के पास मुझे उतार दिया। उनके जाने के बाद जब मैंने लिफाफा खोलकर देखा तो उसमें नोट की जगह कागज भरे हुए थे। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**माइक्रोग्रीन्स की खेती** | **वर्षिणी की पहल से युवाओं को मिल रहा प्रेरणा स्रोत**

# कम जगह में पोषण व रोजगार का नया विकल्प

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य सजगता के बीच माइक्रोग्रीन्स की खेती एक सुलभ, लाभकारी और पर्यावरण-संवेदनशील विकल्प के रूप में उभर रही है। यह तकनीक न केवल कम स्थान में पौष्टिक आहार उत्पादन का माध्यम है, बल्कि स्वरोजगार के नए द्वार भी खोल रही है।



अमृत वर्षिणी

कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज की पीएचडी तृतीय वर्ष की छात्रा अमृत वर्षिणी के अनुसार, माइक्रोग्रीन्स पौधों की वह प्रारंभिक अवस्था होती है जब उनमें दो बीजपत्तियां और एक सच्ची पत्ती निकलती है। इस अवस्था में ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इन्हें सिर्फ 7 से 10 दिनों में काटा जा सकता है। वर्षिणी बताती हैं कि सरसों, मूली, पालक, धनिया, मेथी, ब्रोकोली, तुलसी, चुकंदर, अमरंथ, मटर और सूरजमुखी जैसे बीजों से माइक्रोग्रीन्स आसानी से उगाए जा सकते हैं। मिट्टी, कोकोपीट या ट्रे में हल्का पानी देकर इन्हें घर की छत, बालकनी या खिड़की में भी उगाया जा सकता है। खास बात यह है कि इनकी खेती के लिए रासायनिक खाद या कीटनाशकों की आवश्यकता नहीं होती, जिससे यह पूरी तरह प्राकृतिक और सुरक्षित होती है।



गमले में उगाई गई माइक्रोग्रीन्स।

### स्वास्थ्यवर्धक और लाभकारी व्यवसाय की ओर युवाओं का रुझान

माइक्रोग्रीन्स का सबसे बड़ा आकर्षण उनका पोषण मूल्य है। शोध बताते हैं कि इनमें परिपक्व पौधों की तुलना में 4 से 40 गुना तक अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन सी, ई, के, बीटा-कैरोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स शामिल हैं। ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों में भी लाभकारी सिद्ध होते हैं। स्वाद में ये कभी तीखे, कभी हल्के कड़वे या मीठे होते हैं, जिनका उपयोग सलाद, सूप, सैंडविच और हेल्दी स्नैक्स में बढ़ता जा रहा है। माइक्रोग्रीन्स की खेती में कम लागत और अधिक मुनाफा होने के कारण यह स्वरोजगार का एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है। महिलाएं, छात्र, गृहिणियाँ और बेरोजगार युवा इसे छोटे स्तर पर शुरू कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। इसके लिए किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती, केवल थोड़ी जानकारी और नियमित देखभाल ही पर्याप्त है। होटल, रेस्तरां, हेल्थ फूड स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है। एक ट्रे में उगाई गई फसल को स्थानीय बाजार में आसानी से बेचा जा सकता है। अमृत वर्षिणी जैसी युवाओं की पहल से यह उम्मीद बन रही है कि आने वाले समय में माइक्रोग्रीन्स की खेती ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए एक नया आजीविका का आधार बनेगी।

卐 पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं
स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना नहीं है।

41.0° अधिकतम तापमान | 29.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम

- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कौटिल्य प्रशासनिक भवन के समक्ष सुबह 07:00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना सुबह 10:00 बजे से।
- अवध विवि के परीक्षा भवन में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुबह 10:00 बजे से।

## एक नजर

### इग्नू की परीक्षा तैयारी पूरी, परीक्षाएं आज से

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय केंद्र पर इग्नू की 12 जून से आरंभ होने वाली सत्रांत परीक्षा की तैयारी की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र द्वारा वर्चुअल मीटिंग कर परीक्षा तैयारी की जानकारी ली गई। यह परीक्षा क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत आने वाले 32 जनपदों के 19 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को वैध परिचय पत्र व एडमिट कार्ड लाना अनिवार्य होगा। केंद्र कोऑर्डिनेटर प्रो. हिमांशु शेखर ने बताया कि परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र आईटी कैंपस एमबीए भवन पर पहुंचना होगा।



### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

मवई, अयोध्या : अमृत विचार। बाबा बाजार पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि आरोपी उदयराज लोधी निवासी लोधन पुरवा मजरे सैदपुर को ग्राम पारा पहाड़पुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कर्मचारियों ने तले पकौड़े, एसडीओ ई-रिक्शा से दौड़े

**पॉवर कॉर्पोरेशन के निविदा कर्मचारियों ने विरोध में तले पकौड़े, मुख्य अभियंता को भी किया भेंट, मिल्कीपुर एसडीओ की गाड़ी है सीज**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर में बुधवार को विरोध जताने की दो अजीबो-गरीब घटनाएं सामने आई हैं। दोनों ही पॉवर कार्पोरेशन की हैं। एक में निविदा कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान पकौड़े बनाकर बेचे तो दूसरी तरफ गाड़ी सीज होने के बाद एसडीओ ई-रिक्शा से इधर-उधर दौड़ते दिखाई पड़े। हालांकि अभी बिजली कटौती से परेशान जनता का प्रदर्शन नहीं दिखा है, लेकिन लोगों का मानना है कि अब सब्र का बांध टूट चुका है और बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## 10-10 रुपए में बेचे 200 पकौड़े, एसीई ने कूड़ेदान में फेंके

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर बीते 51 दिनों से धरना दे रहे निविदा संविदा कर्मियों ने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन करते हुए पकौड़े तले और बेचे। पहले दिन कर्मियों ने बाकायदा गैस चूल्हा रख परिसर में पकौड़े तले और 10-10 रुपये में करीब 200 पकौड़े बेचे। नोटिस जारी करने के एवज में मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया को भी पकौड़े भेंट किए लेकिन उन्होंने कर्मियों के सामने ही पकौड़े कूड़ेदान में फेक दिए। इसे लेकर कर्मियों ने कड़ा आक्रोश जताया।

विरोध सभा में यह निर्णय लिया की मुख्य अभियंता अपनी हठवादिता पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा है कि जो मैंने निविदा कर्मियों को निकाल दिया है। उनको रखने के लिए जब तक प्रबंध निदेशक ऊर्जा मध्यांचल का आदेश नहीं मिलेगा तब तक किसी को भी कार्य पर वापस नही रखूंगा। धरने पर सुशील मौर्य, प्रदीप यादव, विनय मौर्य, अंकित, रवि, उमेश चन्द, विवेक निक्कू पांडेय आफताब, धर्मेश, सत्येंद्र पांडेय सहित सैकड़ों बिजली कर्मी शामिल रहे।




कूड़ेदान में पकौड़े फेंकते मुख्य अभियंता। | मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर पकोड़े तलते निविदा संविदा कर्मचारी।

**उपभोक्ताओं के बीच जाएंगे**

सभा का नेतृत्व प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने व संचालन जय गोविंद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा की अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट को पत्र देकर अनुमति ले और उपभोक्ताओं के बीच जाकर बिजली की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन हैं इसकी जानकारी देंगे।

## नहीं मिला वाहन, क्षेत्र भ्रमण के लिए ई-रिक्शा किया हायर

अयोध्या कार्यालय

- मिल्कीपुर उपखंड अधिकारी का मामला
- आरटीओ दफ्तर की बिजली काटने पर सीज हुई थी बोलेरो

**अमृत विचार :** बीते दिनों आरटीओ कार्यालय की बिजली काटने पर सीज हुई मिल्कीपुर उप खंड अधिकारी अमित कुमार सिंह अब ई-रिक्शे पर आ गए हैं। वह क्षेत्र भ्रमण के लिए ई-रिक्शा हायर कर दौड़ लगा रहे हैं। एसडीओ के इस कदम को लेकर इलाके में ही नहीं पावर कार्पोरेशन में भी चर्चा है। बताया जाता है कि दूसरी गाड़ी हायर करने के लिए लिए अतिरिक्त बजट अनुमोदित नहीं किया गया है।

इतना ही नहीं बोलेरो के सीज होने का असर बिजली बिल वसूली पर भी पड़ा है। मई में विभाग ने 45 लाख रुपये की बकाया राशि वसूल की थी, लेकिन जून में अब तक केवल 15 लाख रुपये की वसूली हो पाई है। वाहन की कमी के कारण बिल वसूली कैंपों तक पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं। बता दें कि 29 मई को जब बोलेरो गाड़ी का चालक जिला मुख्यालय स्थित स्टोर से सामान लेने जा रहा था, तब एआरटीओ ने गाड़ी की जांच की और कागजात पूरे न होने के कारण उसे सीज कर लिया।



ई-रिक्शा से भ्रमण करते मिल्कीपुर एसडीओ अमित कुमार सिंह।

**वाहन के कागज उपलब्ध नहीं**

अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि ठेकेदार को दूसरा वाहन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था, लेकिन अभी तक कोई वैकल्पिक वाहन नहीं मिला है। कागज न उपलब्ध कराने से अभी तक आरटीओ द्वारा गाड़ी रिलीज नहीं की गई है।

# तिलोदकी पर नए सिरे से तेज होगा पुनरुद्धार का काम

**साफ और निर्मल होगी पौराणिक तिलोदकी गंगा : जिलाधिकारी** | **संगम से उद्गम और समदा तक चल रहा काम : सीडीओ**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट अयोध्या की गंगा तिलोदकी के पुनरुद्धार का काम तेज होगा। बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने सीडीओ केके सिंह के साथ तिलोदकी गंगा के लगभग सात किमी बहाव के रास्ते का स्थलीय निरीक्षण किया। नदी को मॉडल के रूप में विकसित करने का संकेत दिया। डीएम ने कहा कि पौराणिक तिलोदकी साफ और निर्मल होगी। सीडीओ ने कहा कि काम चल रहा है, इसे और तेज किया जाएगा।

चिलचिलाती धूप में डीएम प्रशासनिक अमले के साथ तिलोदकी और तमसा के संगम स्थल सोहावल ब्लाक क्षेत्र के गौरा ब्रह्मनान सबसे पहले पहुंचे। वहां नदी की सफाई का काम चल रहा था। उन्होंने सफाई के साथ जहां जरूरत इसे और गहरी किए जाने का निर्देश दिया। यहां से वह तिलोदकी के उद्गम स्थल सोहावल के पंडितपुर गांव पहुंचे। तिलोदकी रामायणकालीन ऋषि रमणक की तपस्या से यहां स्थित एक तालाब से निकली है। उन्होंने उद्गम स्थल के तालाब को देखा। साथ ही एडवर्ड तीर्थ विवेचनी सभा से रमणक स्थान पर लगाए गए 136 नंबर के प्रस्तर शिलालेख, मंदिर, मैदान के साथ आसपास के वातावरण का अनुभव किया। यहां तिलोदकी का स्वरूप नदी जैसा दिखा। यहां चल रहे सफाई और खोदाई के काम पर प्रसन्नता जताई, बेहतर बताया। सीमांकन के जरिए नदी की सुरक्षा पर गौर किया।

उन्होंने पंडितपुर गांव के बगल से बह रही नदी के किनारों की सफाई का निर्देश प्रधान के साथ अन्य को दिया। जिससे नदी में गंदगी न रहे। आरआरसी के बारे में जानकारी ली। नदी के किनारों को आकर्षक बनाने को लेकर भी जानकारी ली। गांव से तिलोदकी के ऊपर से आवागमन को लेकर जानकारी ली। बगल से जा रहे धारमलपुर माइनर से समदा पक्षी विहार में पानी जाने की नई व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। जिससे हर समय समदा में पानी रहे। यहां से बगल में स्थित समदा पक्षी विहार पहुंचे। यहां तिलोदकी से पक्षी विहार में आने वाले पानी के मार्ग को देखा। इसे अपर्याप्त बताया। समदा पक्षी विहार को आकर्षक बताया। यहां कुछ पर्यटन विकास की आवश्यकता बताई। ऋषि की तपस्थली से समदा पक्षी विहार को जाने वाले अधूरे मार्ग के निर्माण पर विचार की बात कही। जिलाधिकारी ने बारिश के पहले 15 दिन में गौरा से समदा पक्षी विहार तक का काम पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके बाद इसके आगे काम कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने विकास विभाग के लोगों से पूरी नदी पर काम चलने के बारे में जानकारी ली। सफाई और खोदाई का काम कराने का निर्देश दिया। एसडीएम सोहावल अभिषेक सिंह, बीडीओ अनुपम, प्रधान पति रघुवंश पांडेय, अन्य प्रधानों के साथ प्रशासन और विकास विभाग के अफसरों के साथ गांव के लोग मौजूद थे।



तिलोदकी के उद्गम स्थल पंडितपुर गांव में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व अन्य।



तिलोदकी के उद्गम स्थल पंडितपुर गांव में ऋषि रमणक की तपस्थली पर लगे प्रस्तर शिलालेख को देखते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व सीडीओ केके सिंह।

**अमृत विचार लाइव**

- डीएम ने अफसरों के साथ किया तिलोदकी के मार्ग का स्थलीय निरीक्षण

### गांव के लोगों से ली इतिहास की जानकारी

डीएम ने पंडितपुर गांव में ऋषि रमणक की तपस्थली पर गांव के लोगों से इसके इतिहास के बारे में जानकारी ली। गांव के लोगों ने बताया कि यह पौराणिक नदी है। पहले इसमें हर समय पानी रहता था। गंदगी नही थी। घरेलू कार्यों में भी इसी के पानी का उपयोग करते थे लेकिन प्रदूषित होने के कारण अब इसका उपयोग नहीं कर पाते।

### ड्रोन से कराएं फोटोग्राफी

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने अधिकारियों से कहा कि कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। साथ ही कार्य की फोटाग्राफी/वीडियोग्राफी ड्रोन से कराना सुनिश्चित करें।

### नदी की स्वच्छता के लिए गांव के लोगों को किया जाएगा जागरूक

नदी को स्वच्छ बनाने के लिए गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा। डीएम फुंडे ने इसको लेकर गांव के लोगों से भी चर्चा की। कहा कि स्वच्छता के लिए वह टीम लगाएंगे। जिससे लोग इस पौराणिक नदी में कूड़ा कचरा न डाले। साथ ही अतिक्रमण न करे। इसको लेकर भी चर्चा की। नदी के सीमाकन से इसे सुरक्षित करने पर विचार किया।

### एसडीएम को दिया अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश

डीएम ने मौके पर मौजूद एसडीएम सोहावल अभिषेक कुमार सिंह और बीडीओ अनुपम को नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। कहा कि जहां भी अतिक्रमण की स्थिति हैं। उसे मुक्त कराएं। किसी बाधा पर उन्हें बताएं।

## यलो जोन में 15 घंटे से अधिक बाधित रही बिजली आपूर्ति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम नगरी अयोध्या इन दोनों विद्युत विभाग की लचर कार्यप्रणाली से कराह रही है। जनपद के अन्य हिस्सों और शहरी ग्रामीण इलाकों का हाल तो पहले से बेहाल था, लेकिन बढ़ती गर्मी के बीच विश्व प्रसिद्ध राम मंदिर के चतुर्दिक 2 किलोमीटर के येलो जोन क्षेत्र में जर्जर विद्युत आपूर्ति से जनता त्राहि त्राहि कर रही है। बड़ी बात यह है कि पूरा इलाका अंधेरे में डूबे रहने के कारण मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी खतरा पैदा हो रहा है। इस इलाके में करीब 15 घंटे आपूर्ति ठप रही। बहुत मुश्किल के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हुई।

आलम यह है कि भीषण गर्मी के बीच 24 घंटे में अनवरत रूप से विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित होती रहती है। हद तो तब हो गई जब राम जन्मभूमि वीवीआईपी गेट नंबर 11 के सामने स्थित इलाके में 10 जून की रात लगभग 12 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई जो बुधवार दोपहर बाद जाकर 15 घंटे बाद सुचारू हुई। लंबे समय से पावर कट की समस्या के चलते घरों के इनवर्टर बंद हो गए और लाइट न होने के कारण पानी की सप्लाई भी नहीं हो पाई। भीषण गर्मी में स्थानीय नागरिक छोटे-छोटे बच्चों को लेकर बेहद परेशान रहे।

**टोल फ्री नंबर का उड़ रहा मजाक**

बेपटरी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर हैरान करने वाली बात यह है कि आम उपभोक्ता की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग ने टोल फ्री नंबर 1912 भी जारी किया है, लेकिन यह टोल फ्री नंबर सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रहा है।

> एबीसी केबल जलने से से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी जिसे बदलने में समय लगा। एबीसी केबल पूरी बदली गई है। इस कारण लोगों को परेशान होना पड़ा। अब आपूर्ति सुचारू हो गई है। - **नवनीत सिंह, एसडीओ अयोध्या**

# मरीज को ओटी में ले जाने के बाद बोले लाओ सात हजार

- मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के खिलाफ सीएम पोर्टल पर शिकायत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन थियेटर में मरीज को ले जाकर सात हजार रुपये मांगे जाने का आरोप लगा है। मरीज के भाई ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।

शिकायतकर्ता की ओर से भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जय प्रकाश पुत्र मिहीलाल ग्राम गुरौली थाना तारून का निवासी है। बहन अनीता के इलाज के लिए 27 मई को मण्डलीय जिला चिकित्सालय दर्शननगर ले गया। जांच पर पता चला कि बहन के गॉल ब्लेडर में पथरी है। आरोप है कि ऑपरेशन के लिए चिकित्सक द्वारा भर्ती कर लिया गया और जिसकी दो जांच बाहर से करवाकर ऑपरेशन के लिए टरकाते रहे। आरोप लगाया है कि उसकी बहन को ऑपरेशन रूम में ले जाकर दिन भर बैठाये रहे और कहे सात हजार रुपये की दवा बाहर से मंगानी पड़ेगी। मेरा आदमी साथ जायेगा। वहीं से दवा लेना और पांच हजार रुपये मुझे दे देना। प्रार्थी ने रूपया देने से इन्कार किया तब एक डॉक्टर आए और प्रार्थी को धमकाने लगे कि तुम नेता गीरी करते हो। अभी पुलिस को बुलाकर तुम्हें ठीक करवा देता हूं। आरोप है कि डॉक्टर ने आज तक बहन का ऑपरेशन नहीं किया। पीड़ित ने डॉक्टर के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा ने बताया कि मेरे पास शिकायत नहीं आई है। मामला संज्ञान में आपने लाया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी का यलो अलर्ट जारी, 13 से बूंदाबांदी के आसार



तेज धूप से बचने को सिर पर दुपट्टा रखकर जाती युवती।



चिलचिलाती धूप में रामलला के दर्शन करने जाते श्रद्धालु।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम दिन गर्मी चरम पर रही, इसको लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जिसमें लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हालांकि अब पश्चिमी हवाओं की जगह पूर्वी हवाओं ने ली है। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके चलते गुरुवार रात या शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छा सकते हैं व गरज चमक व तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। तेज धूप, भीषण उमस व गर्मी से अब सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बाजारों में सन्नाटा छाया रहा और लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जो गुरुवार रात या शुक्रवार सुबह तक मौसम में बदलाव ला सकता है। इसके प्रभाव से आसमान में बादल छा सकते हैं और गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और बूंदाबांदी की संभावना है।

### चिलचिलाती गर्मी में भी दर्शन को आतुर श्रद्धालु

**अयोध्या।** भीषण गर्मी के बाद भी रामनगरी में श्रद्धालु रामलला व बजरंग बली के दर्शन करने को आतुर दिख रहे हैं। गर्मी की छुट्टियों व द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अब फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ दिख रही है। सिद्धार्थनगर से आई महिला श्रद्धालु अंजली शर्मा ने कहा कि गर्मी तो बहुत है, लेकिन रामलला के दर्शन के आगे इसका असर नहीं नहीं लगता है। लखनऊ से आईं प्रिया तिवारी ने बताया कि गर्मी बहुत है, लेकिन प्रशासन के द्वारा किए गए इंतजाम पर्याप्त हैं। कई स्थानों पर पेयजल व छांव की व्यवस्था की गई है, कहा कि मार्ग को हवायुक्त बनाने के लिए पंखे भी लगवाएं।

## सार-संक्षेप

### हृदयरोगी को टेनेक्टेप्लेस दे किया रेफर

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह अचानक सीने में दर्द की शिकायत लेकर एक मरीज पहुंच गया। मौके पर मौजूद ईएमओ डॉ. आशुतोष सिंह ने तत्काल प्रभाव से फिजिशियन डॉ. अरुण प्रकाश को बुलवाया। ईसीजी में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्हें दुर्लभ टेनेक्टेप्लेस का इंजेक्शन लगाया गया। इसके बाद कोतवाली नगर के हैदरगंज निवासी रामनरेश तिवारी को राममनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया।

### डीएम ने किया मशरूम उत्पादन इकाई का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के साथ पूराबाजार ब्लॉक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं संचालित मशरूम उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया। डीएम ने वहां मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत करके मशरूम उत्पादन के विषय में जानकारी ली। महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि के लिए इस अभिनव प्रयास की सराहना की। कहा कि ग्रामीण अंचल की महिलाओं के और समूहों का गठन कर रोजगार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाया जाए। डीएम ने मशरूम उत्पादन इकाई के निरीक्षण के बाद पूरा बाजार के ब्लाक कार्यालय और सभागार का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि परिसर में आने वाली जनता के लिए बैठने व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करें। इस दौरान खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार सहित अन्य कार्मिक मौजूद थे।

### बारिश के बाद अयोध्या आएंगे रालोद के अध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** रालोद अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह से मुलाकात की व उन्हें अयोध्या आने का न्योता दिया। रामसिंह पटेल ने बताया कि उन्होंने बरसात बाद अयोध्या आने का न्योता स्वीकार किया है। बताया कि मुलाकात के दौरान उन्होंने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तेज करने के लिए कहा। साथ ही पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी बल दिया। इस दौरान अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा भी मौजूद रहे।

### 109 वाहनों का चालान, सात सीज, 25 के साइलेंसर बदलवाए



दो पहिया वाहन से मॉडिफाई साइलेंसर निकालता यातायात पुलिसकर्मी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** यातयात पुलिस द्वारा बुधवार को मोडिफाई साइलेंसर के खिलाफ चलाए गए अभियान में 109 वाहनों का चालान व सात वाहनों को सीज कर 10.90 लाख रुपये वसूले। साथ ही 25 वाहनों के मोडिफाई साइलेंसर को बदलवाया भी गया। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात एपी सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा जनपद में मोडिफाई साइलेंसर के विरुद्ध दो सप्ताह का विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें दो पहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बताया कि मोडिफाई साइलेंसर के प्रयोग करने से ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभाव के साथ श्रवण शक्ति क्षीण होने, हृदय रोग व रक्तचाप जैसी समस्याएं सामने आती हैं। बताया कि इसको लेकर आम जनमानस को जागरूक किया गया, साथ ही लोगों से यातायात नियमों को पालन करने की अपील की गई।

**मिशन-एडमिशन** | हर पाठ्यक्रम में 20 हजार से अधिक शुल्क, निजी महाविद्यालयों का कर रहे हैं रुख

# अवध विवि की बेतहाशा फीस वृद्धि, विद्यार्थी काट रहे कन्नी

अयोध्या कार्यालय




**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र में दाखिलों की रफ्तार धीमी हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन को तीसरी बार विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि जून से जुलाई करनी पड़ी है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण विभिन्न पाठ्यक्रमों में बेतहाशा फीस वृद्धि बताई जा रही है। यह हाल तब है जबसे कम आय वाले 30 पाठ्यक्रम पहले ही बंद किए जा चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि फीस के कारण इस बार छात्र आवासीय प्रवेश से कन्नी काट कर निजी महाविद्यालयों की ओर रुख कर रहे। हाल यह है कि अभी तक 25 से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए एक भी आवेदन नहीं आया है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय यूजी, पीजी और पीएचडी स्तर पर 100 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। यह पाठ्यक्रम विज्ञान, कानून, कला, वाणिज्य, इंजीनियरिंग और प्रबंधन जैसे विभिन्न विषयों में उपलब्ध हैं। यूजी स्तर पर बीएससी, बीटेक, बीए और बीकॉम जैसे लोकप्रिय पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जबकि पीजी स्तर पर, एमए, एमएससी, एमबीए और एलएलएम जैसे पाठ्यक्रम हैं। विश्वविद्यालय डिप्लोमा और पीएचडी स्तर पर अन्य पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है। कॉलेज नर्सिंग, बायोटेक्नोलॉजी, वित्त और नियंत्रण आदि जैसे विभिन्न विशेषज्ञता प्रदान करता है। यहां वार्षिक शुल्क पाठ्यक्रम के प्रकार और स्तर के आधार पर 6,900 रुपये से लेकर 11.7 लाख रुपये तक है। बीएससी 18 हजार रुपये से 4 लाख रुपये तक शुल्क लिया जाता है। एमए में सात से 51 हजार, बीए में 13 हजार से हजार 59 हजार रुपये, एमएससी 21 हजार से 3.3 लाख रुपए, विज्ञान में स्नातक न्यूनतम 80 हजार तक, बीई/ बीटेक 1.7 लाख, बीकॉम 14 हजार से 24 हजार शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा विभिन्न पाठ्यक्रमों में भी 18 हजार से तीन लाख तक शुल्क है। ऐसे में प्रवेश को लेकर फिलहाल मौजदा समय में संकट चल रहा है।

**छात्रावास शुल्क भी कहीं ज्यादा**

कोर्स फीस के साथ-साथ छात्रों को सालाना हॉस्टल फीस भी देनी होती है। हॉस्टल फीस चुने गए कमरे के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होती है। छात्रों के लिए कॉलेज द्वारा दी जाने वाली हॉस्टल सुविधाओं का चयन करना अनिवार्य नहीं है।

> प्रवेश की तिथि बढ़ाई गई है। आवेदन आ रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण अभी छात्रों की आमद कम है। हर सत्र में सभी सीटें फुल नहीं होती है। फीस कोई बड़ा कारण नहीं है। - **डॉ. शैलेन्द्र कुमार, प्रवेश प्रभारी, अवध विश्वविद्यालय**

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंच कर रामलला सहित सप्त ऋषि मंडप और अन्य देवी देवताओं के दर्शन कर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि संपूर्ण परिसर का निर्माण होने के उपरांत रामभक्त अपने स्वप्न के अनुरूप एक स्वस्थ सुगम और सुंदर वातावरण को अपने हृदय में समाहित कर सकेंगे। कहा कि ट्रस्ट भक्तों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हनुमान मंदिर लखनऊ के महंत कौशल किशोर दास, संत जानकी दास, विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, श्रेयष्कर कुमार, रामशंकर, ओमप्रकाश पांडेय मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में आए घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीड़न के मामले

## किसी भी समस्या पर बहनें करें जारी नंबरों पर संपर्कः शाही

## 23 में से आठ प्रकरणों का किया गया त्वरित निस्तारण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने बुधवार को महिला जन सुनवाई की। इसमें घरेलू हिंसा, मारपीट, पुलिस विभाग से संबंधित, अवैध कब्जे, दहेज उत्पीड़न के मामले आए। उन्होंने समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित विभाग के अफसरों से इनके गुणवत्तापरक निस्तारण का निर्देश दिया।

सर्किट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 23 मामले आए। आठ प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। अन्य 15 प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया। एक मामला लव जिहाद का भी आया, लेकिन उसका खुलासा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान व अधिकारों की रक्षा और महिलाओं की जागरूकता के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। कहा कि सरकार से महिलाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसका लाभ जन सामान्य को मिल रहा है। इसके साथ ही अनेक हेल्पलाइन नं. 112, 1098 व अन्य नंबर जारी किए गए हैं, जिसका उपयोग पीड़ित व्यक्ति कर सकता है। इन नंबरों पर की शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाता है। जनसुनवाई के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, महिला थानाध्यक्ष, बाल विकास अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, शिकायतकर्ता व उनके परिजन मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही महिलाओं की समस्याएं सुनती हुईं। अमृत विचार

### सेंटर के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र

जनसुनवाई में भारतीय जनता पार्टी की जिला शोध प्रमुख (अवध क्षेत्र) मधु पाठक ने आयोग की सदस्य ऋतु शाही भेंट की। उन्होंने अवध आर्थो सेन्टर सिविल लाइंस के डॉ अब्दुस्सलाम के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पिछले नवंबर माह में मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मधु पाठक का दायें पैर की दो हड्डियां टूट गई थी, अवध आर्थो सेन्टर सिविल लाइंस के यहां पैर का ऑपरेशन कराया। चार माह बाद ही गुणवत्ताविहीन प्लेट टूट गई। उन्होंने कार्रवाई की मांग की। पाठक ने बताया कि महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सार-संक्षेप

### छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान

**सोहावल, अमृत विचार :** पुलिस चौकी सत्तीचौरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवराकोट के मजरे मुबारकगंज की ग्यारहवीं की छात्रा शिवानी पुत्री धर्मराज पाण्डेय (17) का कमरे में पंखे से लटकता हुआ शव मिला। घर के लोग उसे तुरंत सीएचसी सोहावल ले गए। वहां मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कर परिजनों की सहमति से शव को दाह संस्कार के लिए सौंप दिया। ग्रामीणों के अनुसार घरेलू कलह से आजिज आकर उसने मौत को गले लगा लिया। चौकी प्रभारी सत्ती चौरा राकेश राय ने बताया कि शव का पंचनामा करके परिजनों के अनुरोध पर दाह संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

### सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह सम्मानित


सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह को सम्मानित करते प्रख्यात मौलाना मोहम्मद मोहसिन व मौलाना जफर अब्बास कुम्मी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक एवं संस्थापक के रूप में 40 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह को उनके निवास स्थान पर ख़ैरूलअमल फाउंडेशन सोसाइटी की ओर से सम्मानित किया गया। वसीका अरबी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रख्यात मौलाना मो. मोहसिन ने कहा कि डॉ. मिर्ज़ा शहाब साहब ने हमेशा हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है। ऐसे व्यक्ति का समाज में होना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। मौलाना ज़फ़र अब्बास क़ुम्मी ने अंग वस्त्र व तस्वीर से सम्मानित किया। अली हैदर, सै. हसन रज़ा रिज़वी, मुश्फ़िक़ ज़ैदी, ज़िया हुसैन, महताब हुसैन, दानिश हुसैन, मो. आफ़ाक़, हसन आदि मौजूद रहे।

### कुलपति ने यूपी कैटेट परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश के पांचों कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए यूपी कैटेट (उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा) बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन अयोध्या में तीन केंद्रों पर कुल 1112 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें अयोध्या केंद्रों पर परीक्षा के लिए कुल 1231 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अयोध्या के तीनों परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी और सीटिंग प्लान की जांच की। नकल विहीन परीक्षा कराए जाने को लेकर अधिकारियों को सख्त हिदायत भी दी। कृषि विवि के कुलसचिव डॉ. पी. एस. प्रमाणिक ने बताया कि अयोध्या में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गुरुनानक एकेडमी गर्ल्स इंटर कॉलेज उसरू और श्याम सुंदर सरस्वती इंटर कॉलेज साहिबगंज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। गुरुनानक में 455 छात्र, एस.एस.वी इंटर कालेज में 456 और बालिका इंटर कॉलेज में 320 छात्र परीक्षा के लिए पंजीकृत किए गए थे। परीक्षा सुबह 09 से 12 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### कांग्रेस ने बीकापुर में आयोजित किया संविधान बचाओ सम्मेलन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के जिला प्रभारी वीरेंद्र पांडे बबलू ने कहा केंद्र और प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार संविधान का सौदा कर रही हैं। यह दोनों सरकारें अपने चहेते उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए गरीबों का हक मार रही हैं। भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी। वह बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के सुरियावां चौराहा एक गेस्ट हाउस में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि संविधान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। संयोजन कर रहे पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा संविधान की रक्षा करना कांग्रेस पार्टी की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा भारत देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए भारतीय संविधान को बचाना बहुत जरूरी है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, रामसागर रावत, सेवादल के बसंत मिश्रा, करन त्रिपाठी, कर्म राज यादव, राम अवध पासी, अनिल तिवारी, रामकरन कोरी, उमेश उपाध्याय, पंकज सिंह, मिर्जा खालिद बेग, राजकुमार सिंह, रणजीत सिंह आदि थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर करें भव्य आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी ने शहर के एक मैरिज लॉन में समिति के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन का निर्देश दिया। उन्होंने यहां राम लला का दर्शन पूजन करने के बाद योग दिवस को लेकर रणनीति बनाई। बैठक में राम केवल योगी, राम नेग योगी, प्रशांत योगी, आदित्य नारायण, डॉ वीरेंद्र योगी, राम यज्ञ योगी, पति राम योगी, अमरजीत, राकेश कुमार, पान कुंवर सहित सभी जिला प्रभारी, विद्यालयों के प्रबंधक, तहसील प्रभारी, कर्मठ कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

### हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के टॉपर्स का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरूवार को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इनमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों द्वारा दिए जाएंगे।

### होमस्टे नीति में पर्यटकों को मिलेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा लागू उप्र. बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 में प्रदेश के सभी होमस्टे रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए एक वर्ष माह का समय प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न लाभों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। यह योजना उप्र. के सम्पूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र में लागू होगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि आवेदकों को इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर जाना होगा। शहरी क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों में देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नास्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

## डिप्टी सीएम आज करेंगे पूर्व सीएम कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**रुदौली, अमृत विचारः** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण बारामासी पौशाला चौराहा पर गुरुवार 12 जून को होगा। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य अनवारण करेंगे। नगर पालिका परिषद रुदौली में विधायक रुदौली राम चंद्र यादव ने अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की। विधायक ने बताया कि तैयारी पूरी है। मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व मंत्री सांसद राज वीर सिंह, पूर्व सांसद विनय कटियार, वीरेंद्र सिंह लोधी, विधायक मारहरा, हरिओम लोधी विधायक अमापुर, देवेंद्र सिंह लोधी, विधायक स्याना, चंद्रपाल सिंह लोधी, विधायक डिबाई, देवेंद्र सिंह राजपूत विधायक कासगंज शामिल होंगे। जिले के जनप्रतिनिधि व संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## बोनस व एरियर न मिलने के मामले में जांच कमेटी गठित

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन में तैनात रहे हैदरगंज थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत जाना मजरे लौटन लाल का पुरवा निवासी देवराज तिवारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद से जून 2023 में सेवानिवृत हुए। अपने बकाया भुगतान को लेकर न्याय पाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। 2002 से लेकर अब तक विभिन्न अधिकारियों को एक दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य लखनऊ, डीएम, सीएमओ, कमिश्नर अयोध्या से लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। इसके बाद 2023 में राज्य सूचना आयोग में शिकायत की गई। 4 मार्च 2025 को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। 11 मार्च को हाई कोर्ट ने सीएमओ को एक महीने में योग्य बिलों का भुगतान करने का आदेश दिया, लेकिन समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले 7 जून को सीएमओ ने केवल रिकॉर्ड रूम के ताले तुड़वाकर अभिलेख निकालने का आदेश दिया। देवराज तिवारी के अनुसार ऐसे ही चार दर्जन कर्मचारियों के बोनस व अन्य एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। जीपीएफ अभिलेखों में भुगतान दिखाया गया है, लेकिन धनराशि महालेखाकार कार्यालय प्रयागराज में स्थित कर्मचारियों के खातों में नहीं भेजी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील बनियान ने बताया कि गुरुवार को 11:30 बजे न्यायिक अधिकारी के समक्ष तीन सदस्यीय टीम अभिलेखागार में खिड़की का ताला तोड़कर रिकॉर्ड को रिकवर करेगी। उसके बाद न्यायालय को रिपोर्ट प्रेषित किया जाएगा।

## श्रेयांश व ज्योत्सना ने शूटिंग में बाजी मारी

**अयोध्या, अमृत विचारः** जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में अयोध्या शूटिंग रेंज में बुधवार को जिला स्तरीय एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें पुरुष वर्ग में श्रेयांश सिंह सर्वाधिक 92 अंक और ज्योत्सना सिंह महिला वर्ग में सर्वाधिक 91 अंक हासिल कर अव्वल रहीं। अयोध्या शूटिंग रेंज के कोच शनि वर्मा ने बताया कि महिला व पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों का नित अभ्यास जारी है। रेंज के खिलाड़ी अपनी योग्यता व खेल प्रदर्शन से प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाने के लिए जी-जान से अभ्यास कर रहे हैं। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में योगेश सोनी ने 88, राजवीर 83, अविरल 79,, विकास 78, राजेन्द्र 77, पार्थ ने 59 अंक हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में श्रेया ने 89, आभा ने 88, प्रतिष्ठा ने 56 अंक हासिल किया। कोच शनि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने के लिए और अधिक मेहनत व लगन से अभ्यास करने की सलाह दी।

**बृजलाल पाण्डेय महाविद्यालय, बैरीपुर रामनाथ, मनकापुर, गोण्डा उ0प्र0**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद, स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास) तथा बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (भूगोल, गृहविज्ञान एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में तथा एम.एससी0 पाठ्यक्रम में (भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।**

**दिलीप कुमार पाण्डेय**
मो0नं0–9839330048

## तकनीकी खेती करने के बारे में दी जानकारी

**पूराबाजार, अयोध्या :** विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को वैज्ञानिक खेती एवं कृषि विभाग के योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। आयोजन पूरा बाजार ब्लॉक के ग्राम पंचायत पुरखेपुर, कर्मा कोडरी, मोहतसिमपुर में किया गया। भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र वर्मा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। वैज्ञानिक डॉ पंकज सिंह ने खरीफ फसलों की तकनीकी खेती, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, प्राकृतिक खेती के बारे में धान की सीधी बुवाई पर जानकारी प्रदान की। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार मौर्य ने पोषण एवं रसायन मुक्त फल सब्जी की उत्पादन तकनीक के बारे में बताया। भारतीय गन्ना संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. एम के सिंह ने गन्ने की वैज्ञानिक खेती के बारे में, डॉ. एस टी हसन ने कृषि यंत्रीकरण के बारे में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए विनय सिंह ने खेत तालाब एवं भूमि संरक्षण की योजनाओं के बारे में, एडीओ एजी डॉ आशीष पांडे ने कृषि निवेश एवं बीज उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रधान पुरखेपुर दीपेंद्र पांडेय, प्रधान कर्माकोडरी योगेंद्र सिंह, प्रधान मोहितसिमपुर अनूप वर्मा के साथ किसान अरविंद सिंह, खुशीराम वर्मा, मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 3.100 किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना गोसाईगंज, अयोध्या पुलिस ने 3.100 किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान परवेज आलम (23) निवासी अंकारीपुर के रूप में हुई। एप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univeristy website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## डायबिटीज का प्रमुख कारण है मोटापा

अयोध्या कार्यालय


कार्यशाला में मौजूद प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह, डॉ. देवाजीत शर्मा व डॉ. वीरेंद्र वर्मा।

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को डायबिटीज और थायराइड जैसे गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इस वर्कशॉप का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में गाजियाबाद के हार्मोन केयर रिसर्च सेंटर से आए प्रख्यात चिकित्सक डॉ. पंकज कुमार अग्रवाल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा आयोजक रहे। डॉ. पंकज कुमार अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में बताया कि विश्व में डायबिटीज तेजी से बढ़ रही है, जिसमें चीन पहले और भारत दूसरे स्थान पर है। उन्होंने डायबिटीज की प्रमुख वजह मोटापे को बताया और इसे नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

**दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में डायबिटीज और थायराइड पर वर्कशॉप का आयोजन**

डॉ. अग्रवाल ने थायराइड के लक्षण, निदान और उपचार पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और उचित उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। वर्कशॉप में उपस्थित चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी बताया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह, डॉ. देवजीत शर्मा सहित कई अन्य चिकित्सक और मेडिकल छात्र इस आयोजन में शामिल हुए। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन चिकित्सकों और विद्यार्थियों को नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान और उपचार पद्धतियों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जागरुकता फैलाना है उद्देश्यः प्राचार्य

प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेडिकल कॉलेज का उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि समाज को स्वस्थ रखने के लिए जागरूकता फैलाना भी है। यह वर्कशॉप स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा बीए तृतीय वर्ष,सत्र 2022–23, अनुक्रमांक – 2040580 011373 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **रवि शंकर कोरी पुत्र भागीरथी कोरी, पता – ग्राम – मोहद्दीनपुर, पोस्ट – भदोही, जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पिता संजय कुमार पुत्र विजय कुमार दिनांक 02.09.2011 से कहीं चले गये हैं तबसे वह घर वापस नहीं आये हैं। **रीता चौधरी पुत्री संजय चौधरी निवासिनी 548घा/70 तेजीखेड़ा, मानकनगर, लखनऊ।**

**सूचना**
मेरा बीएससी प्रथम,द्वितीय व तृतीय वर्ष, सत्र – 2021 – 22 अनुक्रमांक – 1940580041099 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **दीक्षा सिंह पुत्री हरगोविंद सिंह पता –ग्राम/पोस्ट – पूरे केशवराय, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर है।जो कि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर E 2191426 में त्रुटिवश MOHAMMAD SUHEL AkHTAR पुत्र दिलशाद हुसैन दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन 421 जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर 224149**

**सूचना**
मैं अर्चना द्विवेदी पत्नी उदय शंकर नि. 257 ख निशानिया पैकोली, भाटपार रानी भींगारी बाजार देवरिया, शादी के बाद अपना नाम बदलकर अर्चना रख लिया है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है भविष्य में हमें अर्चना के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार (संख्या – 2093 4787 6673) में उसका नाम सार्थक मिश्रा अंकित हो गया है। जो कि उसका घरेलु नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं। **अजय कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय – लक्ष्मी नारायण मिश्रा मोहनलाल गंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**
मैने अपने बेटे अजितेश सिंह के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम से एक पालिसी ली थी, पालिसी संख्या 268258448 है। यह पालिसी मैने दिनांक 26.05.2023 को ली थी, अब सभी अभिलेखीय रिकार्ड में अजितेश सिंह का नाम हर्षवर्धन सिंह कर दिया है। अत: अब हर्षवर्धन सिंह से जाना पहचाना जाएगा। **धनंजय प्रताप सिंह निवासी ग्रा व पो. सिसई बेलसर गोंडा।**

**सूचना**
मै दिनेश शर्मा पुत्र श्री धर्मवीर शर्मा निवासी ई 2/120– 2/121 सेक्टर एल, कानपुर रोड योजना, एल डी ए कालोनी लखनऊ सूचित करता हूं कि, मेरे मकान संख्या ई 2/120 का कब्जा और आवंटन पत्र एवं ई 2/121 का कब्जा पत्र कहीं खो गया है। इसका उपयोग करना गैरकानूनी है, अत: जिस भी व्यक्ति को यह प्रपत्र प्राप्त हों, वो उपरोक्त पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

**सूचना**
मेरा बड़ा लड़का रामजी व उसकी पत्नी शशी मेरे परिवार से अलग रहते हैं। उनके किसी कार्य से मेरा कोई लेना–देना नहीं है। दोनों को चल –अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **सुरेश सिंह पुत्र स्व0 हरनाम सिंह, नि0 राजपुर म0 बैरी दरियाव तह0 मैथा जनपद कानपुर देहात।**

**सूचना**
मैं अपने बड़े पुत्र शिवम एवं उनकी पत्नी ज्योति व दूसरे नंबर के पुत्र राज को उनके गलत आचरण के चलते तीनों लोगों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए लेनदेन व किसी प्रकार की क्रियाकलापों व (कृत्य) के प्रति हम उत्तरदाई नहीं होंगे। **सुभाष चक्रवर्ती पुत्र मेवाराम ग्राम ऐरवा टीकुर (पछेला) थाना ऐरवा कटरा जिला (औरैया)।**

**सूचना**
सूचित किया है कि ग्राम पंचायत गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही निवासी रामू पुत्र हीरालाल दिनांक 16 फरवरी 1990 को गांव से लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। वह जहां कहीं भी हों घर आने का कष्ट करें। **आपके भाई भुल्लन व सर्वेश कुमार ग्राम सभा गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही जनपद उन्नाव।**

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में आशा देवी है तथा वोटर आईडी कार्ड में गीता है जबकि गीता एवं आशा देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मेरा नाम गीता सत्य व सही है। कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। **गीता पत्नी उदयभान ग्राम विशुनपुरखुर्द धमरैया परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा।**

**सूचना**
मैं अमरनाथ पाण्डे पुत्र कन्हैया लाल पाण्डे निवासी ग्राम पूरे मंशा मजरे किठवा थाना व तहसील सलोन जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे सबसे छोटे पुत्र दुर्गेन्द्र पाण्डे व उनकी धर्म पत्नी प्रमिला पाण्डे आए दिन लड़ाई झगड़ा किया करते हैं, जिससे पीड़ित होकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों का मेरा और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**▸▸ दिल्ली में पीओपी का काम करता था युवक, पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के इमिलिया जगदीशपुर गांव की बाग में एक पेड़ पर युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। मृतक की पहचान जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के सेमरा मानापुर निवासी अजय कुमार पांडेय पुत्र उर्फ नटवर के रूप में हुई है। युवक दिल्ली में पीओपी का काम करता था। युवक की रिश्तेदारी जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के उधरनपुर गांव में है।

बता दें कि बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और डायल 112 को सूचना दी।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की मां कुमकुम पांडेय ने पुलिस को दी गई शिकायत पत्र में बताया कि उनके बेटे का अपहरण कर हत्या की गई है। मामले में प्रेम प्रसंग का भी मामला सामने आया है। मृतक की बहन की शादी जहांगीरगंज के उधरनपुर गांव निवासी अंकित दुबे से हुई थी। अंकित की बहन सोनी की शादी इमलिया जगदीशपुर के संतोष उपाध्याय से हुई थी। मृतक का संबंध संतोष उपाध्याय की पत्नी सोनी के साथ लंबे समय से चल रहा था। मृतक की मां ने युवक की प्रेमिका, उसके पति, भाई, देवर सहित पांच लोगों पर अपहरण और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं परिजनों ने आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगरः** थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजेसुल्तानपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त राजकुमार मौर्या पुत्र स्व. एकादशी मौर्या निवासी ग्राम जयसिंहपुर थाना राजेसुल्तानपुर को मुखबिर की सूचना पर चोरमरा दक्षिणी अन्डर पास रोड से करीब 10.15 बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार मौर्य को न्यायालय पेश किया है।

# मुख्यमंत्री का जनपद दौरा 13 को, तैयारियां तेज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**निरीक्षण**

**▸▸ मुख्यमंत्री शिवबाबा मैदान में परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास**

**▸▸ आईजी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर दिए निर्देश**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 जून को जनपद के शिवबाबा क्षेत्र का दौरा करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां तेज कर दी हैं।

अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने शिवबाबा और श्रवण क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के दौरे में कई कार्यक्रम होंगे। वह सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। प्रशासन सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर सतर्क है। शिवबाबा में जनसभा के लिए मंच निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। वहीं जिला प्रशासन लाभार्थियों की सूची तैयार कर रहा है। शासन स्तर पर भी कार्यक्रम की निगरानी हो रही है। जनपद को मुख्यमंत्री के इस दौरे से विकास कार्यों की सौगात मिलने की उम्मीद है।



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शिवबाबा धाम का निरीक्षण करते अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार, डीएम अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार।

## एक नजर

### सपा प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात

**अंबेडकरनगर :** जनपद में एक युवक की मौत के बाद हुए सड़क जाम के मामले में सपा ने पुलिस से मुकदमा वापस लेने की मांग की है। मामला आलापुर थाना क्षेत्र के गांव का है। घटना 22 मई की है, जब रामचेत की बेटी की शादी में उनका भतीजा शुभम यादव रात 2 बजे तक मौजूद था। रात करीब 2 :40 बजे वह बिना किसी को बताए बाइक लेकर निकल गया। 24 मई की सुबह शुभम गांव के पास नहर के किनारे घायल अवस्था में मिला। परिजन उसे पहले आजमगढ़ के मेदांता अस्पताल ले गए। वहां से उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। फिर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर टांडा में भर्ती कराया गया। बीते 30 मई की सुबह शुभम की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने रामनगर चौक पर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने 18 नामजद और 60 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। सपा जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से मुलाकात की। इस दौरान डॉ. महथ चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, मुजीब अहमद सोनू, रवींद्र यादव, रघुनाथ यादव आदि शामिल रहे।

### उपज के जिला संरक्षक की पत्नी का हुआ निधन

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** मान्यता प्राप्त पत्रकार और उपज के जिला संरक्षक बचुली मिश्र की पत्नी सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाध्यापिका उर्मिला देवी के आकस्मिक निधन के उपरांत मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार चाहोड़ा घाट पर किया गया। हजारों नाम आंखों के बीच उनके इकलौते पुत्र कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक पंकज मिश्रा ने उन्हें मुखाग्नि दी। पत्रकार के पत्नी की मृत्यु की खबर सुनकर हजारों लोगों ने घर से लेकर घाट तक शोक संवेदना व्यक्त की। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष किछौछा ओमकार गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, उपज के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा, बसपा के वरिष्ठ नेता पवन मौर्य ने शोक व्यक्त किया है।

### सड़क हादसे बाइक सवार युवक की मौत, फूफा घायल

**मार्टिनगंज,आज़मगढ़ :** दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुघरपुर निवासी 24 वर्षीय अभिषेक राजभर के बड़े भाई की 10 दिन पूर्व शादी हुई थी। कन्या पक्ष के लोग बुधवार को चौथ लेकर आने वाले थे। जिसकी तैयारी में अभिषेक अपने फूफा 45 वर्षीय प्रमोद राजभर निवासी बनगांव थाना दीदारगंज के साथ मंगलवार की रात सामान लेने के लिए बाजार जा रहा था। जैगहा मोड़ के पास ओवरटेक करने के प्रयास में डीजे वाहन चालक उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए फरार हो गया। जिससें दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें मार्टीनगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने अभिषेक राजभर को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रमोद राजभर की हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। प्रमोद को जौनपुर में भर्ती कराया गया है।

# किछौछा में बुलडोजर ने ढहाया अवैध निर्माण

## संयुक्त कार्रवाई में किछौछा, बसखारी सहित कई अन्य क्षेत्रों में चला प्रशासन का बुलडोजर

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा क्षेत्र में बंजर, तालाब, सार्वजनिक जमीनों पर हुए अवैध कब्जे पर प्रशासन ने एक बार फिर बुलडोजर चला कर बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को जिला प्रशासन और नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में किछौछा, बसखारी सहित कई अन्य क्षेत्रों में बुलडोजर चला कर अवैध कब्जे को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता न्यायालय की मंशा और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नक्शे कदम पर चलते हुए सरकारी व सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने के लिए सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया था। जिसका परिणाम रहा कि बीते 8 अप्रैल को जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत की संयुक्त कार्रवाई में पहली बार बुलडोजर चलाकर कब्रिस्तान व कुछ सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया था और अन्य लोगों को लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट और नोटिस के माध्यम से सूचना देते हुए अवैध कब्जे को हटाने की हिदायत भी लगातार दे रहे थे। बावजूद इसके कुछ सियासी लोगों की शह पर 30-40 लोगों ने कब्जे को नहीं हटाया था। जिस पर बुलडोजर चलाने के साथ नगर पंचायत के कई अन्य क्षेत्रों में भी दबंगों के द्वारा तालाब व सरकारी जमीनों पर किए गए कब्जे पर भी प्रशासन और नगर पंचायत प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने वाली टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि सरकारी व सार्वजनिक जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध अतिक्रमण को हटाने पर अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों पर मुकदमा भी पंजीकृत कराया जाएगा।

**खेल मैदान, वेडिंग जोन और दुकान बनाने की है योजना :** नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीनों पर नगर पंचायत के द्वारा खेल मैदान, वेडिंग जोन, दुकान, ओपन जिम आदि जनहित से संबंधित निर्माण कार्य करने की योजना बनाई जा रही है। इस दौरान तहसीलदार निखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार अमरीश सिंह, राजस्व निरीक्षक रामनारायण, अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार, लिपिक अभिषेक यादव, बसखारी थाना प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



अवैध कब्जे को जमींदोज करता बुलडोजर। अमृत विचार



कार्रवाई के दौरान मौजूद नगर पंचायत के कर्मचारी और राजस्व विभाग की टीम।

### स्थाई रूप से कब्जा करने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

तहसीलदार टांडा निखिलेश कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चला कर सरकारी जमीन को खाली करवाया गया है। यह मुहिम लगातार चलती रहेगी। उच्च न्यायालय के द्वारा कब्रिस्तान के नवैयत परिवर्तन न करने के लिए निर्देशित किया गया है। नवैयत परिवर्तन से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। कुछ लोगों के खिलाफ स्थाई रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया जा रहा है।

## विशेष न्यायाधीश ने सुनाई दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने दोषी राहुल सिंह को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। घटना 8 फरवरी 2024 की है। एक कलश यात्रा में शामिल होने आई 14 वर्षीय किशोरी को जौनपुर के राहुल सिंह बहला-फुसलाकर ले गया था। किशोरी के घर न लौटने पर पिता ने महरुआ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कुछ दिनों बाद किशोरी को बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी राहुल सिंह उसे जौनपुर ले गया था। वहां उसने किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पांचवें दिन जब राहुल किशोरी को महरुआ छोड़ने आ रहा था, तब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने त्वरित सुनवाई करते हुए दोषी को 40 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की 75 प्रतिशत राशि पीड़िता को दी जाएगी।

# अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की आंबेडकर प्रतिमा

**▸▸ आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन**

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के बीबीपुर भीमबर गांव में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को मंगलवार की रात अज्ञात अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने भीमबर बाजार-गोसाई मार्ग को जाम कर दिया और प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे और बाउंड्री निर्माण की मांग करने लगे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे रौनापार थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने पुलिस बल के साथ स्थिति को संभालने का प्रयास किया और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।



प्रतिमा तोड़ने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सगड़ी तहसीलदार विवेकानंद दुबे मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। इस दौरान बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार और गोपालपुर विधानसभा अध्यक्ष अवनीश धर्मदर्शी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग है कि नई प्रतिमा स्थापित कराई जाए, सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही सुरक्षा के लिए गेट लगाया जाए। ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हो। बताते चलें कि पूर्व में भी एक बार प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। वहीं तहसीलदार ने ग्राम प्रधान को तत्काल वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने और गेट लगवाने का निर्देश दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और लगभग दो घंटे बाद चक्काजाम को समाप्त किया। वहीं नई मूर्ति मंगाकर उसके स्थापना की तैयारी शुरू कर दी।

# विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था पर भड़के सपा विधायक



मुख्य अभियंता कार्यालय पर ज्ञापन देते सपा विधायक नफीस अहमद। अमृत विचार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के विधायक नफीस अहमद ने क्षेत्र में विद्युत विभाग की बदहाल और लचर व्यवस्था एवं अत्यधिक कटौती को लेकर नाराजगी जाहिर की। सपा विधायक नफीस अहमद ने बुधवार को सिधारी स्थित मुख्य अभियंता (वितरण) कार्यालय पहुंच कर मुख्य अभियंता के माध्यम गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं को दूर करने के लिए ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन दिया।

विधायक नफीस अहमद ने बताया कि शासन की घोषणा के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और नगरीय क्षेत्रों में 22 घंटे विद्युत की आपूर्ति नहीं की जा रही है। यह व्यवस्था तत्काल लागू की जानी चाहिए और विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से की जानी चाहिए। सपा विधायक ने ऊर्जा मंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन के माध्यम से जले ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, जर्जर तारों को तत्काल बदलने, गुलवा गौरी में बन रहे पावर हाउस को शीघ्र चालू करने की मांग की। सपा विधायक ने कहा कि अगर हमारी मांगों पर यदि कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## सार-संक्षेप

### रथयात्रा का महंत व ग्रामीणों ने किया स्वागत

**बसखारी अंबेडकर नगर, अमृत विचार :** श्री अयोध्या धाम रघुभूमि से तपोभूमि प्रभु रामजी की रथयात्रा का सिद्धेश्वर धाम पीठ ग्राम मोतिगरपुर पहुंचने पर सिद्धेश्वर पीठ मोतिगर पुर के महन्त के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद रथ पर सवार दिव्य स्वरूप भगवान की पूजा-अर्चना कर आरती भी उतर गई। प्रमुख रूप से महंत के साथ प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह, बच्चा सिंह, आलोक चौरसिया, शिवम गुप्ता, विकास पांडे, प्रिंस गुप्ता सहित काफी संख्या में शामिल महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने रथयात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पवन कुमार के नेतृत्व में निकाली गई यह शोभायात्रा अयोध्या से चलकर बक्सर बिहार में जाकर समाप्त होगी।



रथयात्रा पहुंचने पर प्रभु राम की वेशभूषा में कलाकार।

### 37 गो आश्रय स्थलों पर मनाया गया गो सेवा दिवस

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** गो संवर्धन एवं गो सेवा दिवस का बुधवार को आयोजन जनपद के समस्त 37 गो आश्रय स्थलों पर किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह द्वारा गोवंश आश्रय स्थल सैदपुर मितरी विकास खंड अकबरपुर पर प्रतिभाग किया। इस मौके पर डॉ. राजकुमार पशु चिकित्साधिकारी रामपुर सकरवारी, विजय प्रकाश रावत पशुधन प्रसार अधिकारी, ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा सहभागिता निभाई गई। जनपद से समस्त गौशालाओं में नामित जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। तमाम स्वयं सेवी संगठन, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। पशुपालन विभाग द्वारा 1235 गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 24 बीमार गोवंशों की चिकित्सा मुहैया कराई गई।

### अपर जिला जज ने सुलझाया पारिवारिक विवाद



सुलह कराते अपर जिला जज भारतेंद्र प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के क्रम में एडीआर भवन जनपद न्यायालय परिसर में आपसी सुलह-समझौता के आधार पर वादों के निस्तारण के लिए संचालित मध्यस्थता केन्द्र में लम्बित 01 पारिवारिक विवाद का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण किया। जिसके बाद वादी प्रतिवादी खुशी-खुशी साथ रहने के लिए राजी हुए। न्यायालय सिविल जज वरित एसी जेएम द्वारा प्रेषित पारिवारिक वाद में मध्यस्थता केंद्र में सुलह-समझौता के लिए प्रेषित किया। जिसमें वादिनी अर्शिया पुत्री स्व. मोहम्मद आलम, निवासी कटोखर चौराहा थाना-हंसवर बनाम मोहम्मद असलम पुत्र मुबारक अली निवासी कटोखर चौराहा थाना हंसवर के मध्य पारिवारिक विवाद चल रहा था। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वादी और विपक्षी को नोटिस के माध्यम से मध्यस्थता केन्द्र में सुलह वार्ता के लिए बुलाया। वादी और विपक्षी विभिन्न तिथियों पर सुलह-समझौते के मध्यस्थता केंद्र में उपस्थित हुए और बुधवार को मध्यस्थ अधिवक्ता टीएन पाण्डेय और अपर जिला जज भारतेंद्र प्रकाश गुप्ता के प्रयासों द्वारा पक्षकार सुलह वार्ता में अपने वाद को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने के लिए राजी हुए। अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता द्वारा उपरोक्त पारिवारिक विवाद के पक्षकारों को आर्शीवाद देकर विदा किया गया और भविष्य में झगड़ा न करते हुए प्रेम पूर्वक जीवन यापन करने की सलाह दी है।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए तीन जोड़े

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा द्वारा पति-पत्नी के तीन जोड़ों के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-ख़ुशी साथ रहने के लिए विदा किया गया। महिला थाना में मंगलवार को महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उप निरीक्षक ज्योती वर्मा और अधीनस्थ नियुक्त महिला आरक्षी प्रिया, महिला आरक्षी सविता द्वारा प्रयास कर पति-पत्नी के कुल तीन जोड़ों को साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थानाध्यक्ष ने जोड़ों जिनके बीच चल रहे पारस्परिक पारिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके बाद वह साथ रहने के लिए राजी हो गए।

### उचक्कों ने मेला गई महिला के गले से चेन की पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली जलालपुर के नगपुर गांव निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते सोमवार को वह अपनी पत्नी साधना के साथ ब्रह्मबाबा स्थान पर मेला देखने गया था। इसी बीच भीड़ का फायदा उठाते हुए एक अज्ञात महिला ने पत्नी साधना के गले से सोने की चैन उड़ा दिया। जिसे पत्नी ने महिला को पकड़ लिया, लेकिन भीड़भाड़ का फायदा उठा कर वह भाग निकली। पीडित ने मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद होने की बात बताई। पीड़ित ने बताया की चेन छीन कर भाग रही महिला का फोटो भी मोबाइल में लिया है। आरोप है कि मेला में तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे दबाव बना कर घर भेज दिया। पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि उक्त तरह की घटना कई लोगों के साथ हुई है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति होती है। इस संबंध में जब जैतपुर थाना प्रभारी दिनेश चंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बसखारी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बस्ती जनपद के कलवारी क्षेत्र का रहने वाला उमेश यादव बीते 6 जून को शाम लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपी अपने रिश्तेदार सेवाराम यादव के यहां अक्सर आता था। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने उमेश के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह पुलिस टीम ने हरैया बाईपास टांडा रोड से आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम में एसआई ओमकार पटेल, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार पाल, महिला कांस्टेबल शीबू यादव और कांस्टेबल दीपक यादव शामिल थे। पुलिस ने नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है।

### दाह संस्कार में गए युवक की नदी में डूबने से मौत

**महाराजगंज, आजमगढ़, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा नदी के गंगापुर घाट पर बुधवार को एक महिला का दाह संस्कार करने आए एक युवक की नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। महाराजगंज थाना क्षेत्र के अराजी अमानी गांव निवासी लक्ष्मी की पुत्री रतुला की मृत्यु हो गई थी। उसी के दाह संस्कार के लिए गांव के लोग घाघरा नदी के गंगा घाट पर गए थे। दाह संस्कार के बाद लोग नदी में नहाने उतरे तो पानी की गहराई में पहुंचने पर चार लोग डूबने लगे। जिसमें तीन लोग जीतन, वीरेंद्र और संदीप को लोगों ने बचा लिया जबकि विपुल ( 16 वर्ष) पुत्र रामेश्वर गहरे पानी मे समा गया। काफी खोजबीन के दौरान लगभग दो घंटे बाद उसका शव मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक छः भाई बहनों में सबसे छोटा और कक्षा आठ का छात्र था। घटना की सूचना पर मृतक के घर कोहराम मच गया। मां - बाप और भाई-बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।

## आयोजन

**राजकीय हाईस्कूल के समापन समारोह में सभी छात्र-छात्राओं द्वारा अपने 21 दिनों के अनुभवों को किया गया साझा**

# प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को किया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज में 21 दिनों तक चले समर कैम्प का समापन समारोह बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रार्थना सभा से प्रारम्भ हुए दिवस पर योग और व्यायाम के बाद 21 दिनों की समर कैम्प की गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को सराहनीय कार्य करने के सन्दर्भ में मुख्य अतिथि स्वरूप उपस्थित शिक्षक, अभिभावक संघ की अध्यक्ष बबिता की उपस्थिति में प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान समारोह के बैनर तले सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी बच्चे को एक डायरी और पेन दी गई। इस पर वह वर्ष भर आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण दिवसों और प्रतियोगिताओं की संक्षिप्तिका तैयार करेंगे। समारोह में सभी छात्र-छात्राओं द्वारा अपने 21 दिनों के अनुभवों को साझा किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव और शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को समर कैम्प की उपयोगिता, उससे प्राप्त होने वाले कला कौशलों पर विस्तार से अनुभव शेयर किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बबिता तथा अभिभावक कुसुम और राम सरन को प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव ने पेन और डायरी देकर सम्मानित किया।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव। अमृत विचार

### बच्चों ने विज्ञान और पर्यावरण से जुड़ी दिखाई प्रतिभाएं

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : भियांव के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हाफिजपुर में तीन सप्ताह का समर कैंप संपन्न हुआ। कटका थाना की महिला उपनिरीक्षक पूजा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शिविर में बच्चों ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने वायु दाब और सौर ऊर्जा से बल्ब जलाने के प्रयोग किए। साथ ही आर्ट और क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई। पर्यावरण और जल संरक्षण पर पोस्टर भी प्रदर्शित किए। शिविर का आयोजन तीन चरणों में किया गया। पहले सप्ताह में योग और डिजिटल कौशल पर ध्यान दिया गया। दूसरे सप्ताह में पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियां कराई गईं। अंतिम सप्ताह राष्ट्रीय एकता और जल संरक्षण पर केंद्रित रहा। प्रधानाध्यापक राजेश यादव के नेतृत्व में अनुदेशक शशिकला और शिक्षा मित्र उर्मिला ने कैंप का संचालन किया। बैंक ऑफ बड़ौदा रफीगंज के शाखा प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद यादव और एआरपी यजुवेंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। नोडल शिक्षक संकुल श्रीदेव यादव, भीम यादव और जरीफुल हसनैन भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# युवक मामा की पुत्री को लेकर फरार जांच शुरू

**जलालपुर, अंबेडकरनगरः** नगर जलालपुर क्षेत्र से एक बच्चे का बाप अपने मामा की पुत्री को लेकर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से शिकायत करते हुए पीड़ित मां ने बताया कि शेखवलिया जलालपुर निवासी धर्मवीर जो एक बच्चे का बाप है उसका रिश्तेदार है, जिसके कारण वह अक्सर आया जाया करता था। इसी बीच उसने मेरी 25 वर्षीय पुत्री से नजदीकी बढ़ाई और लेकर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। वहीं मामले को लेकर कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

एक नजर

### छत के कुंडे से लटकता मिला युवक का शव

**बलरामपुर, अमृत विचार।** तुलसीपुर के ग्राम शिवानगर में एक युवक का शव छत के कुंडे से फंदे से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान मंगल के रूप में हुई है, जो लगभग 38 वर्ष के थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। मृतक की पत्नी रामा देवी ने बताया कि वह अपने दोनों पुत्रों के साथ ग्राम मोहनपुर स्थित मायके में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गई हुई थीं। जब उन्हें सूचना मिली कि उनके पति का शव घर पर लटका हुआ है, तो वे तुरंत घर वापस आईं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविकता का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं पर विचार कर रही है।

## बलरामपुर में 8 बीडीओ के कार्यक्षेत्र बदले

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिले में विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) कमलेश कुमार सोनी ने आठ खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और उनके समकक्ष अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है।

नई तैनाती के तहत सुनील कुमार आर्य को हरैया सतघरवा से स्थानांतरित कर रेहराबाजार भेजा गया है। जबकि पल्लवी सचान को श्रीदत्तगंज से हरैया सतघरवा और रजनीश कुमार शुक्ल को रेहराबाजार से तुलसीपुर भेजा गया है। इसी क्रम में संजय कुमार को बलरामपुर से गैंसड़ी, इंद्रावती वर्मा को गैड़ासबुजुर्ग से उतरौला और अवनींद्र कुमार पांडेय को गैंसड़ी से श्रीदत्तगंज तैनात किया गया है।

संयुक्त खंड विकास अधिकारियों में भी फेरबदल किया गया है। हरैया सतघरवा के संयुक्त बीडीओ विजय कुमार सिंह को रेहराबाजार भेजा गया है। जबकि उतरौला के संयुक्त बीडीओ को गैंसड़ी स्थानांतरित किया गया है। डीडीओ ने बताया कि यह फेरबदल प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए किया गया है।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोयडा विधायक पंकज सिंह बुधवार को जिले में पहुंचे। जहां पर भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। अटल भवन पहुंचकर तुलसीपार्क में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसके बाद भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एमएलके पीजी कॉलेज में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोयडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के शासन का 11 वर्ष पूर्ण हुआ है। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि 23 शहरों में मेट्रो रेलवे की सुविधा मिल रही है। 99 प्रतिशत गांवों तक सड़क की कनेक्टीविटी मिल चुकी है। 2014 के बाद देश 160 एयरपोर्ट नए बनाए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार एक विजन व निश्चित मिशन के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। गरीबों को आयुष्मान कार्ड के जरिये पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज सरकार दे रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल व राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


भाजपा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### कांग्रेस पर जमकर बरसे पंकज सिंह

अटल भवन पर आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि पंकज सिंह कांग्रेस पर जमकर बरसे। बोले कि राहुल गांधी तो हर बात का सबूत मांगते हैं। आतंकवादी मारे जाते हैं या पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई होती है तो राहुल रोना रोते हैं। उन्हें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व करने के बजाय पाकिस्तान के नुकसान की चिंता अधिक रहती है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश की सेना के साहस का परिचायक है। मोदी सरकार रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दे रही है। पाकिस्तान एयरबेस व आतंकी शिविरों को टॉरगेट बनाने के लिए ज्यादातर स्वदेशी मिशाइलों का प्रयोग किया गया। भारत के बनाए मिशाइलों की मांग विश्व में बढ़ी है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, नपाप अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह वैस, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मोटर खराब, पानी के लिए तरस रहे किसान, व्यापारी व मंडी के कर्मचारी

### भीषण गर्मी से लोग परेशान, व्यवस्था नहीं कर रहे मंडी के जिम्मेदार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** बहराइच रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में किसान अपने उपज को बेचने के लिए आ रहे हैं। सरकार की ओर से किसानों के सुख सुविधा का ध्यान रखने का आदेश है, लेकिन मंडी में उल्टी गंगा ही बह रही है। किसानों की बात कौन करेगा, यहां कार्यालय के कर्मचारी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। प्रशासन की ओर से मंडी में आने वाले किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था से लेकर पानी तक की व्यवस्था मंडी की ओर से की जानी होती है।

वर्तमान समय में गेहूं खरीद सत्र भी चल रहा है। मंडी में एक दर्जन से अधिक सरकारी केंद्र भी संचालित हो रहे हैं, जिसे प्रतिदिन किसान अपनी उपज को बेचने आ रहे हैं, यदि केंद्र पर कोई समस्या होती है तो वह निराकरण के लिए मंडी कार्यालय आते हैं। लेकिन मंडी के कार्यालय की व्यवस्था ध्वस्त चल रही है पानी आपूर्ति ठप है, जिससे किसान भी परेशान हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मंडी कार्यालय में कई कर्मचारी कार्य करते हैं इनको भी पानी पीने की समस्या हो रही है। मंडी परिसर में मंडी से जुड़े कर्मचारी भी रहते हैं उन लोगों को भी पानी के समस्या से जूझना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में किसान अपनी उपज बेचने आ रहे हैं वह पानी के लिए इधर-उधर दौड़ लगा रहे हैं। मंडी परिसर में बैंक है वहां भी पानी आपूर्ति बाधित है। उसको सही करने के लिए बैंक के कर्मचारी मंडी के अफसर से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिल रहा है। फिलहाल मंडी कार्यालय से जुड़े कर्मचारी दिए पेय जल की समस्या से जूझ रहे हैं। किसान भी परेशान हो रहे है। मंडी कर्मचारियों के मुताबिक मोटर को सही कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है मिस्त्री काम कर रहे हैं उम्मीद है जल्दी मोटर सही हो जाएगा और पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। फिलहाल जिस तरीके से गर्मी पड़ रही है और पानी की उपलब्धता मंडी परिसर में नहीं है। पानी को लेकर मंडी प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। जिससे व्यापारियों व किसानों में काफी आक्रोश भी देखा जा रहा है।


खराब पंप ठीक करते श्रमिक। अमृत विचार

### पिछले कई दिनों से आपूर्ति है बंद

मंडी कार्यालय में ही कृषि विपणन विभाग की भी ऑफिस है। जिसमें महिला समेत आधा दर्जन कर्मचारी तैनात हैं। इन कर्मचारियों की मानें तो पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति बन्द है। पानी पीने के लिए कार्यालय से बाहर मंडी परिसर में बने मंदिर पर जाना पड़ता है, यही नहीं कार्यालय के शौचालय में भी पानी नहीं आ रहा है। जिससे महिला कर्मचारी को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मंडी के कर्मचारियों का कहना है कि जब वह लोग ही पानी पीने के लिए बाहर जाते हैं तो वह क्या करें।

## किसानों को खेती से जुड़ी दी उपयोगी जानकारी


किसानों को तकनीकी खेती की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि तकनीकी गांव की ओर कार्यक्रम में विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम अमारे भरिया, तख्तरवा और महदेई सिरसिया में कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा की टीम के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों के साथ चौपाल का आयोजन किया।

इस किसान चौपाल में वैज्ञानिकों ने किसानों की खेती से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक महोदय बलरामपुर ने मृदा परीक्षण, बीज अनुदान, यंत्रीकरण योजना, पीएम फसल बीमा योजना और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों को धान में लगने वाले हल्दिया रोग के प्रबंधन और मृदा परीक्षण की उपयोगिता के बारे में भी बताया। सहायक विकास अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने किसानों को विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया।

कार्यक्रम में प्रगतिशील महिला और पुरुष कृषकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को साझा किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सी.पी.एन. गौतम ने प्राकृतिक खेती के महत्व और इसके लाभों के बारे में बताया।

## बिजली के निजीकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन



मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान सभा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश किसान सभा जिला कमेटी की ओर से बुधवार को बिजली के निजीकरण तथा अमेरिका के साथ केंद्र सरकार का कृषि उत्पादों के मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी विश्वमित्र को सौंपा।

उत्तर प्रदेश किसान सभा गोंडा के जिला संयोजक अमित शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसान सभा के साथी बिजली के निजीकरण के खिलाफ तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को वापस लेने, बिजली के दरों में तीस प्रतिशत बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव वापस लेने, किसानों को नलकूपों के लिए 18 घंटे बिजली तथा ग्रामीणों को 20 घंटे व शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रदेश सरकार द्वारा 300 यूनिट मुफ्त बिजली के वादे को लागू करने की मांग की गई है। 2023 अप्रैल से नलकूपों के बिल माफ करने के लिए ये धरना प्रदर्शन किया गया है। सीपीआईएम जिला सचिव कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि नेशनल पॉलिसी फ्रेम वर्क ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग का मसौदा केंद्र सरकार को वापस लेना चाहिए।

## सीएचसी से गायब मिले 10 कर्मियों का रोका वेतन


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

- सीएमओ ने सीएचसी पचपेड़वा का किया औचक निरीक्षण
- मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश

**अमृत विचार।** बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा का औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी में निरीक्षण के दौरान, पीयूष कुमार सक्सेना वरिष्ठ सहायक, शोभित श्रीवास्तव एल टी, अर्पित सिंह एक्स रे टेक्नीशियन, रियासत अंसारी एल ए, विनोद कुमार शुक्ला एल टी, उर्मिला यादव, वैभव कुमार यादव, अल्का सिंह वार्ड ब्वॉय, अनीश अहमद बीपीएम, अखिलेश कुमार ओटी टेक्नीशियन अनुपस्थित पाए गए।

अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉ विजय कुमार को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय 154 मरीजों का ओपीडी में उपचार किया गया था, भर्ती मरीजों की संख्या 15 थी, पैथालॉजी जांच की संख्या 39 थी। चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई असंतोषजनक पाया गया था। सीएमओ ने जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष तथा हीट वेव वार्ड का निरीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के स्टाफ उपस्थित रहे।

### गणेशपुर का स्वास्थ्य उपकेंद्र बना खंडहर दो दशक से नहीं मिलीं स्वास्थ्य सेवाएं

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** शोभा सिंह मॉडल चाय वाली। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम पिपरा याकूब के मजरा गणेशपुर में स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र बदहाली की भेंट चढ़ चुका है। दो दशक पूर्व लाखों की लागत से बना यह भवन अब जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो गया है।

भवन की टूटी हुई दीवारें, दरवाजे व नदारद खिड़कियां, खस्ताहाल फर्नीचर और चारों ओर फैली भीषण गंदगी बदइंतजामी की कहानी कह रही है। निर्माण के बाद स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित किए गए इस केंद्र पर एएनएम की तैनाती आज तक नहीं हुई। रखरखाव के अभाव में भवन पूरी तरह बर्बाद हो गया। स्थानीय ग्रामीणों बाल किशन, राम देव, शिवमंगल, मोहम्मद इकबाल आदि ने बताया कि भवन जर्जर होने से इलाज के लिए महिलाओं व मरीजों को श्रीदत्तगंज, बलरामपुर या उतरौला जाना पड़ता है। चोर खिड़कियां और अन्य सामान तक उठा ले गए हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक अनुराग पाण्डेय ने बताया कि जर्जर भवन की सूचना उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। बजट मिलते ही नए भवन का निर्माण कराया जाएगा। वर्तमान में पास में बने आयुष्मान केंद्र पर सीमित सेवाएं दी जा रही हैं।

श्रद्धा

जनजातीय समाज की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता

## गायत्री परिवार ने निकाली मंगल कलश यात्रा, पंचकुंडीय यज्ञ शुरू


गायत्री परिवार की मंगल कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा वर्ष 2026 में प्रस्तावित शताब्दी महोत्सव की तैयारी के क्रम में पचपेड़वा क्षेत्र के थारू जनजातीय बाहुल्य ग्राम गोड़नी में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मंगल कलश शोभायात्रा के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत काली माता मंदिर से हुई जहां से कलश यात्रा ग्राम पंचायत सेमरहवा के गांव गोड़नी, मड़नी और सड़नी होते हुए संपन्न हुई। कलश पूजन गायत्री परिवार पचपेड़वा के ब्लॉक प्रभारी कृष्ण कुमार पांडे एवं गैंसड़ी ब्लॉक प्रभारी राधे गोविंद गुप्ता द्वारा सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गैंसड़ी मंडल के भाजपा अध्यक्ष अजय सैनी, सचिन सोनी, महिला मंडल प्रभारी मीना श्रीवास्तव, मंजू जायसवाल, कोकिला श्रीवास्तव, बालेश्वर चौरसिया, बलवान, अंगनू, सुनीता जायसवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक अजय चौधरी एवं माता प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं आत्मिक चेतना का प्रसार है।

जनजातीय समाज की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। आयोजन के अगले चरणों में यज्ञ, संस्कार, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है।

सार-संक्षेप

### वामन अवतार की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु


कथा कहते पंडित संजीवाचार्य। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मुण्डेरवा में आयोजित आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत बुधवार को कथावाचक पंडित संजीवाचार्य जी महाराज ने भगवान विष्णु के वामन अवतार की प्रेरणादायक कथा सुनाई। वामन अवतार की लीला सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जय वामन भगवान की घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक ने बताया कि जब असुरराज बलि ने तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था और देवताओं को यज्ञ व धार्मिक कार्यों से वंचित कर दिया, तब भगवान विष्णु ने बौने ब्राह्मण के रूप में वामन अवतार लिया। यज्ञ में पहुँचकर उन्होंने राजा बलि से तीन पग भूमि की याचना की। बलि द्वारा वचन देते ही भगवान ने अपना विराट रूप धारण कर एक पग में पृथ्वी, दूसरे में आकाश और तीसरे में पाताल को नाप लिया। इस प्रसंग के माध्यम से भगवान ने अहंकार रहित दान, सत्यवचन और भक्ति की महिमा को स्थापित किया। कथा के पश्चात भजन गायिका अंजना सिंह ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान भगवान बख्श सिंह व शकुंतला सिंह द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भक्ति संगीत का विशेष प्रबंध किया गया। कार्यक्रम में रितेश मिश्रा, अरविंद प्रताप सिंह एडवोकेट, रवि प्रताप सिंह आदर्श अध्यापक, सुरेश सिंह, भानु प्रताप सिंह, अनुराधा सिंह, निर्मला सिंह, बृजेश सिंह, नकछेड़ मिश्रा, राम पदारथ सिंह, अनुज कुमार सिंह, आधिरा सिंह, बाबादीन मिश्रा, तेज बहादुर सिंह, राम बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सिसहनिया-घोपलापुर मार्ग पर घटिया सड़क निर्माण उजागर

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पचपेड़वा क्षेत्र में सिसहनिया से मोतीपुर तक बन रही सड़क में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया है। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता अशोक कुमार साहनी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जहां निर्माण कार्य में गंभीर खामियां पाई गईं। उन्होंने ठेकेदार रामजी मिश्र को जमकर फटकार लगाई और अगली बार ऐसी लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो वायरल ने प्रशाशन को हरकत में ला दिया हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि बिना उचित सफाई के सड़क पर आधे इंच की गिट्टी और तारकोल बिछाया गया है। जो परीक्षण के दौरान तुरंत उखड़ गया। सड़क की लेवलिंग और रोलिंग भी पूरी तरह उपेक्षित पाई गई। जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सहायक अभियंता अशोक साहनी ने बताया कि निर्माण में तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। उन्होंने मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए और कहा कि सड़क का कार्य दोबारा मानकों के अनुसार कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभागीय स्तर पर अब ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। घटिया निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही से सरकारी धन की बर्बादी हो रही है और आम जनता को उसका लाभ नहीं मिल रहा।

### किसानों को 25 लाख रुपये का कृषि ऋण वितरित

**रुपईडीह, गोंडा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा आर्य नगर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत एक जून से अब तक सात किसानों को 25 लाख पचास हजार रुपये का ऋण वितरित किया है। शाखा प्रबंधक अंबुज मणि त्रिपाठी ने बताया की उक्त योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच सहायक प्रबंधक राजीव कुमार द्वारा की जा रही है। जांच के बाद उन किसानों को भी ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

### आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण कर बीडीओ ने लिया जायजा


आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी। अमृत विचार

**कटरा बाजार (गोंडा)।** बुधवार को दुबहा बाजार व रायपुर स्थित जन आरोग्य मंदिर का खण्ड विकास अधिकारी रस्म लगन वर्मा ने निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा स्वच्छता एवं औषधि उपलब्धता की स्थिति का मूल्यांकन किया। उन्होंने चिकित्सा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मरीजों के हित में सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर आरोग्य मंदिर के डॉ. ओ.पी.सिंह, फार्मासिस्ट रामभजन चौबे, स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रतिभा शुक्ला सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### ट्रेन के ब्रेक चिपके, मचा हड़कंप

**सीतापुर, अमृत विचार :** आनंद विहार-अमृतसर एक्सप्रेस की ट्रेन में अचानक आई बाधा के बाद हड़कंप मच गया। अचानक ब्रेक लगने के बाद पहियों में निकली चिंगारी और फिर उससे उठी लपटों से कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। कुछ देर ट्रेन रुकने के बाद गंतव्य की ओर रवाना हो गई। हादसे का कारण ट्रेन में आई तकनीकी समस्या बताई जा रही है। आनंद विहार-अमृतसर एक्सप्रेस वाया सीतापुर से होकर जा रही थे। बताते हैं कि ट्रेन नेरी इलाके में पहुंची। इसी दौरान तकनीकी खराबी के कारण अचानक ब्रेक जाम हो गए और ट्रेन रुक गई। पहिये रुकते ही चिंगारी उठी और आग की लपट उठने लगी। पहियों से उठी लपटे देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई। कुछ क्षणों के लिए कई यात्री ट्रेन से आपाधापी के बीच कूद पड़े। ऐसे में लोकोपायलेट ने स्थितियों को संभाला और तकनीकी दिक्कतों की जानकारी उच्चाधिकारियों को प्रेषित की। कुछ देर बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो गई। थानाध्यक्ष जीआरपी सुनील कुमार ने बताया है कि ट्रेन के ब्रेक अचानक चिपक गए थे। कुछ देर बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो गई है।

## एक नजर

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया लहूलुहान

**इटियाथोक, गोंडा।** ग्राम पंचायत शिवपुरिया के मजरा अमारे भरिया निवासी नान बाबू पुत्र सोमई मौर्य ने गांव के ही सूरज पुत्र राजेश वर्मा व दिनेश पुत्र सिपाही लाल के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर दिए हुए प्रार्थना पत्र में बताया कि सहन दरवाजे पर रात करीब 8:00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज दे रहे थे। पीड़ित के मना करने पर सूरज व दिनेश दोनों लोगों ने लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। ग्रामीणों की मदद से पीड़ित की जान बची। जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडे से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### ससुराल पहुंचने पर महिला की कर दी पिटाई

**रुपईडीह, गोंडा :** छपिया के रानीजोत निवासिनी रानी सोनी का विवाह पांच साल पहले कौड़िया के शुक्ल पुरवा छिरास गांव में हुआ था। शादी के तीन साल बाद ही पति की डेंगू से मौत हो गई। पति के मौत के बाद वह अपने दो वर्षीय पुत्र गगन को लेकर मायके चली गई। मंगलवार को देर शाम जब वह अपने पिता के साथ ससुराल से अपने शैक्षिक अभिलेख लेने आयी तो ससुराल वाले लड़ाई करने पर आमादा हो गये। गाली-गलौज करते हुए मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अशोक, ऊषा देवी, राजू, संजय व अमरचंद के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है।

### अवैध कब्जा करने पर लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**रुपईडीह, गोंडा :** गांव के रास्ते की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर चबूतरा निर्माण किये जाने पर लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। कौड़िया के पूरे बदल क्षेत्र के हल्का लेखपाल विमलेश सिंह ने थाने मे तहरीर देकर अवगत कराया कि पूरे बदल के तिवारी पुरवा गांव मे रास्ते की जमीन पर गांव के ही रामचंद्र ने चबूतरा का निर्माण कर लिया है। इससे पहले भी वह पंचायत की जमीन पर कब्जा किये हुए हैं, जिसका मामला न्यायालय मे विचाराधीन है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर रामचंद्र के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है।

### घर से निकली किशोरी हुई लापता

**नवाबगंज, गोंडा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की दोपहर में करीब एक बजे गांव के निरहू चौहान ने उसकी 17 वर्षीय बेटी को फोन करके बुलाया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। आरोपी के घर जब पूंछने गया तो परिजनों ने कोई जवाब नहीं दिया और कहा जो करना है कर लीजिए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

### पांच दिनों से युवक लापता परिजन बेहाल

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के चांदपुर मुरावन पुरवा निवासी ननकु मौर्या ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पीड़ित ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनका 18 वर्षीय पुत्र सत्यम मौर्य 7 जून की सुबह घर में निकला था लेकिन अभी तक घर नहीं लौटा है। उसकी खोजबीन भी कई जगहों पर किया गया है लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है।

### पेड़ से लटक कर दी जान

**गोंडा :** बैनिया निवासी 40 वर्षीय रघुराम पुत्र हजारी लाल ने अज्ञात कारणों से खेत में लगे शीशम के पेड़ से गमछा बांधकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल देहात संजय सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

### रंजिश को लेकर युवक को पीटा, कार भी तोड़ी

**नवाबगंज, गोंडा।** दुर्गा गंज माझा निवासी दिवाकर यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की रात्रि में करीब साढ़े नौ बजे वह गांव के पवन कुमार यादव के साथ कार से फैजाबाद से वापस आ रहे थे। कि महेश पुर गांव के एक होटल के पास गांव के विशाल, सूरज यादव चार पांच अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके कार को रोक कर गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे, बीच-बचाव करने आए पवन कुमार यादव को भी मारा पीटा। और कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अपने जवाब से शीर्ष नेतृत्व को संतुष्ट न कर सके अमर किशोर

- बीते 25 मई को वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल
- पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एक महिला के साथ आलिंगन करते दिखे थे

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** संघ और भाजपा से जुड़े रहे भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पार्टी कार्यालय में एक महिला के साथ उनकी अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। इसकी शिकायत संगठन में की गई थी। इस मामले में संगठन की ओर से अमर किशोर कश्यप से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया था। दिए गए जवाब से संगठन ने असहमति जताई और पार्टी को बदनाम करने तथा उनके कृत्य को गंभीर बताते हुए उन्हें पार्टी से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के अंदर बीते 25 मई को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रात करीब दस बजे एक महिला के साथ आलिंगन करते दिखे थे। इस मामले में दो वीडियो वायरल हुआ था। सीसीटीवी वीडियो का फुटेज भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी भेजा गया। इससे पार्टी की जमकर फजीहत होने लगी। संगठन की विभिन्न मीटिंगों में अमर


अमर किशोर कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा। अमृत विचार

किशोर कश्यप के शिरकत करने पर कार्यकर्ता कतराने लगे और तरह-तरह के सवाल पूरे जिले सहित प्रदेश भर में बात फैल गई।

दूसरे दिन अमर किशोर कश्यप ने सफाई दी कि महिला पार्टी की कार्यकर्ता है वह बीमार थी उसे वह सहारा दे रहे थे। लेकिन वाहन से उतरने व अंदर आने में कहीं भी यह नहीं लग रहा था कि वह बीमार है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पार्टी के प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने अमर किशोर से जारी वीडियो के बाबत एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदेश कार्यालय मुख्यालय गोविंद नारायण शुक्ल ने बुधवार को जारी पत्र में लिखा कि 25 मई को मांगे गए स्पष्टीकरण के एवज में भेजे गए जवाब संतोषजनक नहीं हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष के कृत्य को घोर आपत्तिजनक मानते हुए पार्टी से ही निष्कासित कर दिया गया। वहीं इस मामले में वीडियो में दिख रही महिला की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ छपिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

#### वीडियो वायरल करने वाले 5 लोगों पर कार्रवाई की मांग

पार्टी से निकाले गए अमर किशोर कश्यप ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है वह ठीक है लेकिन वीडियो वायरल करने वाले भी दोषी हैं। इसमें उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर, पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा, संदीप पांडेय, राकेश तिवारी को साजिश में शामिल व वीडियो वायरल करने के लिए दोषी करार देने व पार्टी से बाहर निकालने की मांग की है।

#### मीडिया प्रभारी ने अमर किशोर के खिलाफ दी तहरीर

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा ने कोतवाली नगर में हटाए गए भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के खिलाफ कोतवाली नगर में तहरीर दी है। ओझा ने कहा कि सोशल मीडिया को दिए साक्षात्कार में अमर किशोर ने पूर्व जिलाध्यक्ष सहित उन्हें व अन्य पदाधिकारियों पर साजिश रचने का आरोप लगाया है जो भ्रामक तथ्यहीन है। इससे पदाधिकारियों को बदनाम करने की कोशिश की गई है।

### कटरा विधानसभा में कांग्रेस की जनसभा आज

**गोंडा :** संविधान बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। गुरुवार को कटरा विधानसभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के कटरा ब्लॉक अध्यक्ष पंडित कामेश्वरी प्रसाद मिश्र ने बताया कि सभा का आयोजन स्थानीय क्षेत्र के रामापुर स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि अब एक मंच पर सभी पुराने कांग्रेसी आने को तैयार है। झूठ और फरेब सरकार के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। मिश्र ने कहा कि भाजपा ने केवल ठगने का काम किया है। युवा बेरोजगार हैं। उनकी डिग्रियां व उनकी पढ़ाई की कीमत दस-पांच हजार में खरीदी जा रही है।

# चार गांवों में सिमट गई विकास की रोशनी, 65 ग्राम पंचायतें अंधेरे में

## 105.57 लाख की लागत से लगाई जानी थी लाइटें, पक्षपात व घोटाले के आरोप


खंड विकास अधिकारी कार्यालय करनैलगंज। अमृत विचार

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** विकास खंड करनैलगंज में सरकारी योजनाओं की रोशनी केवल चुनिंदा गांवों तक ही सीमित रह गई है। कुल 71 ग्राम पंचायतों में से महज चार ग्राम पंचायतों कूरी, कटरा शहबाजपुर, मलौली व धनावा को हाईमास्ट और सोलर लाइट से रोशन किया जा रहा है। बाक़ी 65 ग्राम पंचायतें अब भी विकास की बाट जोह रही हैं।

पंद्रहवें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से क्षेत्र पंचायत द्वारा कुल 105.57 लाख रुपये की लागत से हाईमास्ट और सोलर लाइटें लगाई जानी हैं, लेकिन इसमें से 84.3 लाख रुपये की राशि केवल चार गांवों पर खर्च की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है और चहेते गांवों को ही लाभ पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक ओर हाईमास्ट की कीमत करीब 7.13 लाख रुपये तय की गई है, वहीं दूसरी ओर अधिकांश पंचायतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। जिससे इस योजना पर पक्षपात और घोटाले के आरोप लग रहे हैं। गांवों के चयन को लेकर जब प्रभारी बीडीओ जेएन राव से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों का चयन प्रमुख के प्रस्ताव पर हुआ है। लेकिन जब यह पूछा गया कि केवल चार गांव ही क्यों चुने गए, इस पर उन्होंने चुप्पी साध ली। यहां तक कि इन लाइटों के बिजली बिल का भुगतान कौन करेगा, इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

**कहां कितनी लगीं लाइटें**

| ग्राम पंचायत स्थान | खर्च (लाख में) |
|---|---|
| कूरी बरगदी चौराहा | 7.13 |
| कूरी पोस्ट ऑफिस | 7.13 |
| कूरी संस्कृत पाठशाला | 7.13 |
| कूरी सरकारी नलकूप | 7.13 |
| कूरी 30 सोलर लाइट | 7.79 |
| कटरा शहबाजपुर सचिवालय | 7.13 |
| कटरा शहबाजपुर पांडेय पुरवा चौराहा | 7.13 |
| कटरा शहबाजपुर 30 सोलर लाइट | 7.79 |
| धनावा सचिवालय | 7.13 |
| धनावा | 7.79 |
| मलौली गल्ला दुकान | 7.13 |
| मलौली 15 सोलर लाइट | 3.89 |
| ब्लॉक परिसर दो हाईमास्ट | 14.26 |
| अन्य ग्राम पंचायतें 27 सोलर लाइट | 7.01 |

#### ग्राम प्रधान संगठन ने उठाए सवाल

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव एवं कचनापुर के प्रधान राकेश मोहन तिवारी ने आरोप लगाया कि ब्लॉक में 'खड़ाऊं राज' चल रहा है। उन्होंने कहा कि, सिर्फ चार ग्राम पंचायतों में ही विकास कार्य कराया जा रहा है, जबकि बाकी गांव उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। यह खुला बंदरबांट है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### 18 घंटे की बिजली आपूर्ति में 150 बार ट्रिपिंग

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बिजली विभाग का इटियाथोक क्षेत्र में 18 घंटे बिजली देने का दवा हवा हवाई साबित हो रहा है। 18 घंटा बिजली देने में विद्युत विभाग के पसीने छूट रहे हैं। 18 घंटा बिजली देने में कम से कम डेढ़ सौ बार बिजली ट्रिपिंग हो रही है जिससे बिजली के इंस्ट्रूमेंट खराब हो रहे हैं। जल जा रहे हैं।

गर्मी का मौसम है बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है। जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो विद्युत विभाग अपने ही दावों पर खरा नहीं उतरता है। इटियाथोक क्षेत्र में रोस्टिंग के हिसाब से बिजली नहीं उपलब्ध हो पा रही है। लगातार ट्रिपिंग से आम जनमानस परेशान है। एक तरफ तो गर्मी दूसरी तरफ विद्युत विभाग की ट्रिपिंग आम उपभोक्ता काफी परेशान हो चुका है। क्षेत्र में आए दिन ट्रांसफार्मर जलने, लोकल केबल प्रयोग करने से आए दिन केवल भी जल जाती है। विद्युत विभाग अपनी व्यवस्था में सुधार नहीं ला पा रहा है। इस समय आम उपभोक्ताओं को बिजली काफी रुला रही है। इस बारे में विद्युत विभाग के अवर अभियंता अजय कुमार से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

## सार-संक्षेप

### पुष्पेंद्र को मिली ब्लैक बेल्ट की उपाधि, किया सम्मानित


पुष्पेंद्र को सम्मानित करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को ताइक्वांडो महासंघ कोरिया द्वारा ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त हुई। भारत में प्रमाण पत्र आने के पश्चात गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से ब्लैक बेल्ट उपाधि प्राप्त ताइक्वांडो खिलाड़ी पुष्पेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। पुष्पेंद्र को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक ने ताइक्वांडो महासंघ कोरिया द्वारा ब्लैक बेल्ट का प्रमाण पत्र, आई कार्ड, प्रदान कर सम्मानित करते हुए खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया। गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन सचिव डॉ प्रत्यूष राज ने प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक ने गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही आप सभी अपने प्रदर्शन व कठोर मेहनत से जिले का नाम गौरवान्वित करते रहिए। गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आत्म रक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। पुष्पेंद्र के इस उपलब्धि पर उनके अभिभावक देवेंद्र प्रताप व माता पुष्पा व उप क्रीडा अधिकारी अशोक सोनकर, ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ ओ एन पाण्डेय, उमेश शाह, संजू छाबड़ा, डॉ ज्योत्सना शुक्ला, संतोष गुप्ता, विवेक मणि श्रीवास्तव, डॉ अभय श्रीवास्तव, सुमित दत्ता, डॉ स्वर्णा कुमार ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रशिक्षक संदीप चौहान, अरुण चन्द्र नागर, देवेंद्र शर्मा समेत साथी खिलाड़ियों ने बधाईयां दी।

### जीएनएम प्रवेश परीक्षा संपन्न, 50 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**संवाददाता, गोंडा, अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जी एन एम ( त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) में प्रवेश के लिए बुधवार को परीक्षा आयोजित हुई। देवीपाटन मंडल मुख्यालय के लिए आवंटित 929 परीक्षार्थियों में से 879 ने परीक्षा दी। 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के संचालन के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के प्रो जितेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष भौतिकी, असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी डॉ वंदना भारतीय, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिकी डॉ संतोष श्रीवास्तव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय लखनऊ के डॉ अमितेंद्र सिंह को गोंडा का सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था। प्रो सिंह ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी राजकीय / जी एन एम नर्सिंग विद्यालयों में प्रवेश के लिए श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज रेलवे हॉस्पिटल बलरामपुर रोड व स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज उतरौला रोड गोंडा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा दो-दो विश्वविद्यालय प्रतिनिधि नियुक्त किए गए थे। सिटी कोऑर्डिनेटर प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के पश्चात सी सी टी वी निगरानी में सिटी समन्वयकों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, केंद्र व्यवस्थापकों, एच डी एफ़ सी बैंक के प्रतिनिधियों व परीक्षार्थियों के सहयोग से परीक्षा संपन्न हुई। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय द्वारा गांधी विद्यालय रेलवे हॉस्पिटल में आवंटित परीक्षार्थियों 460 में से 432 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस केंद्र पर 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवेकानंद विद्यालय में 469 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा के लिए आवंटित किए गए थे जिनमें 447 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस केंद्र पर 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### समूहों का प्रशिक्षण आज से

**रुपईडीह, गोंडा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक में गठित संकुल स्तरीय संघ के बुक कीपर के लिए चयनित समूहों के दो सदस्यों का सात दिवसीय प्रशिक्षण कल 12 जून गुरुवार से जिला ग्राम्य प्रशिक्षण संस्थान झंझरी में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कपिल देव पांडेय ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए ग्राम पंचायत गौसिहा में गठित लक्ष्मीबाई स्वयं सहायता समूह की सदस्य रीमा तथा बिछूड़ी में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की रेनू देवी का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद सभी सदस्यों द्वारा संकुल स्तरीय गठित संगठन के समूहो की देख रेख की जाएगी।

### दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबिहा परसपुर के निबिहा गांव में बालक राम के घर के निकट लगा बिजली का ट्रांसफार्मर दो सप्ताह से खराब है। इससे उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में बिजली के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। प्रधान शिवनाथ तिवारी ने खराब पड़े ट्रांसफार्मर को शीघ्र ही ठीक कराये जाने की मांग विद्युत उपकेंद्र इटियाथोक के अवर अभियंता से की है।

### औषधि निरीक्षक पर लाइसेंस के नाम पर वसूली का आरोप


मंडलीय औषधि प्रशासन अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के पदाधिकारीयों ने बुधवार को जिलाधिकारी व औषधि अनुज्ञापन अधिकारी को 5 सूत्रीय मांग पत्र देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई है। दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद के समस्त मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की अनिवार्यता सुनिश्चित करायी जाय। समस्त होलसेल दुकानों की क्रय-विक्रय रजिस्टर की जांच करायी जाय। फार्मासिस्ट का लाइसेन्स एक सप्ताह के अन्दर बिना किसी देर व रूकावट के जारी किया जाय। वर्तमान में कार्यरत औषधि निरीक्षक के द्वारा जारी किये गये अभी तक के लाइसेन्स की जांच करायी जाय। औषधि निरीक्षक द्वारा पूरे जनपद में लाइसेन्स के नाम पर अवैध रूप से वसूली पर तत्काल रोक लगाया जाय। जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने बताया कि जो मांग ज्ञापन में किया गया है यदि उसको लेकर प्रशासन गंभीरता नहीं दिखता है तो आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कई ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु है जिसका जनहित में जांच कराया जाना आवश्यक है। महामंत्री रोहित मिश्रा ने मांग न पूरा होने पर संगठन आंदोलन करने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर चल तो रहे हैं लेकिन दवाई नाबालिग बच्चो द्वारा दी जा रही हैं। ऐसे बच्चे हैं जिनको बेसिक जानकारी भी नहीं है और वह खुलेआम दवा बांट रहे हैं इस पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर फार्मासिस्ट फेडरेशन के सह मीडिया शमशाद खा, सत्यम, आलोक तिवारी, अंशुमान मिश्र, अंकित, आलोक पांडे उपस्थित रहे।

## सीएमओ का औचक निरीक्षण अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई


बभनजोत सीएचसी का निरीक्षण करतीं सीएमओ। अमृत विचार

**गौरा चौकी (गोंडा), अमृत विचार :** जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बभनजोत सीएससी का वाचन निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिली कमियों को दुरुस्त करने का आदेश दिया और अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश भी दिया।

मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने बभनजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवा वितरण काउंटर पर पहुंचकर उपलब्ध दवाओं के बारे में जानकारी हासिल की और मरीजों को दवा वितरण के लिए निर्देश दिये। इसके बाद अस्पताल के खुलने और बंद होने की समय अवधि के बारे में जानकारी प्राप्त की। अस्पताल में गंदगी को लेकर साफ सफाई का निर्देश दिया। सीएचसी अधीक्षक डा तरुण मौर्या ने बताया कि सीएमओ के आकस्मिक निरीक्षण में 5 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिनका एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है। अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों में चिकित्सक डॉक्टर अजय कुमार, एल टी राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा, एल टी साक्षी सिंह, ए आर ओ शारदा प्रसाद वर्मा तथा एएनएम रंजना यादव का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया।

## शादी के बाद विदा हो रही बेटी को रास्ते में रोककर मारपीट

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरौर डीहा निवासी गंगा प्रसाद सिंह की बेटी की शादी तय होने के बाद जब वह 8 जून को विदा होकर ससुराल जा रही थी तभी रास्ते में चौहान पुरवा के पास परसपुर से पसका रोड पर दबंगई करते हुए शिवम सिंह पुत्र पृथ्वीराज सिंह निवासी उमराव पुरवा अपने तीन साथियों के साथ 10:30 बजे दिन में बेटी की गाड़ी को जबरन रुकवा लिया और मारपीट शुरू कर दिया। गाली-गलौज करते हुए हाकी और डंडे से गाड़ी में सवार लोग अनुप सिंह, रिंका सिंह और ड्राइवर के साथ मारपीट की जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। तथा वाहन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि पीड़ित गंगा प्रसाद सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## रिश्वत लेते दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा


सफेद टी शर्ट में आरोपी दारोगा। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** थानेपुर थाने में तैनात एक दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने 5000 रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी दारोगा को लेकर एंटी करप्शन टीम नगर कोतवाली चली आई, जहां पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इटावा कवि गांव के उपेंद्र प्रसाद का मारपीट का मुकदमा चल रहा था, जिसकी विवेचना धानेपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक अंकित यादव कर रहे थे। विवेचना के दौरान सहूलियत देने के नाम पर उपेंद्र से रिश्वत मांगी जा रही थी। रिश्वत न देने पर परेशान किया जा रहा था, जिसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई थी, एंटी करप्शन टीम ने आरोपी को धानेपुर थाना के समीप प्राइवेट रूम में 5 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि पीड़ित उपेंद्र प्रसाद की शिकायत पर उप निरीक्षक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। नगर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। गोरखपुर जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**मौसम** — बुधवार सुबह चली तेज हवा, लेकिन दोपहर होते-होते तेज धूप ने लोगों को रुलाया

# सुबह बदली, दोपहर में गर्मी से हलकान रहे लोग

संवाददाता, गोंडा



**अमृत विचार :** सुबह तेज हवा ने थोड़ी सी गर्मी से राहत जरूर दिलाई, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे गर्मी फिर प्रचंड रूप में आ गई। बुधवार की सुबह लोगों के लिए राहत भरी साबित हुई जब लोग बिस्तर से उठे तो हवा बह रही थी। कुछ देर बाद आसमान पर बादल छा गए।

मौसम खुशगवार हुआ तो लोग घर से बाहर निकाल कर घूमने लगे, लेकिन यह सुकून भरा मौसम कुछ ही देर रहा उसके बाद फिर वातावरण में बदलाव शुरू हुआ जैसे-जैसे समय बीता धूप अपने तेवर में आ गई। लोगों को चिपचिपाहट भरी गर्मी सताने लगी। दोपहर होते होते आसमान से आग बरसने लगी लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जरूरी काम होने पर ही लोग घर से निकलना मुनासिब समझ रहे थे। गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है मानसून में भी देरी हो सकती है। फिलहाल धूप और पसीने वाली गर्मी से लोग हलकान हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति का भी बुरा हाल है। बार-बार बिजली चले जाने से लोग परेशान हो गए हैं। कुछ मोहल्ले में तो लो वोल्टेज बड़ी समस्या बनता जा रहा है। फिलहाल सुबह सुहावने मौसम के साथ शुरू हुआ लेकिन दोपहर तक गर्मी में सबको रुलाना शुरू कर दिया। मजबूरी में ही लोग घर से निकल रहे हैं। गल्ला मंडी आए विजय ने बताया कि घर से निकले थे तो हल्का बादल था, हवा चल रही थी लेकिन दोपहर होते-होते आसमान से आग बरसने लगी। गर्मी के चलते परेशान हो रहे हैं। वहीं दोपहर में कचहरी पेशी पर आए रामप्रकाश ने बताया कि सुबह जब घर से निकले थे तब मौसम अच्छा था, लेकिन अब दोपहर में धूप बहुत ज्यादा है। ऐसे में बाहर निकलना काफी दिक्कत कर रहा है। उन्होंने बताया कि पसीने वाली गर्मी के चलते काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी सबको रुला रही है। अस्पताल में भी काफी भीड़ देखी जा रही है। डायरिया, पेट दर्द, उल्टी दस्त के मरीज आ रहे हैं। फिलहाल गर्मी और धूप से राहत मिलता नहीं दिखाई पड़ रहा है।

#### बिजली केबल जलने से चालीस घरों में अंधेरा

बेलसर, गोंडा। उपकेंद्र तरबगंज के आजाद नगर कस्बे में केबल जलने से चालीस घरों में अंधेरा है। आरोप है कि कई बार केबल जल चुकी है लेकिन कोई ठोस उपाय विभाग नहीं कर रहा है। आजाद नगर बाजार में चौराहे पर लगे खंभे की केबल मंगलवार देर शाम जलने से निहालपुर रोड के लगभग चालीस घरों की बिजली गुल हो गई। जो बुधवार दोपहर जोड़ी गई लेकिन आधे घंटे में दोबारा जल गई जिससे आशीष शुक्ला, श्रीनारायण तिवारी, सतगुरु गुप्ता, सुरेश सोनी, शुशील सोनी श्रीप्रकाश सिंह सहित चालीस घरों में अंधेरा हो गया गर्मी में परेशान रहे। लाइनमैन सुनील कुमार ने कहा कि जोड़ा गया है जो दोबारा जल गई है ठीक कराया जा रहा है।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीविताद्पि ॥

जो मोह - माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है,
वह अपने जीवन को नरक-तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# नए सिरे से काम की जरूरत

भारी एवं मध्यम दुर्लभ खनिजों तथा इनसे जुड़े मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। चीन से इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने पर भारतीय उद्योगों को दूसरे विकल्पों पर विचार करना होगा। ये खनिज वाहन, सोलर पैनल आदि के विनिर्माण में काफी महत्वपूर्ण हैं। साफ है कि चीन से तनातनी के बीच भी देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सार्थक प्रयास नहीं किए गए। खनन में दीर्घकालीन योजना और प्रगतिशील सुधार की जरूरत को समझते हुए अब इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध भारत में खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.4 प्रतिशत का योगदान करता है। विकास के उच्च स्तर के बावजूद भारत में खनन क्षेत्र अपनी पूर्ण संभावनाएं हासिल नहीं कर पाया है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण 12 खनिजों में से 7 खनिजों के मामले में भारत शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है। परंतु देश की खनिज संभावनाओं को खोलने के रास्ते में खोज-बीन को अभी ठीक ढंग से समझा नहीं गया है। खनिज मिशन की 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधनः 2030 के लिए लक्ष्य' रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि आने वाले वर्षों में भारत 2030 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की सहायता के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान वैश्विक प्रतिभागियों में शामिल हो जाएगा। जरूरत को देखते हुए, हम वैश्विक प्रतिभागियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने में सक्षम होंगे और साथ ही अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अधिक आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे।

ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि भारत में कई तकनीकी खनिज हैं लेकिन उनकी खोजबीन या तो की नहीं गई है या फिर संभावना से बहुत कम की गई है। इन खनिजों की भविष्य में बहुत ज्यादा मांग होने की संभावना है क्योंकि भारत की जमीन के नीचे सबसे उम्दा खनिजों की खोज-बीन की संभावना बहुत ज्यादा है। महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण की दिशा में भारत जब तक युद्ध स्तर पर आगे नहीं बढ़ेगा तब तक आयात पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। लीथियम, दुर्लभ खनिजों, ग्रेफाइट और कोबाल्ट सहित कई खनिजों के प्रसंस्करण में भारत को एकदम नए सिरे से काम करना होगा। अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होगी। इसलिए खनन क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# भारत-चीन अमेरिका भू राजनैतिक हित और नेपाल


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है।

हाल के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की पुनर्समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है, जिसमें भू राजनैतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्थिति नेपाल की है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल दो महाशक्तियों चीन और भारत के बीच एक बफर स्टेट के रूप में काम करता है। हाल के दिनों में नेपाल में बढ़ते चीनी प्रभुत्व और सक्रियता के कारण नेपाल में भारत के प्रति वैमनस्य बढ़ा है, वह चिंता का विषय है।

दक्षिण एशिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, नेपाल में चीनी हितों और उनकी नीतियों में भी बदलाव आया है। भारत चीन की विस्तारवादी नीति के दायरे में है और 1962 का युद्ध, अरुणाचल प्रदेश, डोकलाम, सिक्किम, उत्तराखंड में लगातार उसके द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप इसके उदाहरण हैं। उधर तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद से चीन को लगता है कि नेपाल के रास्ते भारत या अन्य सामरिक शक्तियां जैसे अमेरिका उसमें घुसपैठ कर सकता है। इसके लिए वह नेपाल को सुरक्षित रखना चाहता है। इसके अतिरिक्त नेपाल में बसे लगभग लगभग बीस हजार तिब्बतियों की चीन विरोधी गतिविधियों पर नज़र रखने, नेपाल के साथ भारत के पारंपरिक संबंध को कमजोर करने और नेपाल में एक चीन समर्थक राजनीतिक वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से चीन निरंतर नेपाल में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। चीन भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के समग्र प्रभाव को तिब्बत में स्थिरता के लिए चुनौती और बीजिंग की क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता पर खतरे के रूप में देखता है। तिब्बती क्षेत्र में चीन द्वारा किया जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों भारत और अमेरिका द्वारा निरंतर आलोचना की जाती रही है, यह चीन को मंजूर नहीं है। दूसरी तरफ भारत के लिए नेपाल जल, आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और व्यापारिक हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण देश है। हालांकि भारत-चीन के बीच हिमालय एक प्राकृतिक दीवार है परंतु चीन इसे लांघकर इस पार नेपाल में अपना एक आधार क्षेत्र बनाने की दिशा में अग्रसर है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ख़तरा है। चीनी प्रभाव में नेपाल में सक्रिय हो रहे भारत विरोधी गतिविधियों से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत नेपाल के संबंधों में नेपाल के अनुसार वर्ष 1975,1983 और 2015 की व्यापारिक नाकेबंदी, कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद, बड़े भाई की भूमिका में समान अवसर न देना, असमान राजनयिक समझौते हैं, जिसकारण नेपाल को लगता है कि भारत अपने महाशक्ति होने का नाजायज़ फायदा उठा रहा है और इसलिए वह इसके प्रतिरोध में चीन की ओर झुक रहा है। पहले नेपाली नदियों पर जल विद्युत परियोजनाओं में भारतीय सहभागिता प्रमुख हुआ करती थी, परंतु हालिया समय में भारत और नेपाल के बीच बढ़ते अविश्वास और उन पर चीनी कंपनियों की उपस्थिति ने स्थिति गंभीर बना दिया है।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया।

चीन की "वन बेल्ट वन रोड" परियोजना भारतीय सामरिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है और यह चीन की पहुंच भारतीय सीमा तक बनाती है। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये ख़तरा उत्पन्न हो सकता है। नेपाल के रास्ते माओवादी गतिविधियां, ड्रग्स, अवैध हथियारों की आवागमन से पहले से ही भारत परेशान रहा है। इस परियोजना के बाद नेपाल के रास्ते चीन अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में अपनी सक्रियता बढ़ा सकता है। वस्तुत नेपाल के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और व्यापार प्रवाह में चीन की बढ़ती पैठ और क्षेत्र की घरेलू राजनीति में उसकी हिस्सेदारी भारतीय चिंता का विषय है। नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को काउंटर करने तथा चीन के पास अपनी स्थलीय उपस्थिति बनाने के दृष्टिगत संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नेपाल में सक्रियता बढ़ी है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में काम करने वाली अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी ने नेपाल के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किया है जिसका उद्देश्य "सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना, बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना और नेपाल और भारत के बीच सीमा पार बिजली व्यापार को सुविधाजनक बनाना-निवेश को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद करना" है। चीन इसे नेपाल में बीआरआई के विरोध के रूप में देखता है।

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है। हाल के वर्षों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों का नेपाल दौरा बढ़ा है जिसमें भारत की मौन स्वीकृति शामिल हैं और यह "भारत प्लस वन" दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विभिन्न मोर्चों पर नेपाल की सहायता करना एवं चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत या अमेरिका नेपाल को विकास के लिए जो भी धनराशि दे रहा है वो विदेशी सहायता के रूप में है, लेकिन चीन का अधिकांश धन विदेशी कर्ज के रूप में है, इस तथ्य को नेपालियों को समझना होगा।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया। नेपाल में राजशाही के उन्मूलन के बाद, नेपाली राजनीतिक दलों ने अपने-अपने अनुसार भारत और चीन के संबंधो को निभाया है मसलन नेपाली कांग्रेस परंपरागत रुप से भारतीय सहयोग के साथ रहती है जबकि कम्युनिस्ट दल चीन के साथ। नेपाल सेना और चीन के बीच पहला संयुक्त अभ्यास, "सागरमाथा मैत्री" वर्ष 2017 में हुआ था। चीन ने अक्टूबर 2019 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली नेपाल यात्रा की। आजकल नेपाल में राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए चल रहे आंदोलन के पीछे चीनी हाथ होना स्वाभाविक है क्योंकि राजा ज्ञानेन्द्र अभी चाहते हैं कि चीनी सहायता से वह वापस सत्ता में आ जाएं और चीन भी यही चाहता है। लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका ऐसा नहीं चाहेगा।

प्रधानमंत्री बनने के पश्चात ओली ने नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पहले नई दिल्ली का दौरा करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत कर दिया। वर्ष 2017 में नेपाल के चीनी बीआरआई में शामिल होने के बाद तिब्बत से नेपाली सीमा तक रेल संपर्क बढ़ाने की चीन की कोशिश के जवाब में भारत ने सीमा पर नेपाल तक अपने रेल संपर्क बढ़ाने की योजना तैयार की है। शुरुआती चरण में चीनी सहायता नेपाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, ताकि इसके सहायता कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर इसकी आर्थिक निर्भरता कम हो सके। सितंबर 2015 के व्यापारिक नाकेबंदी के समय चीनी बंदरगाहों तक नेपाल को पहुंचने की बात की गई परंतु दस साल बाद भी नेपाल के लिए एक भी शिपमेंट चीनी बंदरगाहों से नहीं गुजरा है, लेकिन इससे नेपालियों में यह भावना जरुर उभरी कि चीन भारत के विरुद्ध उसका सहयोग करेगा। भू राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल अपनी अवस्थिति के कारण तीन महाशक्तियों अमेरिका-चीन-भारत के बीच फंस गया है। वस्तुत इनके नेपाल वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है।

## प्रसंगवश

# रक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचा भारत


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। 11 साल में रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मौजूदा सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।

इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा।

# दुनिया में पर्यावरण शरणार्थियों की बढ़ती समस्या


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है।

दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पिछले एक दशक 2015 से 2024 के दौरान आंतरिक विस्थापन के कारण पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में बढ़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अनेक बार प्राकृतिक आपदा के तीव्र और व्यापक खतरे उत्पन्न हुए। परिणामस्वरूप 210 देशों में 26.48 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन झेलना पड़ा है। जो न केवल एक रिकॉर्ड के रूप में सर्वाधिक है, बल्कि 2.65 करोड़ के दशकीय औसत से कहीं अधिक है। इस मामले में पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्र रहे। देशों के स्तर पर बीते एक दशक में चीन, फिलीपींस, भारत, बांग्लादेश और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। चीन में 4.69 और फिलीपींस में 4.61 करोड़ लोगों को अपने ही देश में विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। इसी कालखंड में भारत में बाढ़, तूफान और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते 3.23 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन का संकट उठाना पड़ा है। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपींस के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक नई रपट में यह दावा किया गया है।

रपट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम रहा है। सबसे ज्यादा तूफान के कारण 12.09 करोड़ लोगों को विस्थापन की परेशानी उठानी पड़ी है। इसी अवधि में बाढ़ के कारण 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैष्विक स्तर पर समुद्री तूफान से हुए लोगों के विस्थापन में 'अंफान' सहित अन्य चक्रवातों की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के अनुसार गरीब और निर्बल सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्हें बार-बार और लंबे समय तक पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सामाजिक असमानता और आर्थिक विसंगति के कारण इन लोगों को इन प्राकृतिक आपदाओं का भीषण संकट झेलना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को समुद्र और नदी तटीय बाढ़, सूखा और चक्रवती तूफानों के चलते भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से विस्थापन का संकट झेलना होगा। यानी पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या भविष्य में और विकराल रूप में पेश आएगी।

जलवायु विषेशज्ञों का मानना है कि इस विराट व भयानक संकट के चलते यूरोप, एशिया और अफ्रीका का एक बड़ा भूभाग इंसानों के लिए रहने लायक ही नहीं रह जाएगा। तब लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से जिस पैमाने पर विस्थापन या पलायन करना होगा, वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व होगा। इस व्यापक परिवर्तन के चलते खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। अकेले एशिया में कृषि को बहाल करने के लिए हर साल पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना होगा। बावजूद इसके दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख का अभिशाप झेलना होगा। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के हिमखंडों की बर्फ इस सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक पिघल जाएगी। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं और ये नदियां 2 अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। यदि इस सदी के अंत तक दुनिया 2.60 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक चौथाई हिस्सा ही बचेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन की मार मालदीव और प्रशांत महासागर क्षेत्र के कई द्वीपों के वजूद को पूरी तरह लील होगी। इन्हीं आशंकाओं के चलते मालदीव की सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चर्चा के लिए समुद्र की गहराई में बैठकर औद्योगिक देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा था ताकि ये देश कार्बन उत्सर्जन में जरूरी कटौती कर दुनिया को बचाने के लिए आगे आएं। इस व्यापक बदलाव का असर कृषि पर दिखाई देगा। खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। उभरते जलवायु संकट और बढ़ते पर्यावरण शरणार्थियों के चलते इतने शरणार्थियों को अनाज उत्पादन के लिए कृशि लायक भूमि उपलब्ध कराना असंभव होगा। अतएव पर्यावरण शरणार्थियों के इस संकट से निपटना तब और मुश्किल होगा, जब अमेरिका जैसे पूंजीपति देश राहत कोष घटाकर इन शरणार्थियों को भगवान भरोसे छोड़ देने का काम कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भीड़ है लेकिन आदमी अकेला


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-प्रकृति के शक्ति सिद्धान्त का न्याय, अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को निगलेगी, जंगल का राजा शेर है। जिसके पास परमाणु बम अधिक होंगे, धरती पर उसी का राज होगा। बाजारवाद का अर्थ हैः राजसत्ता और अर्थसत्ता का गठजोड़। जिसके पास पैसा है, उसी की राजसत्ता है। विश्व बाजार विश्व की सरकारों का नियमन कर रहा है। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर-आदमी उपभोक्ता है। भौतिक विकास को जीवन का परम सत्य माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है।

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-पैसा और पैसा। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है! गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं! आज हम जो कुछ अपने चारों ओर देख-सुन रहे हैं, वह तृष्णा का हाहाकार है। बाजारवाद अनेक प्रकार के मिथ्या-सिद्धांतों का प्रचार करता है, खंडित दृष्टि से मनुष्य को और जीवन को देखता है। बाजारवाद स्वच्छंद-भोग का समर्थन करता है, तृष्णा के पक्ष में तर्क देता है।

-फेसबुक वॉल से

# समुद्र पर मंडराता प्लास्टिक छर्रों का खतरा


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा।

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हो गए लाएबेरिया के जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से क्रिया से उपजने वाले संभावित प्रदूषण का खतरा सामने नहीं आया है। लेकिन जहाज में लदे कुछ कंटेनर के टूटने के बाद उसमें भरे अनगिनत प्लास्टिक की छोटी-छोटी गेंद के आकार के छर्रे जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है और यह न केवल समुद्री त्यात पर बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए बड़ा संकट बन गया है। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनर में भारी सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रे भरे जाते हैं।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर यह सफेद जहरीले कंकड़ बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमशः 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। फिलहाल तो इस प्लास्टिक कचरे को बंदरगाहों में रखा गया है हालांकि ये छर्रे विषैले तो नहीं होते, लेकिन इनसे उपजा प्रदूषण लंबे समय तक जहर से कम नहीं होता। इनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों में आवासीय पर्यावरण का प्रदूषण, इनके माइक्रो और नैनो प्लास्टिक में टूटना और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करना शामिल है। किनारे लग गए प्लास्टिक को तलाशना और उसे एकत्र करना हालांकि दूभर कार्य है लेकिन यह संभव तो है लेकिन जो प्लास्टिक कण समुद्र में ही रह गए। उनके दुष्प्रभावों से निजात का कोई तरीका ही नहीं हैं। समुद्र रातों-रात ठीक नहीं होता। विज्ञान, इतिहास और अनुभव हमें बताते हैं कि अरब सागर को फिर से सामान्य होने में कितना समय लग सकता है-और क्यों इस समय लंबी अवधि की सोच जरूरी है, न कि केवल तात्कालिक सफाई। मैंग्रोव, प्रवाल भित्तियां, और कीचड़ वाले तट जैसे तटीय पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। प्लास्टिक के कण जड़ों को ढक सकता है और ऑक्सीजन के आदान-प्रदान को रोक सकता है, जिससे पारिस्थितिकविद "पारिस्थितिक मृत" क्षेत्र कहते हैं- ऐसे क्षेत्र जहां जीवन वापस आने के लिए संघर्ष करता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल, मछलियां और कछुए प्लास्टिक के कचरे को अपना शिकार समझकर खा लेते हैं। पेट में प्लास्टिक भरे होने की वजह से वे अंदरूनी चोटों का शिकार होते हैं और उनके तैरने की क्षमता भी कम हो जाती है। प्लास्टिक एक ऐसी चीज़ है जो ख़त्म नहीं होती, प्लास्टिक का कचरा छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है जो माइक्रोप्लास्टिक कहलाता है और यह इतना महीन होता है कि हम इसे देख भी नहीं पाते। यह माइक्रोप्लास्टिक जलीय जीवों के अंदर जाता है और फिर जलीय जीवों के ज़रिए यह हमारी फूड चैन का हिस्सा भी बन जाता है। आर्ट जिस जीव के शरीर मे यह सूक्ष्म कण समय गए हैं, यदि उन्हे कोई इंसान खाएगा तो वही प्लास्टिक उसके अंगों में भी घर बना लेगी।

हाल में मुंबई के समुद्री तट, श्रीलंका को छूती हिन्द महासागर की सीमा पर प्लास्टिक नरडल्स का आतंक देखा जा चुका है और बहुत सी तकनीक इसके समुद्र में गहरे तक कुप्रभाव को रोक नहीं पाई। इस खतरे को देखते हुए केरल और तमिलनाडु सरकार ने कंटेन्ट के आसपास के इलाकों में मछली पालन पर रोक लगा दी है और यह एक बड़ा आर्थिक-सामाजिक तनाव का कारण बन रहा है। फिलहाल भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्य पालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इसमें से 77 प्रतिशत समुद्री क्षेत्र में 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा। विदित हो केरल में 2022-23 में कुल समुद्री उत्पादन 6.90 लाख टन था, जो 2023-24 में घटकर 5.8 लाख टन हो गया। इस कमी के बावजूद, केरल अभी भी समुद्री मछली पकड़ने में देश में दूसरे स्थान पर है। यह मछली प्रजनन का चरम काल है और इस समय प्लास्टिक का प्रदूषण इस पर बुरा असर डालता है। केरल के तट पर हुई इस दुर्घटना के बाद समय आ गया है कि भारत विश्व समुदाय के सामने समुद्री जहाज में इस जहरीले नरडल्स के परिवहन पर रोक और इसके विकल्प के बारे में स्वर उठाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों में जिले का हो गया कायाकल्प: डॉ.आनंद गोंड

## रेल सड़क ही नहीं ऊर्जा व अन्य विकास के मामलों में जिले को मिली नई उड़ान



मोदी सरकार की उपलब्धि बताते सांसद। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मोदी सरकार के 11 वर्ष की विकास यात्रा को लेकर सांसद डा. आनन्द गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिले को मुंहमांगी योजनाओं को देकर रेल व सड़क मार्ग को आधुनिक व दूरगामी बनाया है। ऊर्जा के क्षेत्र में जिला नई बुलंदियों पर है। तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले की जनता लाभान्वित होकर स्वरोजगार की ओर अग्रसर है।

सांसद ने विकास योजनाओं व कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कर कहा कि गोण्डा - बहराइच बड़ी रेलवे लाइन का निर्माण व विद्युतीकरण व बहराइच - श्रावस्ती - तुलसीपुर को जोड़ने के लिये 80 किमी रेल लाइन निर्माण की प्रक्रिया गतिमान है। बहराइच से जरवल रोड तक नई रेल लाइन बिछाने हेतु सर्वे शुरू हो चुका है। बहराइच से बनारस व गोरखपुर तक रेल सेवा शुरू होने से जनता को आवाजाही में सहूलियत हो रही है। उन्होंने कहा कि बहराइच - नानपारा - नेपालगंज रेल मार्ग की आमान परिवर्तन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। बहराइच - मैलानी ट्रेन रूट पर पुनः यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू कराया गया। रेल मार्ग के अलावा सड़क मार्ग को भी सुगम बनाया गया। बहराइच से बलरामपुर , लखीमपुर , रुपईडीहा , बाराबंकी हाइवे का निर्माण भी मोदी सरकार की देन है। जाम की समस्या से निपटने के लिये लखनऊ हाइवे से गोण्डा मार्ग व गोण्डा से बलरामपुर मार्ग पर बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ करायी गई है।उन्होंने कहा कि ऊर्जा , स्वास्थ्य , कृषि समेत अन्य क्षेत्रों में विकास के कार्य के साथ भारत - नेपाल के सीमाई इलाको में भी विकास योजनाओं ने गति पकड़ ली और जनता को एहसास होने लगा कि मोदी सरकार अन्य सरकारों से बेहतर है।उधर, प्रबुद्ध जनों के बीच सांसद गोंड ने विकसित भारत की संकल्पना पर चर्चा कर कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है विश्व मंच पर भारत को मजबूत बनाना है अमृत काल में भारत डिजिटल भारत की मिशाल बन रहा है। सुरक्षा ही भारत की नीव है हर नागरिक खुद को सुरक्षित समझे विकसित भारत तभी संभव है। जब हर क्षेत्र में सुधार होगा । सदर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के काम किया है नरेंद्र मोदी जी ने विकास में अपनी ऊर्जा लगा दी है पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने अपने उद बोधन में कहा कि जब व्यक्ति सफल होता है तभी वह सुरक्षित होता है ।आंतरिक स्थिति हमारी क्या थी और आज हम कहां पहुंच गए। जहां सारा भारत नाना प्रकार के आतंकवाद से जुझ रहा था उससे हमें काफी हद तक निजात मिल चुकी है। अब हम वों भारत है शत्रु देश के अंदर घुसकर मारना शुरू कर दिया है और अब घर में बैठे बैठे मार रहे हैं। पाकिस्तान की भाषा में भी परिवर्तन आ रहा है।

### एएसआई से कराया जाए दरगाह का सर्वे

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** जनपद में भाजपा सांसद के बयान के बाद फिर विवाद खड़ा हो गया है। सांसद ने दरगाह मजार की जांच एएसआई से कराए जाने की बात कही है। इस बयान के बाद जनपद में तरह तरह की चर्चायें शुरू हो गयी है। जनपद में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर मेले की अनुमति इस बार जिला प्रशासन की ओर से नही दी गयी थी। वही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बीते 20 मार्च को मिहीपुरवा तहसील के लोकार्पण के दौरान हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी को विदेशी आक्रांता बताया था और महिमा मंडन न करने की बात कही थी। वही कल 10 तारीख को सूबे के मुख्यमंत्री ने महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव के दौरान 40 फीट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण किया है और विदेशी आक्रांता का मेला न लगा कर महापुरुषों के नाम से मेला लगाने की बात कही थी। आज भाजपा सांसद डॉ.आनंद गोंड ने हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह के नीचे सूर्यकुंड ऋषि बालार्क का आश्रम बताते हुए पुरातत्व विभाग से जांच कर कर पुनरोद्धार कराये जाने की मांग की है। वही भाजपा सांसद के इस बयान के बाद दरगाह को लेकर फिर विवाद खड़ा हो गया है। पूरे जनपद में अब अलग अलग तरह की चर्चायें भी हो रही है। अगर बात की जाए तो इस बार जेठ माह में लगने वाले दरगाह में बारात नही आई थी। जायरीनो को सिर्फ जियारत के लिए दरगाह में प्रवेश दिया जा रहा था। अब देखना यह होगा कि कब पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वे शुरू किया जाता है। भाजपा सांसद डॉ.आनंद गोंड ने कहा कि सैकड़ो वर्षों से लाखों लोगों की मांग थी कि हजरत सैयद सालार मसूद गाजी की जो दरगाह है वहीं पर सूर्यकुंड है वह महर्षि बालार्क का आश्रम है। जिसको लेकर लगातार सर्वे की मांग उठ रही थी। उसी बात को आगे बढ़ाया गया है।

# दोस्त ने दोस्त पर किया चाकू से हमला, मुकदमा दर्ज

बहराइच अमृत विचार। "ये दोस्ती हम नही तोड़ेंगे" की कसम खाने वाले दोस्त ने ही अपने दोस्त पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों द्वारा बालक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां गंभीर हालत में उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक दोस्त ने अपने 12 वर्षीय दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। घायल नाबालिग बालक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। हमलावर अपने दोस्त को रामगांव क्षेत्र में राजापुर स्थित नदी के किनारे ले गया था, जहां उसने चाकू से हमला किया। घायल बालक और हमलावर दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं और अच्छे दोस्त थे। वे अक्सर साथ में खेलते थे और एक दूसरे के साथ समय बिताते थे। लेकिन आज जो हुआ, उसने दोस्ती की मिसाल को तोड़ दिया। हमलावर ने घायल बालक को अपने साथ ले जाकर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस अभी हमले के कारणों की जांच कर रही है, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। परिजनों ने बताया कि हमलावर उनके घर के पास ही रहता है और उनके बेटे का दोस्त है। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनका दोस्त ऐसा करेगा।

इस मामले में कोतवाली नगर के प्रभारी राकेश सिंह ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावर की तलाश शुरू कर दी है। बालक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत पर नजर रखे हुए है। पुलिस जल्द ही हमलावर को पकड़ लेगी।

# वाहन से टक्कर में हुआ विवाद प्रधान प्रतिनिधि को आई चोट

जरवलरोड बहराइच अमृत विचार ।दो वाहनों की टक्कर के बाद हुए विवाद मे प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान को हमलावरो ने जम कर मापीट दिया गंभीर रूप से घायल प्रधान की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। बुधवार शाम करीब 5 .30 बजे जरवलरोड के ग्राम पंचायत उपधी की महिला प्रधान शाहीन फातिमा खान के पति 45 वर्षीय अब्बास खा पुत्र हफीज खान अपने रिश्तेदार मीर गंज के प्रधान 55 वर्षीय असलम खान पुत्र हबीब के साथ जरवलरोड थाने पर आवश्यक कार्य से गए थे। अपनी निजी कार से लौटते समय लखनऊ बहराइच मार्ग कुड़वा ओवर ब्रिज करमुल्लापुर मोड़ पर सामने से आ रही होंडा सिटी कार से प्रधान की कार से टक्कर हो गई। आरोप है दूसरी गाड़ी में सवार 5 हमला वरो ने दोनो को गाड़ी से नीचे उतार बुरी तरह से मारना शुरू कर दिया इस घटना में क्रेटा गाड़ी चला रहे हैं प्रधान प्रतिनिधि अब्बास खान के सिर में गंभीर चोट आई है जबकि मीरगंज प्रधान मीरगंज असलम खान भी घायल हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्ताफ़ाबाद में भर्ती अब्बास खान ने दूरभाष पर बताया मामूली विवाद के बाद हमलावरों बिना कुछ पूछे मारना पीटना शुरू कर दिया घटना की जानकारी जब जरवल पुलिस के देने के फोन निकाला गया तो उसे भी छीन लिया गया।

## सार-संक्षेप

### 2027 चुनाव को लेकर बूथ स्तरीय हुई बैठक

**बहराइच अमृत विचार।** पयागपुर में विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के बूथ स्तरीय पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं का सम्मेलन पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के कैंप कार्यालय पर सम्पन्न हुआ ।सम्मेलन की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने की । सम्मेलन में मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी प्रोफेसर राजेश चंद्रा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया ।सपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चंद्रा ने बूथ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठनात्मक फॉर्मूले पर चर्चा की। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शब्बीर वाल्मीकि , अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष सन्त कुमार पासवान , डॉ राधेश्याम वर्मा , अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष पेशकार राव, जय हिंद पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील निषाद, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राम सुरेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक आनंद यादव वरिष्ठ समाजवादी चिंतक सूर्य कुमार, पूर्व प्रत्याशी मुकेश श्रीवास्तव और पूर्व विधायक के के ओझा और उपाध्यक्ष राम जी यादव तथा चेयरमैन बालेंद्र श्रीवास्तव, शैलेश सिंह मौर्य शैलू , आनंद यादव , विकास चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डॉ श्यामलाल राजपूत , शिव कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे। सम्मेलन में पदाधिकारियों ने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

### झाड़ फूंक के चक्कर में हुई युवती की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बहराइच अमृत विचार।** टायफायड से पीड़ित एक युवती को ससुरालीजनो ने मेडिकल कालेज में इलाज कराया। हालत में कुछ सुधार होने पर उसे परिजन डिस्चार्ज करा लाए। युवती की ननिहाल वालो ने उसे झाड़ फूंक को बुलाया। उसकी मौत होने पर जेठ ने डायल 112 पर संदिग्ध मौत की शंका जताई। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। फखरपुर थाने के निंदूर गांव निवासी राम सागर पुत्र शंभू ने लगभग पांच वर्ष पूर्व अपनी बेटी प्रीति (25) की शादी खैरीघाट थाने के बरदहा गांव निवासी राजन मिश्रा पुत्र प्रेम चंद्र से की थी। कुछ माह पूर्व प्रीति को टायफायड होने से हालत काफी बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार होने पर उसे डिस्चार्ज करा ससुराल वाले घर ले आए। वही दवा इलाज चल रहा था। युवती की ननिहाल बौंड़ी थाने के नंदवल गांव निवासी ननकऊ ने प्रीति को झाड़ फूंक के लिए बुलाया था। सोमवार रात प्रीति की मौत हो गई। जिस पर उसके जेठ ध्रुव चंद्र ने यूपी डायल 112 पर झाड़ फूंक से युवती की संदिग्ध मौत की सूचना दी। यूपी डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। इसकी सूचना थाने पर दी। जिस पर मृतका के पिता राम सागर ने थाने में सूचना तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। पुलिस ने मंगलवार को शव को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष टीएन मौर्या ने बताया कि तहकीकात में पता चला कि प्रीति को ननिहाल में दुआ ताबीज को बुलाया गया था। झाड़ फूंक से पहले ही उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट मिलने पर स्थिति स्पष्ट होगी।

### चीनी कारोबारी से नकाबपोश लुटेरों ने लूटे 10 लाख रुपये

पयागपुर बहराइच अमृत विचार ।गोण्डा बहराइच हाईवे पर बाइक सवार चीनी कारोबारी की बाइक में ओवरटेक कर लुटेरों ने लात मार गिरा कारोबारी व उसके नौकर की आंख में मिर्ची पावडर झोंका। लुटेरे दस लाख रुपये की रखा बैग लेकर फरार हो गए। जैसे ही यह सूचना पुलिस को मिली, हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही सीओ रमेश चंद्र पांडेय, एसएचओ करुणाकर पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। लुटेरों की तलाश की गई। उनकी परछाई भी नही मिल सकी है। पयागपुर थाने के भूपगंज बाजार निवासी जितेंद्र केडिया चीनी के थोक कारोबारी है। वह बुधवार शाम लगभग छह बजे बाइक से अपने नौकर अंकित के साथ श्रावस्ती जिले के गिलौला में बेची गई एक ट्रक चीनी का दाम लगभग दस लाख रुपए लेकर भूपगंज आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार तीन लुटेरों, जिनके चेहरे पर नकाब था। गोण्डा बहराइच मुख्य मार्ग झाला तरहर के पास कारोबारी की बाइक ओवरटेक करते हुए लुटेरे ने बाइक रोकने को कहा। इस पर बाइक चला रहे नौकर अंकित ने न रोक कर आगे बढ़ा। तो नकाबपोश लुटेरों ने बाइक पर जोरदार लात मारकर गिरा दिया। आंख मे लाल मिर्च पाउडर फेंक कर धन से भरा झोला छीनने लगे। लात घूंसे से मारने लगे, और रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। इसके बाद व्यापारी जोर जोर से चिल्लाने लगा तो गांव वाले दौड़े आए तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे। सरे शाम हुई लूट की वारदात से कारोबारियों में भारी आक्रोश फैल गया है। एसएचओ ने बताया कि तहकीकात की जा रही है।

### आक्रोशित नागरिकों ने की पूर्वोत्तर रेलवे के डिप्टी चीफ से मुलाकात

**बहराइच अमृत विचार।** शहर के वार्ड नं 1 नई बस्ती बख्शीपुरा के नागरिक रेलवे के उदासीन रवैये के कारण लगातार आक्रोशित चल रहे हैं आज बहराइच में गोरखपुर से रेलवे के अधिकारियों के आगमन की खबर सुनने पर मोहल्ले के नागरिकों ने उनसे मुलाकात की और रेलवे क्रासिंग 41 सी के बंद होने से हो रही समस्या से उन्हें अवगत कराया। विगत दिनों रेलवे क्रासिंग बंद होने के कारण हुई दोनों मौतों के लिए रेलवे प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए नागरिकों ने मांग की या तो रेलवे क्रासिंग 41 सी को खोल दिया जाये या वहां प्रस्तावित एल एच एस का निर्माण तत्काल करवाया जाये जिससे मोहल्ले की 25000 आबादी को एक रास्ता मिल सके । मोहल्ला वासियों ने डी आर एम को बताया रेलवे द्वारा सुझाये गये व दिये गये अन्य विकल्प इतनी बड़ी आबादी के आवागमन हेतु नाकाफी हैं इसलिए रेलवे नागरिकों के बताये सुझाव पर विचार करने को कहा है । मोहल्ले की समस्या बताते हुए दीपू सिंह ने कहा कि रेलवे ने तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाया हुआ है रेलवे ने न केवल क्रासिंग सं 41 सी बंद कर दी बल्कि मोहल्ले के नागरिकों के लिए प्लेटफार्म पर जाने का रास्ता भी बंद कर दिया अब न मोहल्लावासी सड़क पर जा पा रहे हैं न रेलवे प्लेटफॉर्म पर जाकर ट्रेन पकड़ सकते हैं। मोहल्ला निवासी रघुवीर पाठक ने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नही होती हैं तो हम मोहल्ला वासी रेलवे के खिलाफ धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। इब अवसर पर मोहल्ले के प्रतिनिधि के रूप में समाजसेवी पी के सिंह, निकुंज केडिया समेत अन्य सुधी नागरिक उपस्थित रहे ।

# दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट

**बहराइच,अमृत विचार।** जिले कोतवाली देहात के गजपतिपुर में चुनावी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई ।मारपीट में जमकर लाठी डंडे चलें। जिसे दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। गजपतिपुर के मानपुरवा निवासी अबुबकर व नफीस बीच चुनावी रंजिश चल रही थी। अबुबकर ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि गांव निवासी नफीस खान पुत्र अजीज उल्ला मंगलवार देर शाम लोहे की राड, फरसा,लाठी कुल्हाड़ी से लैश होकर अचानक घर में घुस आए और हमला कर दिया ।हमले में वर्तमान प्रधान व अधिवक्ता अबू अफसर, राहुल, छब्बू व मूनशरीफ को लेकर गंभीर चोट आई है। मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है जहां सभी का इलाज चल रहा है पीड़ित का आरोप है कि थाने पर सूचना दी गई है।

# दुल्हन पक्ष ने दूल्हे व परिजनों को पीटा, कई लोग घायल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** नानपारा थाना क्षेत्र के बड़ा भिलौरा गांव के एक युवक का विवाह कोतवाली देहात इलाके के टिकोरा गांव निवासी युवती से तय हुई थी। दूल्हे ने बताया कि द्वारचार के दौरान उसका भाई डांस कर रहा था तभी लड़की पक्ष के लोगों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। वह बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटने लगे। बचाने आए पिता को भी उन लोगों ने जमकर पीटा। वे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया कि जैसे ही वह कार में बैठा कुछ लोगों ने कार पर भी ईट पत्थर चला कर उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने सभी घायलों को शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। दूल्हे का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने सात थान सोने का सामान मांगा था। वे लोग पांच थान सोने का सामान लेकर पहुंचे थे। घटना के बाद बगैर दुल्हन के बारात लौट गई। एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। लड़के पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# शिविर में छात्रों को किया गया जागरूक

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के राजापुर कला में स्थित राजकीय हाईस्कूल में बुधवार को ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग लिया और नई-नई गतिविधियों से रूबरू कराया गया।जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) कल्लन इदरीसी व जिला संगठन आयुक्त गाइड कायमा इस्लाम ने स्काउट गाइड के विषय में जानकारी देते हुए बेसिक लाइफ सपोर्ट,सीपीआर एवं आकस्मिक उपचार के विषय में जानकारी दी। दुर्घटना हो जाने पर उपचार और संबंधित को बिना किसी संसाधन के एक स्थान से दूसरे स्थान पर कैसे ले जा सकते हैं और किसी की जीवन रक्षा कैसे की जा सकती है इसकी जानकारी भी प्रदान की गई।


छात्रों को जानकारी देते स्काउट गाइड।

शिविर में प्रतिदिन बच्चों ने वाणी वंदना,योग और व्यायाम से अपने दिन की शुरुआत की।शिविर के माध्यम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आपसी सहयोग, प्रेम और भाईचारे जैसे नैतिक मूल्यों का भी विकास हुआ।छात्रों ने इन 21 दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों ,खेलकूद, हैंड क्राफ्ट, पाक कला,रंगोली,मिट्टी कला आदि के माध्यम से अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया। शिविर में छात्रों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और कपड़े, जूट के बैग़ या कागज के थैली का प्रयोग करने की प्रतिज्ञा ली। रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर,रस्सी कूद,खो-खो,फुटबॉल,लूडो, कैरम ,शतरंज, बैडमिंटन आदि खेलो की जानकारी के साथ-साथ इसका प्रायोगिक ज्ञान भी प्राप्त किया। बड़े उत्साह और उमंग के साथ अभिभावकों की उपस्थिति में शिविर का समापन किया गया।सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया। अध्यापक सत्य प्रकाश के द्वारा उक्त ग्रीष्मकालीन शिविर को अपने निर्देशन में सम्पन्न कराया गया।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए वितरित हो रही सुगम्य वर्कशीट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **यूनिसेफ के सहयोग से विकसित किया गया है सुगम्य वर्कशीट्स**
- **दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा में बराबरी का अधिकार दे रही योगी सरकार**

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के लगभग 2.96 लाख विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों को यूनिसेफ के सहयोग से 'सुगम्य वर्कशीट्स' का विकास और वितरण करा रही है। ये वर्कशीट्स न केवल उनकी मूलभूत शैक्षिक दक्षताओं को मजबूत करेंगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या शारीरिक परिस्थिति में क्यों न हो। 'सुगम्य वर्कशीट्स' से दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा के हर स्तर पर बराबरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन वर्कशीट्स को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी और गणित विषयों पर केंद्रित किया गया है। कक्षा एक से पांच के लिए कुल 1300 वर्कशीट्स तैयार किये गये हैं तो कक्षा छह से आठ के लिए 600 वर्कशीट्स। इस तरह इनके लिए कुल 1900 वर्कशीट्स तैयार हैं। इन वर्कशीट्स को पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्रों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि वे रंगीन, आकर्षक और सरल भाषा में हों, ताकि वे रुचिपूर्वक और सहजता से सीख सकें।

**कक्षा में उपयोग की योजना**

: बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्कशीट्स की छपाई पूर्ण हो चुकी है और सभी जिलों में उनकी आपूर्ति कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर वितरण किया जा रहा है। पहले सेट के अभ्यास और शिक्षक मूल्यांकन के बाद ही अगला सेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को बच्चों से वर्कशीट्स पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को वर्कशीट्स घर ले जाने की अनुमति दी गई है, ताकि वे दोबारा अभ्यास कर सकें।

### स्पेशल एजुकेटर्स दूर करेंगे कठिनाइयां

संदीप सिंह ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर्स को विद्यालयों में भ्रमण कर न केवल वर्कशीट्स की उपलब्धता करानी है, बल्कि बच्चों को आने वाली कठिनाइयों को समझकर समाधान भी देना है। इतना ही नहीं, उनकी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा जिला समन्वयक करेंगे तथा उसी के अनुरूप फीडबैक व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

## वर्ग पहेली- 459

**बाएं से दाएं**

1.1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास–पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4.1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5.1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7.1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9.1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3.1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6.1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7.1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -458 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठु |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सू | त |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-14 .27 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 09 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढा।

**मेष** - आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको बोलते समय वचनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं।

**वृष** - आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। लेकिन आप चतुराई से अपना काम निकाल लेंगे। छात्रों को पढ़ाई में अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** - आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट पुन: प्रारम्भ हो सकते हैं। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करें।

**कर्क** - आज आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें। आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**सिंह** - आज कारोबार को लेकर आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। जोड़ों और कूल्हों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। गलतफहमी को लेकर प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

**कन्या** - आज सोशल मीडिया पर संभलकर प्रतिक्रिया दें। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं।

**तुला** - आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ तो होगा लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए।

**वृश्चिक** - आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। धार्मिक कार्यों में आप अधिक रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**धनु** - आज जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**मकर** - आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** - आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

# भंडारे से लौट रहे युवकों पर संप्रदाय विशेष के लोगों ने किया हमला

## पुलिस पर भी किया पथराव, कई घायल, पुलिस ने दर्ज किए दो मुकदमे, कई थाने की पुलिस तैनात, रात भर रूट मार्च, पीएसी ने संभाला मोर्चा

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार की रात दोस्तपुर कस्बे में उस समय अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई, जब एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे दो युवकों पर दूसरे समुदाय के युवकों ने हमला कर दिया। यही नहीं, जब पुलिस मौके पर पहुंची तो हमला कर रहे लोगों ने पुलिस पर भी ईंट-पत्थरों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। तनाव को देखते हुए रातभर कई थानों की फोर्स और पीएसी तैनात रही। मामले में पीड़ित युवक और पुलिस की तरफ से दो तहरीर दर्ज कर जांच-पड़ताल तेज की गई है।

मंगलवार रात करीब 10 बजे सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित ज्येष्ठ माह के भंडारे से लौट रहे नई बाजार निवासी आरव पांडेय पुत्र अजय पांडेय और अभिषेक पुत्र टिक्कू को विशेष समुदाय के चार युवकों यासिर, इरफान, जिगर और अलताफ ने रोका और बाइक से उतारकर आरव के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने के बाद चारों युवक उन्हें गली में घसीट कर ले गए और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। बचाव के लिए दौड़े अभिषेक को भी मारकर घायल कर दिया गया।




दोस्तपुर कस्बे में बवाल में घायल सिपाही। रूट मार्च करते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

**थाने से लौटते समय दोबारा हमला**

जब पीड़ित पक्ष के लोग हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर थाने से लौट रहे थे, तभी पहले से गोलबंद दर्जनों युवकों ने घर के पास फिर से घेरकर उन पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। दोबारा हमले से हालात और बिगड़ गए।

**प्रशासनिक तैयारियों पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों का कहना है कि ईद और बकरीद जैसे पर्वों पर प्रशासन विशेष सतर्कता का दावा करता है, लेकिन हकीकत इससे अलग नजर आई। घटना स्थल के पास ही बैंक है, जहां सामान्यतः पुलिस की मौजूदगी रहती है, फिर भी चार युवक बेखौफ होकर आरव और अभिषेक को पीटते रहे।

**दो एफआईआर दर्ज: एसओ**

थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई है। हेड कांस्टेबल राम आशीष चौरसिया की तहरीर पर 11 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरव पांडेय की ओर से यासिर, जिगर, इरफान और घिराऊ को नामजद किया गया है।

**पुलिसकर्मियों पर भी हमला, कई घायल**

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हमलावरों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। ईंट-पत्थर और लाठियों से किए गए इस हमले में हेड कांस्टेबल राम आशीष चौरसिया, कांस्टेबल मोहित कुमार, और पहले से घायल टिक्कू पांडेय, आरव व अभिषेक भी फिर से घायल हो गए। स्थिति इतनी खराब हो गई कि पुलिसकर्मियों को पीछे हटना पड़ा।

**प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने संभाला मोर्चा**

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी, क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, अधिशासी अधिकारी सचिन पांडेय, नायब तहसीलदार प्रदीप मिश्रा समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अखंडनगर, कादीपुर, लंभुआ, मोतिगरपुर, करौंदीकलां समेत कई थानों की फोर्स और पीएसी ने कस्बे में रूट मार्च किया।

**तनाव बरकरार, पुलिस जुटी निगरानी में**

फिलहाल कस्बे में पीएसी और बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती है। रातभर रूट मार्च और गश्त चलती रही। दोनों समुदायों के बीच शांति बनाए रखने के लिए अधिकारी लगातार संवाद कर रहे हैं। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की पहचान कर पूछताछ जारी है।

## एक नजर

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर थानाक्षेत्र की एक अनुसूचित जाति महिला द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल से 13 मई को सुबह सुधीर कुमार यादव निवासी बाराबंकी दो अज्ञात लोगों के साथ जबरन उसे लखनऊ ले गया, जहां तीन दिनों तक बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से मिली थी।

### गैर इरादतन हत्या के दो आरोपितों ने किया सरेंडर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थानाक्षेत्र में गैर इरादतन हत्या के मामले आरोपित कुड़वार के जगराम व मोहनलाल ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। प्रभारी सीजेएम मुक्ता त्यागी ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

### छोटे भाई ने बड़े भाई को पीटा, चार पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गौराबीबीपुर गांव में छोटे भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर बड़े भाई पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। पीड़ित अशोक कुमार अपने घर पर बैठे थे, तभी उनका छोटा भाई संजय अपने तीन साथियों बबीता, रामअनुज और प्रभाकर के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर चारों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार देर शाम चारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** होली के दिन निषाद व दलित समुदायों के बीच मारपीट में हुई दलित महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी फूलचंद पुत्र स्व. गंगाराम निवासी शाहपुर को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार था, जिसे अब पकड़ कर विधिक कार्रवाई के तहत जेल भेजा गया है।

### रसायन विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 16 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केएनआईपीएसएस में अवध विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित बीएससी छठे रेगुलर व द्वितीय तथा चतुर्थ बैक सेमेस्टर के रसायन विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षाएं 16 जून को सम्पन्न होगी। विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि इन तीनों कक्षाओं के विद्यार्थी 16 जून को प्रातः 9 बजे रसायन विज्ञान विभाग में अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करें।

# कोर्ट ने रद की पुलिस की क्लीनचिट रिपोर्ट

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम टड़रसा के बहुचर्चित हत्या के प्रयास मामले में अदालत ने पुलिस द्वारा दी गई अंतिम रिपोर्ट (क्लीन चिट) को खारिज कर दिया है और अग्रिम विवेचना के आदेश दिए हैं। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुक्ता त्यागी की अदालत ने यह आदेश वादिनी रिंकी सिंह की आपत्ति स्वीकार करते हुए पारित किया। आरोप है कि 19 फरवरी 2024 को रात लगभग 8 बजे वादिनी का भांजा रितिक सिंह जब साईं कुटी के पास पहुंचा, तभी पुरानी रंजिश को लेकर आरोपित सुरेश सिंह उर्फ बजारी सिंह ने उस पर सीने में तमंचे से गोली मार दी थी। घटना में घायल रितिक को बल्दीराय सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। वादिनी ने आरोप लगाया था कि विवेचक ने साक्ष्य के तहत सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सीडीआर जैसे महत्वपूर्ण साक्ष्य संलग्न नहीं किए और जानबूझकर गलत तथ्यों के आधार पर फाइनल रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोर्ट ने अंतिम रिपोर्ट को निरस्त करते हुए थानाध्यक्ष बल्दीराय को पुनः विवेचना करने का आदेश दिया है और 5 जुलाई को अगली पेशी निर्धारित की है।

## अदालत से

▸▸ बहुचर्चित हत्या के प्रयास मामले में दिया पुनः विवेचना का आदेश



### बीमा कंपनी को बस मरम्मत की शेष धनराशि देने का आदेश

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल और सदस्य भारत भूषण तिवारी की पीठ ने श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को निर्देश दिया है कि वह परिवादी सूर्य नारायण मेमोरियल ट्रस्ट को स्कूल बस मरम्मत की शेष धनराशि 35,101 रुपये दो माह के भीतर अदा करे।

यह मामला ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उत्पन्न हुआ, जो श्रीराम जनरल इंश्योरेंस की फुल कवर पॉलिसी के अंतर्गत बीमित थी। कंपनी ने मात्र 41,399 रुपये का भुगतान किया, जबकि मरम्मत का कुल खर्च 76,500 रुपए था। आयोग ने परिवाद स्वीकार करते हुए बीमा कंपनी को 35,101 रुपये के अतिरिक्त मानसिक कष्ट हेतु 1,000 व वाद व्यय हेतु 500 का भुगतान भी आदेशित किया।

### धोखाधड़ी के आरोपी रिटायर्ड कानूनगो की जमानत पर सुनवाई कल

धोखाधड़ी के आरोप में जेल भेजे गये रिटायर्ड कानूनगो गिरधारी लाल की जमानत अर्जी पर सुनवाई 13 जून को होगी। गौरतलब है कि अंतरिम जमानत खारिज होने के बाद जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने तीन जून को जेल भेज दिया था । नायब तहसीलदार शिवमूर्ति सिंह की पत्नी किरन सिंह ने चार अक्तूबर 2019 को तत्कालीन कानूनगो गिरधारी लाल समेत नौ लोगो पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था । आरोप है कि गिरधारी लाल ने अन्य अन्य आरोपियों के साथ मिलकर चांदपुर सैदोपट्टी में जमीन देने की बात कही थी और उसके बाद में इसके एवज में आठ लाख रुपए ले लिया था।

### मोईन अहमद हत्याकांड में कांस्टेबल का बयान दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मोईन अहमद हत्याकांड में बुधवार को अभियोजन पक्ष के गवाह एफआईआर लेखक शुभम यादव की गवाही जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में दर्ज की गई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि कोर्ट ने शेष गवाहों की पेशी के लिए 25 जून की तिथि निर्धारित की है। कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर निवासी मोईन अहमद की हत्या 6 अगस्त 2022 को भूमि विवाद के चलते कर दी गई थी। उन्हें पौधशाला मस्जिद के पास घरहा खुर्द में गोली मार दी गई थी। इस मामले में मृतक के पुत्र गुलफाम अहमद की तहरीर पर गांव के ही फैय्याज अहमद, अफरोज अहमद उर्फ मोटू, मोहम्मद शमीम उर्फ पिंटू, शेख उर्फ फिरदौस, नाटे और सिराज उर्फ गन्नू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

### एससी/एसटी एक्ट मामले में पीड़ित की गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट संध्या चौधरी की अदालत में मंगलवार को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पांडेयपुर निवासी आरोपी सत्यप्रकाश पाण्डेय, जो जयसिंहपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं अधिवक्ता हैं के वकील संतोष पांडेय ने वादी दिवाकर कोरी से जिरह की। मामले में अगली 28 जुलाई को होगी। इससे पूर्व अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विजय पाण्डेय एवं सत्य प्रकाश पाण्डेय को धारा मारपीट, अपमानित करने व हत्या की धमकी व एससी एसटी के अंतर्गत तलब किया था। वादी दिवाकर कोरी ने आरोप लगाया था कि घटना 18 मई 2020 को सुबह 10 :30 बजे की है, जब आरोपीगण ने जातिसूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर उसे मारा-पीटा और जलाकर मारने की धमकी दी।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई 25 जून तक टली

अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में बुधवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में अभियोजन के मौका लेने के कारण सुनवाई 25 जून तक के लिए टल गई। मामले में अभियोजन गवाह सीएमएस डॉ आरके मिश्रा गवाही दर्ज की जा चुकी है जिनसे बचाव पक्ष की जिरह होनी है। छह अगस्त 2023 को भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई थी, जिसमें मृतक के पिता मोहम्मद सलीम ने लोलेपुर के सिराज अहमद समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज कराया था। मामले में आरोप तय हो चुके है तथा केस अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### कोर्ट ने आरोपी की रिहाई का दिया आदेश

जामों थाना क्षेत्र के दखिनवारा में राहुल पांडेय पर जानलेवा हमला करने के आरोपी अर्पित मिश्रा को प्रभारी सेशन जज संध्या चौधरी ने जमानत दी है। बचाव पक्ष के वकील अरविन्द सिंह राजा ने जमानत अर्जी पेश कर कहा कि मामला पेशबंदी में दर्ज कराया गया। ई रिक्शा की बैटरी चोरी की बात पर बीती 13 मई को राहुल पाण्डेय की पिटाई और जानलेवा हमला करने के आरोप में अर्पित, सुभाष त्रिपाठी और अन्य पर चोटहिल के भाई शिव शंकर पाण्डेय ने केस दर्ज कराया था।

# बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश किसान सभा और उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को तिकोनिया पार्क में बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर लगाए जाने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश सचिव मंडल सदस्य कामरेड बाबूराम यादव ने कहा कि बिजली का निजीकरण उपभोक्ताओं के लिए लूट और परेशानी का कारण बनेगा। स्मार्ट मीटर के चलते उपभोक्ताओं को प्रीपेड व्यवस्था झेलनी होगी। जिलाध्यक्ष राज बहादुर यादव ने कहा कि निजी कंपनियां पीक आवर में ज्यादा दर पर बिजली बेचेंगी जिससे आम और मध्यम वर्ग दोनों प्रभावित होंगे। खेत मजदूर यूनियन के जिला मंत्री ओमप्रकाश ने आरोप लगाया कि सरकार बिजली दरें बढ़ाकर निजी कंपनियों को लाभ पहुंचा रही है। सीपीएम जिला मंत्री राधेश्याम वर्मा ने मांग की कि बिजली को नो प्रॉफिट-नो लॉस पर आमजन को उपलब्ध कराया जाए और हर क्षेत्र में स्थायी लाइनमैन की नियुक्ति हो। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, दर वृद्धि, अलग-अलग पीक आवर दर, नलकूप बिजली माफी, संविदा कर्मियों की नियमितीकरण, जर्जर तार-खंभे बदलने, फ्री बिजली व अवैध वसूली के खिलाफ कदम उठाए जाएं।



प्रदर्शन करते किसान सभा व खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

▸▸ किसान सभा व खेत मजदूर यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित 15 सूत्री मांगपत्र प्रशासन को सौंपा

### मां-बेटी पर हमला करने वाले घूम रहे खुलेआम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी सेमरी बाजार से चंद कदम की दूरी पर गीता यादव अपने मायके सेमरी में चाय की दुकान चलाकर बेटी के साथ जीवन यापन कर रही हैं। पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी बृजेश कसौधन और हरिमोहन यादव 31 मई की रात करीब 10 बजे उनके घर में घुस आए और उनकी वयस्क बेटी के साथ मिलकर उन्हें लोहे की रॉड से पीटा। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाने में तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मेडिकल भी कराया गया। परंतु 10 दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी या कार्रवाई नहीं हुई है। गीता यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस लापरवाह बनी हुई है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। विवेचना अधिकारी दरोगा दिवाकर द्विवेदी ने कहा कि जांच चल रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी अनुसार कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप



कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### विद्युत संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में बढ़ती विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला के माध्यम से जिलाधिकारी को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में सभी विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट सार्वजनिक करने, ट्रांसफार्मरों की संख्या व अपग्रेडेशन, आने वाले दो महीनों में बिजली कटौती से मुक्ति, संविदा कर्मियों की समस्याओं का समाधान और लोड मॉनिटरिंग के लिए टीम गठन जैसी मांगें की गईं। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से जनता बेहाल है। धान की बैरन डालने का समय है, लेकिन लो वोल्टेज व कटौती से किसान परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त है, लेकिन अधिकारी चुप हैं। प्रदर्शन में राजेश तिवारी, मोहित तिवारी, सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, नफीस फारुकी, पवन मिश्रा, अंबरीश पाठक, हामिद राईनी, अपरबल सिंह, निकलेश सरोज, एस .सी . मिश्रा, नंदलाल मौर्य समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बरवारीपुर में बाबा साहब आंबेडकर पर हुई विचार गोष्ठी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : बरवारीपुर गांव में मंगलवार शाम सामाजिक समरसता के अग्रदूत बाबा साहब डॉ . भीमराव आंबेडकर की विचारधारा पर केंद्रित एक विचार गोष्ठी एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भगवान दीन ने कहा कि डॉ . आंबेडकर ने समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे समरस और एकजुट भारत के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने सामाजिक विषमता के खिलाफ जन जागरण किया और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। गोष्ठी के आयोजक पूर्व ग्राम प्रधान एवं वर्तमान बीडीसी सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन सामाजिक सुधार और समानता की स्थापना को समर्पित था। इस मौके पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में अर्पण कसौधन, यशवंत, तनु, अंजली, दीक्षा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### बीए भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 16 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूगोल विषय के बीए द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा सोमवार 16 जून को होगी। विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ने बताया कि बीए द्वितीय व षष्ठ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा प्रात : 7 बजे व चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा प्रात : 10 बजे से शुरू होगी । इस सत्र में मुख्य व सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वाह्य परीक्षक लेंगे। इस हेतु सभी विद्यार्थी प्रवेश पत्र , रिकॉर्ड फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री अपने साथ लेकर आयेंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षा परिणाम बाधित होगा।

### अंकित सिंह बने सहायक निदेशक

सुलतानपुर, अमृत विचार : चांदा टटेरीपुर निवासी अंकित सिंह ने केंद्रीय जल आयोग, दिल्ली में सहायक निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण कर जिले का मान बढ़ाया। यूपीएससी की आईईएस परीक्षा में उन्होंने देशभर में पांचवीं रैंक प्राप्त की थी। अंकित ने प्रारंभिक शिक्षा चांदा व सुलतानपुर से, बीटेक नोएडा और एमटेक आईआईटी बीएचयू से किया। उनके चयन पर जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है।

### धान की खेती को लेकर किसानों की तैयारियां पूरी

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के किसानों ने इस बार धान की खेती के लिए समय से पहले व्यापक तैयारियां कर ली हैं। अभियाकला, शंकरपुर, हनुमानगंज और पखरौली सहित कई गांवों में अगेती धान की पौध लगभग तैयार हो चुकी है। करीब 25 दिन की नर्सरी अब रोपाई के लिए तैयार है, लेकिन मानसून की बारिश और नहरों में पानी की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शंकरपुर के किसान राम नारायण यादव, अभियाकलां के अनंतराम दूबे और बेलासदा के कमलनयन तिवारी जैसे अनेक किसानों ने पहले ही धान का बीज खरीदकर पौधशाला तैयार कर ली थी, लेकिन समय से मानसूनी वर्षा नहीं होने और नहरों में पानी न आने से वे सिंचाई को लेकर असमंजस में हैं। कुछ किसानों ने निजी नलकूपों के सहारे रोपाई की योजना बनाई है, लेकिन डीजल और बिजली की लागत बढ़ने से यह विकल्प भी महंगा साबित हो रहा है।

# मोदी युग में रखी गई आत्मनिर्भर भारत की नींव

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भाजपा की ओर से जिला पंचायत सभागार और क्षत्रिय सभागार में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा दयालु ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री दयालु ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव के रूप में जाने जाएंगे। इस दौरान भारत 11वें से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, 27 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले और मध्यम वर्ग के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया। उन्होंने बताया कि इन वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 और एम्स की संख्या 7 से 23 हो गई है। क्षत्रिय सभागार में आयोजित प्रबुद्ध समागम में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में हर वर्ग को अधिकार और सम्मान मिला है। भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनः स्थापित हुआ है और योजनाएं अब तुष्टिकरण से मुक्त होकर समावेशी विकास का आधार बन चुकी हैं।



प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन में दयाशंकर मिश्र दयालु का सम्मान करते पालिकाध्यक्ष।

▸▸ पूर्व मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रबुद्धजनों से मिले दयाशंकर मिश्रा दयालु

# मृत अधिवक्ता के परिजनों से मिले सपा सांसद

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जौनपुर से सपा सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा बुधवार को अखंडनगर थाना क्षेत्र के मरुई किशुनदासपुर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने गोलीकांड में मारे गए समाजवादी पार्टी के विधानसभा सचिव एवं अधिवक्ता महेंद्र मौर्य के परिजनों से भेंट की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

सांसद कुशवाहा ने मृतक के बड़े भाई सीताराम मौर्य, उनकी पत्नी और अन्य परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन इतने बड़े हत्याकांड के बावजूद पूरी तरह संवेदनहीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जाना बेहद शर्मनाक है और इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी देंगे और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान सपा के विधानसभा अध्यक्ष रणजीत यादव रंजू, सुनील कुमार यादव एडवोकेट, नंदलाल गौतम, सीताराम यादव, मेहीलाल मौर्य, रामकृपाल मौर्य, राजवंत मौर्य आदि मौजूद रहे।



पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते सांसद बाबू सिंह कुशवाहा। अमृत विचार

▸▸ पूर्व कैबिनेट मंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए जताया शोक

धर्मकर्म

अनवरत 159वें सप्ताह पर आयोजित हनुमान चालीसा और हनुमानाष्टक पाठ के बाद मकरीकुण्ड सरोवर पर हुई दिव्य महाआरती

# विजेथुआ धाम में गूंजे संकटमोचन के जयकारे, उमड़ा जनसैलाब

सूरापुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विजेथुआ महावीर धाम में मंगलवार को अनवरत 159वें सप्ताह आयोजित हनुमान चालीसा और हनुमानाष्टक पाठ के बाद मकरीकुण्ड सरोवर पर हुई दिव्य महाआरती में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। काशी की तर्ज पर दीपों की जगमगाती महाआरती देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और हर हर गंगे तथा संकटमोचन कृपा निधान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सनातन सेना के प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह बजरंग के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत युवा गायक पंकज पांडेय के भजन अंजनी के लाल, मेरा छोटा सा एक काम... से हुई। इसके बाद सत्यम सिंह ने मंगल मूर्ति मारुति नंदन और संदीप मोदनवाल ने हे दुख भंजन मारुति नंदन... जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। राहुल सिंह बजरंग ने जानकारी दी कि मकरीकुण्ड सरोवर पर प्रत्येक मंगलवार को 51 दीपों के साथ यह महाआरती अनवरत जारी रहेगी। इस मौके पर अमेठी रेंज के डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद पांडेय भी पत्नी सहित कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में भूपेन्द्र सिंह, गौरव सिंह, टिंकू मोदनवाल, उत्कर्ष मिश्रा, अमर बहादुर सिंह, प्रांशु मिश्रा, अरविंद यादव, ओमप्रकाश, पीयूष मोदनवाल आदि मौजूद रहे।



विजेथुआ धाम में महाआरती में जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

### सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या से गूंजा सीताकुंड धाम

▸▸ मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर विश्व हिंदू महासंघ का भव्य आयोजन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव की साप्ताहिक श्रृंखला के अंतर्गत विश्व हिंदू महासंघ द्वारा मंगलवार की सायंकाल सीता कुंड धाम में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंगबली के जयकारों से हुई, जिससे पूरा सीता कुंड धाम आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। दिनेशानंद महाराज जी और उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा गाए गए भजनों व वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान पूर्व जिला दिव्यांग अधिकारी डॉ . जे .पी . सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ . कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया कि यह आयोजन योगी जी की दीर्घायु की कामना एवं बड़े मंगल की महत्ता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। कार्यक्रम में वरुण मिश्रा, डी .पी . गुप्ता, आलोक आर्य, रमेश सिंह टिन्नू, प्रो . बिहारी सिंह, डॉ . आशीष दुबे , मदन सिंह, राकेश तिवारी, मनोज मिश्र, राजेंद्र शर्मा, राजेश पाठक, राकेश सिंह दद्दू, विकास शर्मा, अजय प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, प्रांजल व राज मिश्रा आदि मौजूद रहे।



बजरंग बली की आरती उतारते अतिथिगण। अमृत विचार

## एक नजर

### अधीक्षक ने टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पीएचसी खुनियांव के अधीक्षक डॉ. पुलस्त्य यादव और बीडीओ अरुण श्रीवास्तव, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अरविन्द त्रिपाठी, ब्लाक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक महेंद्र कुमार ने विकासखण्ड खुनियांव के बल्लीजोत में आयोजित स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस दौरान लगाये गये टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिया कि प्रत्येक आयोजन में निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाएँ प्रदान की जाएँ और सभी लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की जाए।

### नशीली दवाओं के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ककरहवा बॉर्डर पर मंगलवार को सशस्त्र सीमा बल एवं ककरहवा पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। संयुक्त टीम पिलर संख्या 544 के समीप तैनात थी। इसी दौरान एक बाइक रात में पनेपाल की तरफ जा रही थी। जवानों ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई उस दौरान उसके पैंट की जेब से नशीली दवाओं के 06 पत्ते कुल 48 टेबलेट बरामद हुई। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान दिलीप कुमार निवासी ग्राम तरैनी, थाना कपिलवस्तु, जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई।

### दुष्कर्म के आरोप में वांछित गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** खेसरहा पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में वांछित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष थाना खेसरहा चन्दन कुमार के नेतृत्व में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र को ग्राम बंजरहा बुजुर्ग मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

# लंबित न रहे निर्विवाद वरासत का कोई प्रकरण

## राजस्व वाद एवं वसूली के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में राजस्व वाद एवं वसूली के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्विवाद वरासत एवं राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की ।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि निर्विवाद वरासत का कोई प्रकरण लम्बित न रहे। डीएम ने समय सीमा के अन्दर ऐसे मामलों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। डीएम ने उपजिलाधिकारी उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार को प्रत्येक दिन कोर्ट में बैठकर 03 वर्ष व 05 वर्ष से अधिक के सभी वादो का निस्तारण करने का निर्देश दिया। झवरासत के प्रकरणों का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को सीमा स्तम्भ 20 जून तक स्थापित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री, आबकारी, स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, मण्डी समिति, परिवहन, विद्युत, रायल्टी, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आदि विभागों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी न्यायिक, समस्त तहसीलदार आदि मौजूद थे।


बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं को दें सूचना

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बांसी ब्लाक के पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय, सोनखर में आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी एवं आशाओं को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए। एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की। गर्भवती महिलाओं की एचआरपी चिन्हीकरण कम होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और एएनएम प्रतिमा चौधरी को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला से वार्ता कर बीएचएनडी दिवस पर दी जाने वाली जानकारी के बारे में पूछताछ की।

# पीएचसी पर मिलेंगी एक्सरे अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ज़िला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित पीएचसी में ओपीडी के साथ प्रसव की भी सुविधा होगी। यहां एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड के साथ ब्लड जांच की भी सुविधा मरीजों को मिलेगी।

सदर पीएचसी में इमरजेंसी की सुविधा के साथ प्रसव की भी सुविधा दी जाएगी। इससे गर्भवती महिलाओं को तत्काल ही इलाज मिल पाएगा। वहीं रूटीन जांच के लिए पैथोलॉजी, एक्स-रे के साथ अल्ट्रासाउंड की सुविधा रहेगी। मरीजों को ओपीडी में सभी जांच व दवाएं आसानी से मिल जाएंगी। पीएचसी में दो ही डॉक्टरों की नियुक्ति होने से अन्य डॉक्टरों को अनुबंध करके इसमें मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी।

आने वाले दिनों में मरीजों को अति गंभीर होने पर ही मेडिकल कॉलेज में जाने की जरूरत पड़ेगी। जबकि, सामान्य उपचार के लिए मरीज पीएचसी से ही सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले पाएगा। नॉर्मल प्रसव की भी सुविधा प्रसूता महिला को पीएचसी में दी जाएंगी। सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए पीएचसी में सभी सुविधाएं मुकम्मल कराई जाएंगी। इससे मरीजों को मेडिकल कॉलेज का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

# तत्काल टिकट बुक करने का नियम बदला

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** तत्काल टिकट बुक करने के लिए रेलवे ने नियम में बदलाव किया है। 01 जुलाई से आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किए गए तत्काल टिकट केवल आधार से प्रमाणित उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध होंगे।

इसके अतिरिक्त 15 जुलाई से ऑनलाइन की गई तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य हो जाएगा। विंडो टिकट के लिए बुकिंग करने वाले व्यक्ति को एक मोबाइल नंबर देना होगा जिस पर सत्यापन के लिए ओटीपी भेजा जाएगा। यह प्रावधान 15 जुलाई तक लागू किया जाएगा। गैर-आधार उपयोगकर्ताओं के लिए, तत्काल टिकट बुकिंग पीआरएस काउंटरों और अधिकृत ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से की जा सकती है।

ट्रैवल एजेंट और अधिकृत एजेंसियां आधे घंटे के बाद टिकट बुक कर सकती हैं, यानी ट्रैवल एजेंट एसी क्लास में 10.30 बजे से और नॉन एसी के लिए 11.30 बजे के बाद तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं।

यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन की तैनाती

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** एमपीटी मेडिकल कॉलेज को बुधवार से एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। मुंबई के प्रतिष्ठित लीलावती अस्पताल में कार्यरत प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ. आशुतोष शुक्ला ने मेडिकल कालेज को अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी हैं।

बुधवार को न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में अब न्यूरो सर्जरी की सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध होगी। यह सुविधा सिद्धार्थनगर और आस-पास के क्षेत्रों की जनता के लिए वरदान से कम नहीं है। अब उन्हें जटिल न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# मोदी सरकार के 11 साल गरीब कल्याण को समर्पित

कार्यक्रम

- सांसद जगदंबिका पाल ने गिनायीं उपलब्धियां

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर सांसद जगदंबिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों गिनाई। भाजपा कार्यालय पर मीडिया से बात चीत करते हुए उन्होंने 11 साल के कार्यकाल को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बताया।

इस दौरान उन्होंने 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल बताया। सांसद ने कहा इस कालखंड में प्रधानमंत्री ने देश को भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्त कराया है।

सांसद ने कहा कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी बल्कि स्वयं को खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। प्रधानमंत्री का 11 वर्ष का कार्यकाल नए भारत को एक विकसित आत्मनिर्भर स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। सांसद ने कहा प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व की सरकार की 11 साल ऐसे समय में पूरे हो रहे हैं जब दुनिया में भारत की सैन्य शक्ति की पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया के द्वारा ट्रस्टेड उसे ताकत को देखा है जो अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हम सबको देखने को मिला है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यालय पर सांसद जगदंबिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने पर आयोजित प्रदर्शनी का जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान,जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा व विधायक हरैया अजय सिंह के साथ अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा विगत 11 वर्ष में चलाई गई विभिन्न योजनाओं और उनकी प्रगति के बारे में जानकारी प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर कभी जिक्र किया गया था।



# ट्रेनों का अस्थायी रूप से मार्ग विस्तार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा गोरखपुर स्थित ओल्ड पिट लाइन संख्या-1 एवं 2 के पुनर्निर्माण के परिप्रेक्ष्य में डिस्मेंटल कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण निम्नलिखित गाड़ियों का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार निम्नवत किया जायेगा।

11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर वाया मऊ गोदान एक्सप्रेस 16 जून से 07 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.55 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुये दूसरे दिन गोरखपुर से 20.40 बजे तथा बस्ती से 21.47 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग गोण्डा स्टेशन पर 23.00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वाया मऊ गोदान एक्सप्रेस 18 जून से 07 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को विस्तारित मार्ग गोण्डा स्टेशन से 03.10 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 04.18 बजे तथा गोरखपुर से 06.40 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुये दूसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 15.30 बजे पहुंचेगी। 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर वाया ऐशबाग, गोण्डा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 16 जून से 05 दिसम्बर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 05.23 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए दूसरे दिन गोरखपुर 12.05 बजे, देवरिया सदर से 12.55 बजे, भटनी से 13.14 बजे तथा मऊ से 14.12 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग आजमगढ़ 15.15 बजे पहुंचेगी। वापसी में 20104 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वाया गोण्डा, ऐशबाग सुपरफास्ट एक्सप्रेस 17 जून से 06 दिसम्बर तक विस्तारित मार्ग आजमगढ़ से 18.50 बजे प्रस्थान कर मऊ से 19.30 बजे, भटनी से 20.58 बजे, देवरिया सदर से 21.19 बजे, गोरखपुर 22.25 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए तीसरे दिन एलटीटी 04.35 बजे पहुंचेगी। 19409 साबरमती-गोरखपुर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 19 जून से 06 दिसम्बर तक हर गुरुवार एवं शनिवार को साबरमती से 10.35 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुये दूसरे दिन गोरखपुर से 17.00 बजे, विस्तारित मार्ग पर कप्तानगंज से 18.07 बजे, पडरौना से 18.44 बजे तथा तमकुही रोड से 19.22 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग थावे 20.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 19410 गोरखपुर-साबरमती द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 21 जून से 08 दिसम्बर तक हर सोमवार एवं शनिवार को विस्तारित मार्ग थावे से 01.00 बजे प्रस्थान कर तमकुहीरोड से 01.45 बजे, पड़रौना से 02.32 बजे, कप्तानगंज से 03.32 बजे तथा गोरखपुर से 04.55 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए दूसरे दिन साबरमती 09.55 बजे पहुंचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# विभिन्न क्षेत्रों में मिले दो युवकों के शव

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बुधवार को जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो शव मिलने से सनसनी फैल गई। इन दोनों ही शवों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिसके बाद पुलिस उनकी पहचान सुनिश्चित करने और मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

पहली घटना ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तलकुंडा ग्राम पंचायत के सधुआनगर टोला में सामने आई, जहां सड़क के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। वहीं, दूसरी ओर बांसी कोतवाली हल्का क्षेत्र में राप्ती नदी में पुल के नीचे लगभग 30 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ बरामद हुआ। सूचना मिलते ही दोनों ही मामलों में सम्बंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्यवाही व पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस अब आसपास के इलाकों में लापता व्यक्तियों की सूची खंगाल रही है ताकि शवों की पहचान हो सके और आगे की जांच पड़ताल जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## सार-संक्षेप

### भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद


भंडारे में प्रसद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब पर ज्येष्ठ माह के अंतिम पांचवे मंगलवार को सुंदरकांड पाठ आयोजित कर भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के प्रतिष्ठितजन सुंदरकांड पाठ में सम्मिलित हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्री चौक स्थित गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब पर समस्त पत्रकारों द्वारा आयोजित प्रेस क्लब के पुरोहित पंडित हरेंद्र धर दुबे ने यजमान विश्वामित्र भट्ट द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर पुरोहितों ने सुंदरकांड पाठ किया। प्रेस क्लब पहुंचे विधायक, महापौर, संपादक पत्रकारों को आशीर्वाद देने के लिए अयोध्या हनुमानगढ़ी से हनुमान जी के अनन्य सेवक राजू दासजी महाराज ने आशीर्वाद दिया।

### पं. राम प्रसाद बिस्मिल की मनाई गई जयंती


पं राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती मनाते लोग। अमृत विचार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** काकोरी काण्ड के महानायक अमर शहीद पं रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश पाण्डेय तथा संचालन शोभा मणि ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने शहीद रामप्रसाद बिस्मिल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में देवेन्द्र उपाध्याय, त्रिभुवन नाथ पांडेय,गुलाब सिंह,अंगद चौहान, आशीष मणि त्रिपाठी,वंदना तिवारी,वाई के सिंह, सुबास कुशवाहा, अमीर आलम, दिग्विजय नाथ मिश्र विजय तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रामप्रसाद बिस्मिल को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद करते हुए उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सन रोज संस्थान ने लगाया प्याऊ का स्टॉल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** सन रोज संस्थान द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए प्याऊ लगाकर शीतल जल की व्यवस्था कराना यह मानवीय एवं सामाजिक दृष्टिकोण से बहुत ही उत्तम कार्य है। उक्त बातें बरगदवां रोड स्थित प्रगति रिजॉर्ट के सामने सन रोज संस्थान द्वारा जनहित कार्य के तहत गर्मी में राहगीरों के लिए किशन अग्रवाल के नेतृत्व में एशप्रा जेम्स एंड ज्वेलर्स एवं सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन के सहयोग से नि:शुल्क प्याऊ के उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जितेंद्र श्रीवास्तव ने कही। इस अवसर पर न्यूरोसर्जन डॉक्टर सौरव श्रीवास्तव ने पुनीत कार्य के लिए संस्थान को बधाई दी। सभी अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन कर राहगीरों को शीतल जल पिलाया। संस्थान चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्याऊ सहयोगी डॉ. सुरहिता करीम भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना, उपाध्यक्ष उमेश चंद, सचिव महेंद्र कश्यप, उप सचिव देश दीपक, प्रचार सचिव सुमित कुमार रावत उप प्रचार सचिव कुलदीप शर्मा, न्यूरो सर्जन डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, इरफान मुगल, किशन अग्रवाल, शिवपाल विश्वकर्मा, दीपक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डीआईजी ने किया थाना ढेबरुआ का निरीक्षण

**शोहरतगढ़. /सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के साथ बुधवार को थाना ढेबरुआ का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, बन्दीगृह, थाना परिसर आदि का निरीक्षण कर प्रतिदिन थाना परिसर, शौचालय, कार्यालय आदि की साफ-सफाई कराने, थाने के रजिस्टरों में सभी प्रविष्टियों का अंकन करने आदि हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात शासन की मंशा के अनुरूप आपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से 10 किमी के अन्दर आने वाले ग्रामीणों को सीमा सुरक्षा से जोड़ने हेतु ग्रामों में गठित ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/सचिव/सदस्यों के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों व दायित्वों का बोध कराया।

इस दौरान डीआईजी ने शोहरतगढ़ सर्किल के समस्त पुलिस अधिकारी/विवेचकों से वार्ता की। डीआईजी ने खुनुवां भारत-नेपाल बॉर्डर पर पहुंचकर पुलिस, एसएसबी, कस्टम आदि के कर्मचारियों के साथ फूट पेट्रोलिंगकी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

### लापरवाही में थानाध्यक्ष विशुनपुरा निलंबित

**कुशीनगर, अमृत विचार।** बीती रात विशुनपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक को लापरवाही के आरोप में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश जारी किया गया है।

बीती 29 मई को विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवती को गांव के ही दूसरे समुदाय का लड़का भगा ले गया। युवती की मां ने प्रभारी निरीक्षक से मिल कर लिखित शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने की चक्कर काटती रही। 6 जून को लड़की घर आ गयी। बकरीद के दिन उक्त लड़का लड़की को फिर भगा ले गया और पांच घंटे बाद लड़की को घर भेज दिया। लड़की की मां ने 8 जून को एसपी के जनता दरबार में हाजिर होकर पुरी बात बताई।

# हरिशंकरी के पौधों का करें रोपण

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में वृक्षारोपण, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित वृक्षारोपण स्थलों पर इस वर्ष अटल वन, एकलव्य वन, आक्सी वन, शौर्य वन, त्रिवेणी वन, एकता वन आदि विशिष्ट प्रकार के वन स्थापित कराए जाएं।

जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत हरियाली अभियान चलाकर राजस्व ग्रामों में हरिशंकरी (बरगद, पीपल एवम पाकड़) पौधरोपण करें जिससे कि गांवों में फिर से "चौपाल संस्कृति" लौट सकें। जिलाधिकारी वर्षाकाल 2025-26 में विभागों द्वारा कराये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु वृक्षारोपण लक्ष्य 3742760 है। इस वर्ष मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कराए। इस अवसर पर पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर बनाने तथा वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लान के अंतर्गत जल को स्वच्छ एवं रिसाइकल कर रियूज करने के दृष्टिकोण से डॉक्टर उमर की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। बैठक में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, प्रभागीय वन अधिकारी वरुण सिंह आदि थे।


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

कार्यक्रम

### पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के संरक्षा विभाग में राजभाषा प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित

# सरल हिंदी में तैयार करें पत्राचार का ड्राफ्ट

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के संरक्षा विभाग में राजभाषा प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में बुधवार को किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मेहरोत्रा ने कहा कि रेलवे के संरक्षा विभाग में हिंदी के प्रयोग-प्रसार की अहम भूमिका है, और हम इस दिशा में सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि नोटिंग एवं पत्राचार का ड्राफ्ट तैयार करने में हिंदी के सरल एवं सहज शब्दों का प्रयोग किया जाए। आम लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली भाषा का ही प्रयोग कामकाज में किया जाए। क्लिष्ट हिंदी का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं किया जाए।

हिंदी कार्यशाला में आयोजन की एक कड़ी के रूप में राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा राजभाषा नीति नियम की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में सदस्यों का स्वागत करते हुए संरक्षा विभाग के राजभाषा संपर्क अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी कार्तिकेय सिंह ने कहा कि संरक्षा विभाग में अधिकांश कार्य हिंदी में किए जा रहे हैं। हमने राजभाषा विषयक वार्षिक कार्यक्रम 2024-25 में दिए गए निर्धारित लक्ष्य का अनुपालन किया है। कार्यशाला में सिंह द्वारा राजभाषा नियमों-अधिनियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। तकनीकी संगोष्ठी में उप मुख्य संरक्षा अधिकारी कार्तिकेय सिंह, द्वारा योग का जीवन में महत्व पर जानकारी दी। संचालन मुकेश कुमार शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य संरक्षा अधिकारी/विद्युत सीबी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संरक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।


बैठक को सम्बोधित करते प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा।

# आरपीएफ ने लापता तीन किशोरियों को किया बरामद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** आरपीएफ ने लापता तीन किशोरियों को ट्रेन से भुसावल से बरामद किया।

10 जून 2025 को एक व्यक्ति द्वारा मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर के समक्ष उपस्थित होकर तीन नाबालिग किशोरियां के 08 जून से लापता होने की सूचना एवं रामकोला थाना में तहरीर देने की बात बतायी गयी। लड़कियो का मोबाईल लोकेशन प्राप्त किया गया जो गाड़ी संख्या 22537 में यात्रा कर रही थी। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, भुसावल, मध्य रेलवे से समन्वय कर गाड़ी के भुसावल स्टेशन पहुंचने पर तीनों नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कराकर शेल्टर होम जलगांव भेजा गया तथा एसपी कुशीनगर से अग्रिम कार्यवाही हेतु समन्वय भी किया गया। 10 जून को रेलवे सुरक्षा बल भटनी को लार रोड स्टेशन मास्टर केबिन के पास 01 नाबालिक लड़की उम्र करीब 15 वर्ष बैठी मिली, जिसे चाइल्ड लाइन देवरिया को सुपुर्द किया गया।

10 जून को रेलवे सुरक्षा बल आजमगढ़ द्वारा बौरहवा बाबा मंदिर के पास से एक व्यक्ति उम्र लगभग 32 वर्ष को रेलवे आरक्षित ई टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर 13 अदद रेल आरक्षित ई-टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### एलआईसी के सीईओ, एमडी पद के लिए नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने बुधवार को बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के सीईओ एवं एमडी पद के लिए आर दुरईस्वामी के नाम की अनुशंसा की। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि एलआईसी के इन पदों के लिए चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।

### यूनियन बैंक ने ऋण पर ब्याज दर में 0.50% की कटौती की

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण की ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है।

# वित्त वर्ष में 825 अरब डॉलर से अधिक होगा निर्यात


## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत विजेता के रूप में उभरा

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत ऐसे समय में लगातार विजेता के रूप में उभरा है और देश का वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात निश्चित रूप से 2025-26 में 825 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि कुछ बहुपक्षीय निकायों के अनुमान के अनुसार, वैश्विक व्यापार में संकुचन होगा। उन्होंने कहा, दुनिया गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रही है... इसलिए, यह चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतीपूर्ण समय में विजेता के रूप में उभरा है। हमने 2024-25 में रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर का निर्यात किया। इस साल हमें और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गत वित्त वर्ष के आंकड़े पार करने की संभावना संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से इसे पार करने में सक्षम होंगे। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुमान के अनुसार, देश के समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात के 2025-26 में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाहत के कारण यह अच्छी वृद्धि संभव हो सकी है।

यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी आने वाले महीनों में निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता इस साल एक अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय में किए गए एफटीए अच्छे नहीं थे और इनका असर घरेलू कंपनियों पर पड़ा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने आसियान जैसे देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के प्रतिस्पर्धी हैं। इसके अलावा वे संतुलित नहीं थे। भारत ने उन देशों के लिए और अधिक बाजार खोले.. हालांकि उसके बदले में हमें अच्छे सौदे नहीं मिले।



उद्योग मंत्री पीयूष गोयल स्वीडन में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

### राष्ट्रीय ई-कॉमर्स, खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी

बर्न। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा जिस पर चर्चा जारी है। खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा जारी है, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है।

# भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2040 तक दोगुनी से अधिक होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की अध्ययन रिपोर्ट

भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक करीब 60 प्रतिशत बढ़ेगी और 2040 तक यह दोगुनी से अधिक हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन के अनुसार, वाहनों, खाना पकाने और औद्योगिक उद्देश्यों में प्राकृतिक गैस का ईंधन के उपयोग बढ़ना इसकी मुख्य वजह होगी।

अध्ययन में कहा गया कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.7 करोड़ मानक घनमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है। इसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन या मोटर वाहन के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने और खाना पकाने के लिए पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के लिए होता है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य में मौजूदा रुझानों और प्रतिबद्धताओं के आधार पर मध्यम वृद्धि और विकास की बात कही गई है। इसी परिदृश्य के तहत 2040 तक प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 49.6 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। 'गुड-टू-बेस्ट' परिदृश्य के अंतर्गत 2030 तक खपत 36.5 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन और 2040 तक 63 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन तक बढ़ सकती है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य नरम वृद्धि की बात करता है जबकि 'गुड-टू-बेस्ट' में तेज वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है। इसमें कहा गया, भारत की ऊर्जा मांग में वृद्धि जारी रहने के आसार हैं। प्राकृतिक गैस अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में सुविधाजनक, स्वच्छ एवं सस्ता (विकल्प) है।

# एआई से गन्ना उत्पादन में 30 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना

**संभाजीनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

- महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश ने दी जानकारी

गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से पानी की जरूरत के 50 प्रतिशत तक कम होने और प्रति एकड़ उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इस क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने बुधवार को यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुणे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार की उपस्थिति में एक बैठक हुई थी, जिसमें गन्ने की खेती में एआई के उपयोग पर चर्चा की गई थी। महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश दांडेगांवकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट ने गन्ने की खेती के लिए एआई के इस्तेमाल पर लंबे समय से काम किया है और गन्ने के उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और पानी के इस्तेमाल (इसकी खेती में) को आधे तक कम करने का आश्वासन दिया है।

# भारत में बढ़ा सामाजिक सुरक्षा दायरा, 64.3 % पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने कहा है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। 2025 में यह कुल आबादी के 64.3 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत था। आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है।

इसके साथ लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। आईएलओ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में भाग लेने के लिए जिनेवा गये श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बयान में कहा, यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार है। यह 'अंत्योदय' यानी अंतिम छोड़ पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया बयान
- कहा- यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार

### भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार के उसके वर्तमान आकार से तीन गुना होकर 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार, ऐसा उद्यम प्रौद्योगिकी में बढ़ते निवेश, एक समृद्ध डिजिटल परिवेश और कुशल पेशेवरों के दम पर मुमकिन होगा। बीसीजी ने अपनी रिपोर्ट 'भारत की एआई छलांग : उभरती चुनौतियों पर बीसीजी परिप्रेक्ष्य' में कहा कि भारत में 6,00,000 से अधिक एआई पेशेवरों, 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और पिछले तीन वर्ष में 2,000 से अधिक एआई स्टार्टअप के साथ एक संपन्न एआई परिवेश है।

### सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों के लिए अनिवार्य की नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि यह यूपीआई भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी।

### एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने के लिए 13,455 नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। एसबीआई ने बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है।

इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई। इनमें से करीब 13,500 लिपिक, 3,000 परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय स्तर के अधिकारी हैं। बयान के अनुसार 2,36,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाला एसबीआई सार्थक रोजगार सृजन एवं बैंकिंग पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय

# अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## उपराज्यपाल सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की। सिन्हा ने पवित्र गुफा में प्रथम पूजा कर इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। सिन्हा ने कहा, प्रथम पूजा संपन्न हो गई।

मैं श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में यात्रा के लिए आएं। यह यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार किया है। सिन्हा ने कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरएपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है, उन्हें आना चाहिए और बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उपराज्यपाल ने बाद में 'एक्स' पर कहा, हर हर महादेव! मैंने बाबा बर्फानी को नमन किया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की, जिसके साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत हुई। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक पूरी निष्ठा, समर्पण, आपसी सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध, सुरक्षित और सुगम रहे। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर की जनता, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा से अत्यंत सराहनीय रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष सुविधाओं और सेवाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों से यह यात्रा सभी श्रद्धालुओं के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत संतोषजनक सिद्ध होगी।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है।

### कठुआ में श्रद्धालुओं के लिए 36 निवास केंद्र बनाए

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में करीब तीन दर्जन निवास केंद्र और छह रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पंजीकरण काउंटर स्थापित किये जा रहे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष 38 दिनों तक चलने वाली वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों -अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग- से शुरू होगी। कठुआ के जिला उपायुक्त राकेश मिन्हास ने बताया, हमारा लक्ष्य लखनपुर को बहु-सुविधा केन्द्र में तब्दील करना है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ एक नक्सली कमांडर समेत दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

# अवसंरचना नेटवर्क जीवन सुगमता को दे रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रधानमंत्री ने कहा- 11 साल में बुनियादी ढांचे में हुए बड़े बदलाव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए हैं और भारत का तेजी से विस्तार ले रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को गति प्रदान कर रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। 'माईजीओवीइंडिया' पर एक पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।



### पर्यटकों को आमंत्रण




श्रीनगर : पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने से अधिक समय बाद, घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर की डल झील में आयोजित शिकारा दौड़ में शिकारा वाले हिस्सा लेते हुए। एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली में बच्चों के झगड़े में व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसियों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुल्तानपुरी इलाके के झुग्गी निवासी मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। जांच से पता चला कि बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पड़ोसियों में विवाद बढ़ गया। हाथापाई के दौरान, आरोपियों में से एक ने उस पर चाकू से हमला किया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### योग दिवस को बढ़ावा देने के लिए हस्तियां आगे आईं

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नजदीक आने के साथ ही फिल्म, संगीत और सार्वजनिक सेवा से जुड़े जाने-पहचाने चेहरे इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन में योग के स्थान को मजबूती मिल रही है। पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने अपने समर्थन संदेश में कहा, योग आत्म-देखभाल और सामाजिक देखभाल का दूसरा नाम है।

### असम में 'हिंदू विरोधी' पोस्ट करने के आरोप में दो और गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में हिंदू विरोधी तत्व होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इस तरह के आरोप में अब तक 92 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील पोस्ट करने के आरोप में लखीमपुर से सबिकुल इस्लाम और भगवान कृष्ण एवं रुक्मिणी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में दुलाल बोरा को गिरफ्तार किया है।

# ईडी ने कांग्रेस सांसद व 3 विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया

**बेंगलुरु।** ईडी ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों ने बताया कि तुकाराम और तीनों विधायकों के परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी (बेल्लारी शहर), जे. एन. गणेश (कांपली) और एन. टी. श्रीनिवास (कुडलिगी) से संबंधित आवास शामिल हैं। यह तलाशी अभियान कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को फर्जी खातों में भेजने तथा फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदलकर चुनाव खर्च में इस्तेमाल के आरोपों के संबंध में सबूत जुटाने के उद्देश्य से चलाया गया।

# भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए पुरी में लाखों लोग उमड़े

**पुरी, एजेंसी**

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों श्रद्धालु बुधवार को 12वीं सदी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक खुले पंडाल में आयोजित भगवान जगन्नाथ के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए यहां एकत्र हुए।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को पारंपरिक पहंडी (शोभायात्रा) के साथ 'स्नान मंडप' (स्नान वेदी) में लाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों को (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को) स्नान मंडप पर स्नान कराया जाता है, जो ग्रांड रोड के सामने स्थित एक ऊंचा स्थान है, जहां भक्तों को स्नान अनुष्ठान देखने का अवसर मिलता है। एक अधिकारी ने बताया, सबसे पहले श्री सुदर्शन को मंदिर से बाहर लाया गया और सुबह पौने छह बजे स्नान मंडप पर ले जाया गया। इसके बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को स्नान मंडप पर ले जाया गया। पहंडी अनुष्ठान सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर संपन्न हो गया। पुरी के सांसद संबित पात्रा के साथ मुख्यमंत्री ने उत्तर द्वार से मंदिर में प्रवेश किया और सुबह की प्रार्थना तथा पारंपरिक शोभायात्रा देखी।



### कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के भाई को पार्टी से निष्कासित किया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को छह साल की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। लक्ष्मण सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं।

उन्होंने पिछले दिनों पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में उनके निष्कासन की जानकारी दी गई।

# न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर

**हैदराबाद, एजेंसी**

- कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच तेज

बीआरएस के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बुधवार को कालेश्वरम परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष पेश हुए। यह सिंचाई परियोजना पिछली बीआरएस सरकार के दौरान बनाई गई थी।

चंद्रशेखर राव पूर्वाह्न करीब 11 बजे आयोग के कार्यालय पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराने के बाद अपराह्न एक बजे वहां से चले गए। एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पी सी घोष कर रहे हैं। केसीआर की मौजूदगी के मद्देनजर बीआरएस के कई नेता और कार्यकर्ता यहां बीआरएस भवन के पास स्थित आयोग के कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। आयोग ने अपनी जांच शुरू होने के बाद से पिछले एक वर्ष में कई इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों, विशेषकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की है।

### महिला केयरटेकर ने रि. प्रोफेसर को वृद्धाश्रम भेज 6 करोड़ की संपत्ति हड़पी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 82 वर्षीय एक सेवानिवृत्त आईआईटी प्रोफेसर की सभी संपत्ति को अपने नाम करवाकर उन्हें वृद्धाश्रम भेजने के आरोप एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। महिला ने प्रोफेसर की देखभाल करने की आड़ में उनके तीन फ्लैट समेत पूरी संपत्ति अपने नाम कर ली। इन फ्लैटों सहित संपत्तियों की कुल कीमत छह करोड़ रुपये है। घटना उस समय सामने आई जब आईआईटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर का बेटा पिछले महीने पिता से मिलने मुंबई आया लेकिन उसने पाया कि उसके पिता घर पर नहीं हैं।

## एक नजर

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**साउथम्पटन :** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाये जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी।

### काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर के लिए खेलेंगे तिलक

**हैदराबाद :** हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के रहने वाले और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय तिलक ने भारत के लिए 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैच में क्रमश: 749 और 68 रन बनाए हैं। एचसीए ने एक विज्ञप्ति में कहा हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप लीग में खेलने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने संपर्क किया है।

### अभिजीत ने गरीबयान को हराकर एकल बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली :** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने उलटफेर करते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ममीकोन गरीबयान को पराजित करके दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त हासिल कर ली। इस जीत से अभिजीत के 6.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर तक शीर्ष पर चल रहे ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन और ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको के बीच शीर्ष बोर्ड पर मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे दोनों के छह अंक हो गए। इन तीनों के अलावा कई अन्य खिलाड़ियों ने भी सातवें दौर में अनुकूल परिणाम हासिल करके खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा।

### टी20 मुंबई फाइनल में मुंबई फाल्कंस का सामना मराठा से

**मुंबई :** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

# कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर रोका

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : स्टीव स्मिथ और बो वेबस्टर ने ऑस्ट्रेलिया को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया

**लाड्र्स, एजेंसी**

कगिसो रबाडा (पांच विकेट) और मार्को यानसन (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डबल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में बल्लेबाजी कर रही ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन के स्कोर पर रोक दिया। भोजनकाल के बाद स्टीव स्मिथ और बो वेबस्टर ने ऑस्ट्रेलिया पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 79 रनों की साझेदारी हुई। 42वें ओवर में एडन मारक्रम ने स्टीव स्मिथ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

स्टीव स्मिथ ने 10 चौकों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। इसके बाद एलेक्स कैरी (23) रन बनाकर केशव महाराज को शिकार बने। इसके बाद रबाडा और यानसन ने ऑस्ट्रेलिया पारी को समेटने में देर नहीं लगाई। बो वेब्स्टर ने 11 चौकों की मदद से (72) रनों की पारी खेली। उन्हें रबाडा ने आउट किया। कप्तान पैट कमिंस (एक) और मिचेल स्टार्क (एक) को रबाडा ने बोल्ड आउट किया। नेथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन बोल्ड किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को 56.4 ओवर में 212 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इससे पहले आज यहां लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (शून्य) का विकेट 12रन के स्कोर पर गवां दिया। उन्हें कगिसो रबाडा ने बेडिघम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कैमरन ग्रीन (चार) को भी रबाड़ा ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे मार्नस लाबुशेन (17) को 18वें ओवर में मार्को यानसन ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। इसके बाद ट्रैविस हेड (11) भी मार्को यानसन का शिकार बने। यानसन के आउट होते भोजनकाल की घोषणा कर दी गई। दक्षिण अफ्रीका ने भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया के 23.2 ओवर में 67 रन चार विकेट झटकर मैच में अपना दबदबा बना लिया था।



ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को आउट करने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। ● एजेंसी

# टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तिलक पहुंचे तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

- 804 रेटिंग अंक के साथ एक स्थान के फायदे में रहे तिलक वर्मा
- ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड हैं बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान से छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में चक्रवर्ती (706) और बिश्नोई (674) के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) भी शीर्ष 10 में शामिल भारतीय गेंदबाज हैं।

हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज पर इंग्लैंड की 3-0 की जीत के दौरान चार विकेट चटकाए। राशिद के 710 अंक हैं और वह शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के जैकब डफी (723) से सिर्फ 13 अंक पीछे हैं। राशिद के टीम के साथी ब्राइडन कार्स दो मैच में दो विकेट की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 52वें स्थान पर पहुंच गए। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 46 गेंद में 84 रन की तूफानी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट 48 स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर हैं। श्रृंखला में नाबाद 35 और 34 रन की पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक छठ स्थान के फायदे से संयुक्त 38वें स्थान पर हैं।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो बार 40 रन से अधिक की पारियां खेलने के बाद 14 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर हैं। अंतिम मैच में 45 गेंद में नाबार 79 रन की पारी खेलने वाले रोवमैन पावेल शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं।

# पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है।

भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।

नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था। हालांकि, पिछड़ने के बाद भारत ने शेष क्वार्टर में अपना दबदबा बनाए रखा।

## जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और गोल नहीं होने दिया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी।

# एलओसी के गठन में बीसीसीआई कर रहा देरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**महिला वनडे विश्व कप**

- मार्च में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में नहीं हो सका था फैसला
- 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने की हो चुकी घोषणा

महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है।

बीसीसीआई के एक सूत्र में पीटीआई से कहा एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें। उन्होंने कहा जहां तक टूर्नामेंट के आयोजन की बात है तो एलओसी मुख्य निकाय है जो भाग लेने वाली टीमों के लिए व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है।

कहने की जरूरत नहीं है कि इसकी भूमिका बहुत बड़ी है। भारत 2016 के बाद पहली बार किसी महिला आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। तब उसने पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला टी20 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि भारत में खेले गए 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा को लेकर काफी देरी हुई थी। एकदिवसीय महिला विश्व कप का आयोजन चार स्थानों बेंगलुरु, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और इंदौर में किया जाएगा। भारत ने इससे पहले 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

# भूटिया ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है।

भूटिया ने पीटीआई से कहा यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था। गुवाहाटी में विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान से हार सहित कई निराशाजनक परिणामों के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया था।




● एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबलों में भारत की खराब स्थिति पर भड़के भूटिया और अन्य पूर्व खिलाड़ी

मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है। भूटिया को सितंबर 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष पद के चुनाव में चौबे ने हराया था। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और मनोलो की नियुक्ति सहित अहम निर्णयों में प्रमुख फुटबॉल समितियों को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

भूटिया ने कहाकल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए। इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। ढाई साल में तीन महासचिव - पूरी संरचना, व्यवस्था को बदलना होगा।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार की जगह जैसा : कोच मनोलो

**हांगकांग :** हांगकांग के खिलाफ 0-1 की हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार के स्थल की तरह है। वह हालांकि 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। मंगलवार को भारत ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल खाया, जिससे उसे हार का समना करना पड़ा। भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। इस हार से भारत की एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। टीम के भविष्य से जुड़े सवाल पर मनोलो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम बहुत खुश नहीं हैं। हम दुखी हैं। ड्रेसिंग रूम का माहौल व्यावहारिक रूप से अंतिम संस्कार के स्थल जैसा है। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि भारत के पास क्वालीफाई करने का मौका है। क्वालीफायर के ग्रुप विजेताओं को ही सऊदी अरब में होने वाले 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी इसलिए भारत की आगे की राह आसान नहीं होने वाली। भारत के पास ग्रुप सी में दो मैच में से सिर्फ एक अंक है। मनोलो ने कहा हम अच्छे दौर में नहीं हैं। स्कोर के मामले में, हमारे लिए गोल करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह सच है कि टीम ने अन्य मुकाबलों की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से खेला। यह सच है। लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां कोई अंक नहीं ले पाए।



# पूरन न्यूयॉर्क टीम के कप्तान बने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाये हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।




निकोलस पूरन। ● एजेंसी

# और खिलाड़ी ले सकते हैं पूरन जैसा संन्यास : सैमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी का मानना है कि निकोलस पूरन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचा न क संन्यास लेना खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित रखने की बढ़ती चुनौती को रेखांकित करता है और उन्होंने चेतावनी दी कि और भी खिलाड़ी ऐसा कर सकते हैं।

पूरन ने 29 साल की उम्र में टी20 विश्व कप से ठीक आठ महीने पहले सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। यह आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ना केवल वेस्टइंडीज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल बल्लेबाज है बल्कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी भी है। सैमी ने कहा कि उन्होंने इस क्रिकेटर और उनके एजेंट के साथ पहले हुई बातचीत के बाद पूरन के बिना योजना बनाना शुरू कर दिया था। सैमी ने कहा, आदर्श रूप से ऐसी प्रतिभा को मैं टीम में रखना पसंद करूंगा।



## आस्ट्रेलिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**मेलबर्न :** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया।

आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया।

सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिये सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाये जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6 . 0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

# ब्राजील ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**साओ पाउलो, एजेंसी**

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई।

रीयाल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की। ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा । अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी । ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा । उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2 . 0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिये दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिये 24वें मिनट में पहला गोल किया । जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।



ब्राजील के मार्टिनेली (बीच में) पैराग्वे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

युद्धाभ्यास



उत्तरी अरब सागर में पैसेज अभ्यास के दौरान भारतीय नौसेना का आईएनएस तबर। यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। एजेंसी

## इंसानों से भी ज्यादा तेजी से जवाब

# एआई चैटबॉट इतना हाजिरजवाब कैसे

दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा लोग चैटजीपीटी समेत विभिन्न एआई चैटबॉट पर बातचीत करके समय बिता रहे हैं। ऐसे में इनपर मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से बातचीत होना स्वाभाविक हो गया है। इस मामले में कुछ लोगों के अनुभव सकारात्मक रहे हैं, जिनके लिए एआई एक सस्ते थैरेपिस्ट की तरह काम करता है लेकिन एआई थैरेपिस्ट नहीं है। वे होशियार और लोगों को जुड़ाव महसूस कराने वाले तो होते हैं, लेकिन वे मनुष्यों की तरह नहीं सोच पाते। चैटजीपीटी और अन्य जनरेटिव एआई मॉडलों ने इंटरनेट पर मौजूद कंटेंट को पढ़कर-समझकर बातचीत करना सीखा है। जब कोई व्यक्ति एक प्रश्न (जिसे प्रॉम्प्ट कहा जाता है) पूछता है, जैसे- मैं तनावपूर्ण कामकाजी बैठक के दौरान कैसे शांत रह सकता हूं, तो एआई अपने आप शब्दों का चयन करके प्रतिक्रिया तैयार करता है। वह अपने प्रशिक्षण के दौरान इन शब्दों से परिचित होता है। यह सब इतनी तेजी से होता है, साथ ही जवाब इतने प्रासंगिक होते हैं कि ऐसा लगता है जैसे आप किसी व्यक्ति से बात कर रहे हों।



### ये चाटुकार भी है...

एआई सिस्टम दोस्तों की तरह हैं जो आपकी कही बातों की पुष्टि करते हैं। इसे हां में हां मिलाना भी कह सकते हैं, ऐसे में यह एक समस्या है जिसे चाटुकारिता के रूप में जाना जाता है। एआई सिस्टम बातचीत को उन विषयों की ओर मोड़ते हैं जिन पर आप पहले ही चर्चा कर चुके हैं।

### भ्रमित भी होता है

एआई की स्मृति में पुरानी जानकारियां भी हो सकती हैं। यही कारण है कि एआई मॉडल भ्रम की स्थिति में आ जाते हैं और विवरण गलत हो जाते हैं।

### ऐसे जुटाता है जानकारियां

**पुराना ज्ञान** एआई भाषा मॉडल विकसित करने के लिए, डेवलपर्स मॉडल को प्रशिक्षण नामक प्रक्रिया के दौरान सूचना हासिल करना सिखाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह जानकारी कहां से आती है। मोटे तौर पर कहें तो, ये इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोई भी जानकारी जुटाते हैं। इसमें अकादमिक पेपर, ई-बुक, रिपोर्ट, समाचार लेख, ब्लॉग, यूट्यूब ट्रांसक्रिप्ट या रेडिट जैसे कंटेंट प्लेटफॉर्म से मिली जानकारियां हो सकती हैं। इस बीच यह सवाल भी उठता है कि क्या ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं। इसका जवाब है कि कभी-कभी ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं।

**बाहरी स्रोत** एआई डेवलपर्स चैटबॉट को बाहरी उपकरणों या ज्ञान स्रोतों से जोड़ सकते हैं, जैसे कुछ खोजने के लिए गूगल या क्यूरेटेड डेटाबेस। जब आप माइक्रोसॉफ्ट के बिंग कोपायलट से कोई प्रश्न पूछते हैं और उत्तर में क्रमांकित संदर्भ देखते हैं, तो यह बताता है कि एआई ने अपनी मेमोरी में संग्रहीत जानकारी के अतिरिक्त बाहरी उपकरण के जरिए जानकारी प्राप्त की है। इस बीच, कुछ विशेष मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट की थेरेपी गाइड और कंटेंट तक पहुंच होती है, जो बातचीत में मददगार साबित होते हैं।

**पहले से उपलब्ध जानकारी** एआई प्लेटफॉर्म के पास उस जानकारी तक भी पहुंच होती है जो आपने पहले उससे हुई बातचीत के दौरान प्लेटफॉर्म पर साइन अप करते समय दी थी। उदाहरण के लिए, जब आप साथी एआई प्लेटफॉर्म रेप्लिका के लिए पंजीकरण करते हैं, तो यह आपका नाम, उपनाम, आयु, लिंग, आईपी एड्रेस और लोकेशन, आप किस प्रकार का उपकरण उपयोग कर रहे हैं, और बहुत कुछ।

## एक नजर

### महिला की हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से मृत्युदंड

**एटमोर (अलबामा)।** अमेरिका के अलबामा में एक महिला को पीट-पीट कर मार डालने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मंगलवार शाम नाइट्रोजन गैस के जरिए मृत्युदंड दिया गया। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा का छठा मामला है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेगरी हंट नामक व्यक्ति को शाम छह बजकर 26 मिनट पर साउथ अलबामा की जेल में मृत घोषित कर दिया गया। ग्रेगरी हंट को कैरेन लेन नामक 32 वर्षीय महिला की हत्या के लिए मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। कैरेन लेन की दो अगस्त 1988 को हत्या कर दी गई थी। वह वॉकर काउंटी में कॉर्डोवा अपार्टमेंट में एक अन्य महिला के साथ रहती थी।

### ताइवान में आया 5.9 तीव्रता का भूकंप

**ताइपे।** ताइवान में मंगलवार शाम 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केन्द्र हुआलिएन शहर से लगभग 71 किलोमीटर दक्षिण में 31.1 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। द्वीप के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पश्चिमी भाग की तुलना में हुआलिएन की आबादी अपेक्षाकृत कम है। राजधानी ताइपे में इमारतें करीब एक मिनट तक हिलती रहीं। हालांकि, भूकंप में किसी बड़ी क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

### द. कोरिया ने रोका सीमा पर लाउडस्पीकर प्रसारण

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के साथ तनाव कम करने की दिशा में कदम उठाते हुए सीमा पर लाउडस्पीकर के जरिए उत्तर कोरिया विरोधी दुष्प्रचार के प्रसारण पर रोक लगा दी है। उत्तर कोरिया ने मनोवैज्ञानिक युद्ध अभियान के तहत दक्षिण कोरिया की ओर अपशिष्ट से भरे गुब्बारे उड़ाए थे, जिसके बाद दक्षिण कोरिया ने पिछले साल जून में प्रसारण फिर शुरू कर दिया था। इससे पहले एक साल तक इस प्रसारण पर रोक लगी रही थी।

### मिकी गवर्नर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीतीं

**न्यूजर्सी।** अमेरिकी सांसद मिकी शेरिल ने न्यूजर्सी में गवर्नर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की है। इस दौड़ में उनके पांच अनुभवी प्रतिद्वंद्वी भी शामिल थे, लेकिन नौसेना में पूर्व पायलट और पूर्व संघीय अभियोजक होने की उनकी पृष्ठभूमि ने उन्हें बढ़त दिलाई। शेरिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुखर आलोचक रही हैं। शेरिल ने अपने पांच प्रतिद्वंद्वियों को हराया, जिनमें एक संसद साथी, राज्य के दो सबसे बड़े शहरों के मेयर, राज्य के एक पूर्व शीर्ष नेता और प्रभावशाली शिक्षक संघ के प्रमुख शामिल हैं।

# पूरे अमेरिका में प्रदर्शन की तैयारी लॉस एंजिलिस में लगाया कर्फ्यू

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने ट्रंप पर लगाया लोकतंत्र की जड़ पर चोट का आरोप

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- आव्रजन छापों के खिलाफ सिएटल, ऑस्टिन, शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी जीवनशैली के लिए खतरा बताते हुए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने लॉस एंजिलिस में संघीय सैन्य हस्तक्षेप को देश के लोकतंत्र के मूल में स्थित राजनीतिक और सांस्कृतिक मानदंडों को उलटने के व्यापक प्रयास की शुरुआत बताया। उधर, आव्रजन छापों के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों का दायरा अब पूरे अमेरिका में फैल रहा है। इस सप्ताहांत और प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इस बीच लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

सिएटल और ऑस्टिन से लेकर शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। वे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ बैनर लिए हुए थे। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों और संघीय कार्यालयों के बाहर यातायात को बाधित किया। कई प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कुछ जगह प्रदर्शनकारियों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झड़पें हुईं, क्योंकि अधिकारियों ने गिरफ्तारियां कीं और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया।

कार्यकर्ता आने वाले दिनों में और भी बड़े प्रदर्शनों की योजना बना रहे हैं। शनिवार को देश भर में 'नो किंग्स' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यह उस दिन किए जाएंगे जब वाशिंगटन में ट्रंप की सैन्य परेड प्रस्तावित है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह विरोध प्रदर्शनों के बावजूद आव्रजन संबंधी छापेमारी और निर्वासन का अपना कार्यक्रम जारी रखेगा। आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आईसीई कानून को लागू करना जारी रखेगी। इस बीच लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बास ने मंगलवार को शहर के मुख्य क्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू लगा दिया जिसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया।



लॉस एंजिलिस में एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार करते कानून प्रवर्तन अधिकारी।

### ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने का विकल्प खुला रखा

ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने की संभावना को खुला छोड़ दिया है, जो राष्ट्रपति को विद्रोह या घरेलू हिंसा को दबाने या कुछ स्थितियों में कानून लागू करने के लिए अमेरिका के अंदर सैन्य बलों को तैनात करने का अधिकार देता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, अगर कोई विद्रोह होता है तो मैं निश्चित रूप से इस कानून को लागू करूंगा। बाद में राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ पर दिए गए भाषण में प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन कहा।

ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ जमा हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस दौरान 'नेशनल गार्ड' भी तैनात रहे लेकिन वे लोगों को गिरफ्तार करने में शामिल नहीं हुए। कुछ घंटों बाद, बहुत से प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए, हालांकि छिटपुट झड़पें जारी रहीं जो पिछली रातों की तुलना में बहुत कम थीं। बास ने कहा कि उन्होंने स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी है और कर्फ्यू मंगलवार रात आठ बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक लागू रहेगा।

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के समक्ष उठाया भारतीय छात्र से बदसलूकी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय युवक को हथकड़ी पहनाए जाने और उसके साथ कथित तौर पर अपराधी जैसा व्यवहार किए जाने की घटना को अमेरिका के समक्ष उठाया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पता लगाया है कि हरियाणा निवासी युवक ने बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था और उसे एक अदालत के आदेश के अनुसार वापस भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया।



- अधिकारियों ने कहा, बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका गया था छात्र

सामने आए एक वीडियो में नेवार्क हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय युवक को हाथ पीछे बांधकर जमीन पर पेट के बल लिटाते हुए देखा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास मामले की जानकारी जुटाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नेवार्क में प्रवेश करते समय युवक का व्यवहार यात्रा के लिए अनुकूल नहीं पाए जाने पर उसे रोका गया और एक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया।

जैसे ही वह यात्रा के लिहाज से दुरुस्त पाया जाता है उसे भारत निर्वासित किया जाएगा। सूत्रों ने पहले कहा था, अभी तक इस घटना या उन परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं मिला है, जिसके तहत उसे रोका गया।

### अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। इसके साथ ही उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। पेरोनिज्म विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज पिछले दो दशकों में अर्जेंटीना की राजनीति की सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में रही हैं। अदालत के इस निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। फर्नांडीज ने 2007 में अपने पति नेस्टर किर्चनर के बाद देश की बागडोर संभाली और आठ वर्षों तक राष्ट्रपति रहीं।

## यहूदी केंद्र पर हमले की साजिश का आरोपी पाकिस्तानी कनाडा से अमेरिका प्रत्यर्पित

**न्यूयॉर्क।** कनाडा में रहने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक को न्यूयॉर्क सिटी में एक यहूदी केंद्र पर आईएसआईएस के उकसावे में गोलीबारी की साजिश रचने के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है।

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के एक साल पूरे होने के आसपास इस हमले को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। न्याय विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 20 वर्षीय मुहम्मद शाहजेब खान को 'सदर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क' में दायर अभियोग के संबंध में मंगलवार को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने कहा कि खान ने न्यूयॉर्क में यहूदी समुदाय पर हमला करने के इरादे से अमेरिका में प्रवेश की कोशिश की, सात अक्टूबर 2024 को आईएसआईएस के कहने पर सामूहिक गोलीबारी की साजिश रची।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने भारत के लिए मजबूत समर्थन जताया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि पिछले सप्ताह भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से मुलाकात की। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि लैंडौ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत को अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक संपर्क प्रयासों के तहत प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका का दौरा किया।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। ब्रूस ने कहा कि बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान विदेश विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हुकर भी शामिल थीं। हुकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की समाप्ति के लिए अमेरिका के समर्थन को दोहराया।

### यूरोपीय संसद की अध्यक्ष से मिले जयशंकर

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला से मुलाकात की और यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति पर जोर देने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर यूरोपीय संसद के नेताओं से भी मिले और भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों के लिए उनके समर्थन का स्वागत किया। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट की, आज सुबह ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेटसोला के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। भारत-यूरोपीय संघ संसदीय संबंधों को और मजबूत बनाने, लोकतंत्र एवं बहुलवाद के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## केरल तट पर डूबे लाइबेरियाई जहाज के खिलाफ प्राथमिकी

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने पिछले महीने तट के पास डूबे लाइबेरियाई जहाज एमएससी एल्सा 3 के मालिक, मास्टर और चालक दल के खिलाफ लापरवाही से नौवहन करने का बुधवार को मामला दर्ज किया।

पुलिस ने जहाज को लापरवाही से चलाना, सार्वजनिक मार्ग या नौवहन में बाधा या खतरा पैदा करना, जहरीले, ज्वलनशील और विस्फोटकों के संबंध में लापरवाही के आरोप में फोर्ट कोच्चि कोस्टल थाने में प्राथमिकी दर्ज की। इसमें कहा गया है कि मालिकों, मास्टर और चालक दल ने खतरनाक सामग्री ले जा रहे जहाज को लापरवाही से संभाला, जिसके कारण 24 मई को अलपुझा जिले के पास समुद्र में यह डूब गया।

# यूक्रेन के खारकीव समेत कई इलाकों में रूस के ड्रोन हमले में 3 लोगों की मौत, 64 घायल

**कीव, एजेंसी**

- जेलेंस्की ने रूस पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने का किया आह्वान

रूस ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात यूक्रेन में व्यापक पैमाने पर ड्रोन हमले किए जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 64 अन्य लोग घायल हो गए।

खारकीव के महापौर इगोर तेरेखोव ने बताया कि रूसी हमले से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में एक उत्तर-पूर्वी यूक्रेन स्थित उनका शहर है। उन्होंने बताया कि शहर के दो आवासीय जिलों पर रूस ने 17 ड्रोन हमले किए। तोरेखोव के मुताबिक आपातकालीन दल, नगरपालिका कर्मचारी और स्वयंसेवक रात भर आग बुझाने, जलते घरों से लोगों को बचाने तथा गैस, बिजली-पानी की सेवाएं बहाल करने के लिए काम करते रहे।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, वे असैन्य इलाके हैं, जिन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए था। स्थानीय प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनिहुबोव के अनुसार तीन मौतों की पुष्टि हुई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान में रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के अपने आह्वान को दोहराया। कहा, अब हर नया दिन रूस के नए घिनौने हमले लेकर आता है और हर हमला अपनी कहानी बयां कर रहा है। हमें डरना नहीं चाहिए या नए फैसलों को टालना नहीं चाहिए जो रूस के लिए और मुश्किल खड़ी करे। इसके बिना, वे वास्तविक कूटनीति में शामिल नहीं होंगे।

### अमेरिकी प्रशासन यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने सांसदों से कहा, यह आगामी रक्षा बजट में कटौती है। यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है। हमारा मानना है कि कई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुये बातचीत के माध्यम से एक शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हित में भी होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को 66 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी है।

# शुल्क पर अनुकूल फैसला ट्रंप ने कहा- ये बड़ी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को दी थी चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्यापक शुल्क नीति पर संघीय अपीलीय अदालत द्वारा दिए गए अनुकूल फैसले की सराहना करते हुए इसे देश की एक 'बड़ी' जीत करार दिया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि मंगलवार रात अदालत के फैसले से सरकार को उसके व्यापक आयात शुल्क को वसूलने की अनुमति मिल गई, जबकि उनके द्वारा हस्ताक्षरित व्यापार नीति को चुनौती देने वाली अपील लंबित है। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। राष्ट्रपति ने लिखा, अमेरिका के लिए बड़ी और अहम जीत।

संघीय अपीलीय अदालत का यह फैसला 28 मई को एक अन्य संघीय अदालत के शुल्क रद्द करने के बाद दिए गए इसी तरह के निर्णय का विस्तार है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने अधिकारों का अतिक्रमण किया है। अपीलीय अदालत ने कहा था कि ट्रंप द्वारा लागू शुल्क को चुनौती देने से असाधारण महत्व के मुद्दे उठते हैं और वह तेजी से सुनवाई के लिए 31 जुलाई को दलीलें सुनेगा। यह मामला 10 प्रतिशत शुल्क से संबंधित है जिसे रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने अप्रैल में लगभग हर दूसरे देश पर यह लगाया था।

## पाकिस्तान छोड़ें अफगान नागरिक और अवैध विदेशी

**पेशावर।** पाकिस्तान ने बुधवार को अफगान नागरिकों और सभी अवैध विदेशियों को स्वेच्छा से देश छोड़ने को कहा और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की।

गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया, अपने देश लौटने वालों से सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उनके भोजन और स्वास्थ्य की जरूरतों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए व्यवस्था की गई है। इस साल की शुरुआत में, गृह मंत्रालय ने सभी अवैध विदेशियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च से पहले पाकिस्तान छोड़ने के लिए कहा था और चेतावनी दी कि अन्यथा उन्हें एक अप्रैल से निर्वासित किया जाएगा।

**संबोधन** ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वन तक संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर बीआर गवई का वक्तव्य

# स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को लंदन (ब्रिटेन) स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और इस बात को स्पष्ट करने के लिए अपना स्वयं का उदाहरण दिया। लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है जहां लोग विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हैं।



- हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को बताता है कि वे अपने लिए बोल सकते हैं, समाज और सत्ता के हर क्षेत्र में उनका समान स्थान है।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''आज ऑक्सफोर्ड यूनियन में, मैं आपके सामने यह कहने के लिए खड़ा हूं: भारत के सबसे कमजोर नागरिकों के लिए, संविधान केवल एक कानूनी चार्टर या राजनीतिक ढांचा नहीं है। यह एक भावना है, एक जीवन रेखा है, स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नगरपालिका के स्कूल से लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद तक मेरी अपनी यात्रा में, यह एक मार्गदर्शक शक्ति रही है।'' डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विरासत का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव के अपने अनुभव को न्याय की वैश्विक समझ में बदल दिया।

### सम्मान बहाली के लिए हस्तक्षेप का साहस करता है संविधान

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो यह दिखावा नहीं करता कि सभी समान हैं, बल्कि सत्ता को पुन:संतुलित करने और सम्मान बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने का साहस भी करता है। न्यायमूर्ति गवई ने नगरपालिका के एक स्कूल से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक अपनी यात्रा का उल्लेख किया। संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ आंबेडकर की भूमिका पर भी रोशनी डाली। कहा, संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की क्रूर सच्चाइयों से नजर नहीं हटाता। इस बात का दिखावा नहीं करता कि गहरी असमानता से ग्रसित देश में सभी समान हैं। इसके बजाय, यह हस्तक्षेप करने, पटकथा को फिर से लिखने, सत्ता को पुन:संतुलित करने और गरिमा बहाल करने का साहस करता है।